सुप्रभात
रांची, शनिवार
13.04.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 269

12 कांग्रेस गारंटी की नकल कर रही है भाजपा : खड़गे

## न्यूज डायरी

### गैंगरेप से आहत हो कर नाबालिग ने की खुदकुशी

**साहिबगंज।** बरहेट में एक नाबालिग ने गले में फंदा लगा कर खुदकुशी कर ली। परिजनों का आरोप है कि गैंगरेप से आहत होकर उसने ये कदम उठाया है। पुलिस ने परिजनों की लिखित शिकायत पर छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों ने अकबर अंसारी पर प्रेम जाल में फांसकर नाबालिग पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

### सद्दाम हुसैन से चार दिन और पूछताछ करेगी ईडी

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाला मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने का मास्टर माइंड सद्दाम हुसैन से इडी चार दिन और पूछताछ करेगी। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन ने आरोपी की और चार दिनों की पुलिस रिमांड अवधि बढ़ा दी है। सद्दाम हुसैन को इडी ने पहली बार सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद बरियातू रोड स्थित चेशायर होम में एक एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में उसे रिमांड पर लिया। तब से वह जेल में है।

### गुमला का विशुनपुर धमाकों से दहला

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नरमा गांव में शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे एक के बाद एक हुए लगातार तीन धमाके से पूरा गांव दहल उठा। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक तीन विस्फोट हुआ ,जिससे पूरा क्षेत्र धुआं के गुब्बार से ढंक गया। ग्रामीण दहशत और डर के मारे घरों में दुबक गये।

### 16 को पूर्णिया में पीएम मोदी की चुनावी सभा

**पटना।** पीएम मोदी 16 अप्रैल को बिहार में पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यहां से एनडीए के संतोष कुशवाहा, राजद से बीमा देवी और निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव मैदान में है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 88000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख

सुनो पार्टी के नाम पर चंदा तो दे दिया है, पर जीतने के बाद ईद के चांद बन कर मत रह जाना।




चुनावी रणनीति पर झारखंड, बंगाल ओड़िशा की बैठक में बनी सहमति

# सीमा पर पुख्ता पहरा वाहनों पर कड़ी नजर



### सूचना तंत्र मजबूत करने आपसी समन्वय पर जोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर, रांची।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को ले कर शुक्रवार को झारखंड, पश्चिम बंगाल व ओड़िशा के अफसरों ने संयुक्त बैठक की। बैठक में बॉर्डर पर पुख्ता सुरक्षा एवं वाहनों पर कड़ी नजर रखने पर जोर दिया गया।

बैठक में चुनाव के दौरान बेहतर विधि व्यवस्था कैसे सुनिश्चित हो तथा आपसी समन्वय को लेकर विमर्श किया गया। चुनाव के दौरान अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला सीमा पर सुरक्षा और निगरानी, कानून व्यवस्था बनाये रखने, असामाजिक तत्वों एवं अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम के उपाय व राज्य के सीमावर्ती थानों में व्हाट्सएप ग्रुप एवं वायरलेस के माध्यम से सूचना का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की गयी। राज्यों से लगनेवाली सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था, नगद, शराब, ड्रग्स या अन्य कोई उपहार के अवैध परिवहन पर रहेगी कड़ी निगरानी।

(शेष पेज 11 पर)

### आपसी संवाद पर भी जोर

बैठक में अंतरराज्यीय एवं अंतर्जिला सीमा पर कानून व्यवस्था बनाये रखने, असामाजिक तत्वों एवं अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए उपायों पर चर्चा की गयी। ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्य के सीमावर्ती थानों में व्हाट्सएप ग्रूप एवं वायरलेस के माध्यम से सतत संचार कर सूचना का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की गयी। निगरानी व सुरक्षा को लेकर प्रबंध के बारे में बात रखते हुए विस्तार से जानकारियां साझा की गयी। जिस पर सभी जिलों के डीसी, एसएसपी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधियों ने आवश्यक कार्रवाई हेतु सहमति जताते हुए अपनी-अपनी बात रखी। चेकपोस्ट पर विशेष निगरानी रखने की बात कही गयी। निर्वाचन कार्य में समन्वय, आपसी तालमेल को और बेहतर करने र जोर दिया गया। समन्वय और सहयोग की भावना हैं इसी से ही बेहतर परिणाम मिलेगा। कोल्हान के आयुक्त ने आपसी समन्वय एवं सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया।

21 की न्याय उलगुलान महारैली का कल्पना ने जारी किया एजेंडा

# तानाशाही, चंदाचोरों के खिलाफ बजेगा बिगुल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 21 की न्याय उलगुलान महारैली तानाशाही, चंदा चोरों, इलेक्टोरल बॉंड महालूट, जल, जंगल, जमीन लुटेरों , आदिवासी-दलित विरोधियों, देश की संपति बेचनेवालों के खिलाफ बिगुल फूंका जायेगा। इस महारैली की कमान पूर्व सीएम हेमंत सोरे की पत्नी कल्पना सोरेन ने संभाली है। रांची के प्रभात तारा मैदान में होनेवाली महारैली को को ले कर उन्होंने शुक्रवार को एजेंड़ा जारी किया। एजेंडे में कहा गया है कि केंद्र सरकार की पिछड़ा, अल्पसंख्यक, युवा, किसान, मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ उलगुलान होगा। बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ भी केंद्र सरकार के विरोध में बिगुल फूंका जायेगा। महैरैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मलि लाकार्जुन खडगे, तेजस्वी ययादव, उद्धव ठाकरे, मान और दीपांकर का आना तय हो गया है। उन्होंने तमाम बड़े नेताओं को आने का न्यौता भेजा है।



**चलो रांची- झारखंड झुकेगा नहीं :** शुक्रवार को कल्पना सोरेन ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर न्याय उलगुलान महारैली को लेकर एजेंडा जारी कर दिया है। जारी एजेंडे में वहीं कल्पना सोरेन ने एक्स पर लिखा है कि पूरा देश कह रहा है उलगुलान उलगुलान! उलगुलान! अपनी आवाज बुलंद करने को, उलगुलान शुरू करने को, रांची चलो -झारखंड झुकेगा नहीं! इंडिया रूकेगा का नहीं नारा दिया है।

(शेष पेज 11 पर)






# माननीयों पर मुकदमे की रिपोर्ट सीबीआइ 16 तक दे: हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य के सांसदों और विधायकों पर चल रहे मुकदमों की स्थिति पर सीबीआइ से रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई से 16 तक जवाब देने को कहा है। अदालत ने पूछा विधायक और सांसद से जुड़े मामलो की सुनवाई में देर क्यों हो रही है। अदालत ने यह भी बताने का निर्देश दिया कि राज्य के एमपी-एमएलए के खिलाफ चल रहे मुकदमों की स्थिति क्या है। ट्रायल में देर क्यों हो रही है। अब तक राज्य के कितने एमएलए और एमपी के विरुद्ध ट्रायल पूरा हो चुका है। कितनों के विरुद्ध ट्रायल बचा हुआ है। दरअसल कुछ वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाईकोर्ट को राजनेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए दिशा निर्देश दिये थे। सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के आलोक में झारखंड हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जिसे जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई की जा रही है। लोकसभा चुनाव के बीच आपराधिक मामले फेस कर रहे झारखंड के सांसदों और विधायकों के लिए हाईकोर्ट से परेशान करने वाली खबर है।

## एनआइए ने बेंगलुरु धमाके के दो आतंकियों को बंगाल से दबोचा

**कोलकाता(एजेंसी)।** एनआइए ने बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के दो संदिग्ध आतंकियों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। दोनो कई दिनों से राज्य में छिपे हुए थे। इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी मुजम्मिल शरीफ को घटना के 27 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन अन्य दो आरोपियों का पता नहीं चल सका था। एक पर 20 लाख और दूसरे पर एनआएए ने दस लाख का ईनाम ईनाम रखा गया था।एनआइए के अनुसार आरोपियों की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन ताहा के रुप में की गयी है। शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली का निवासी मुसाविर हुसैन शाजिब इसका मास्टरमाइंड था। बयान में कहा कहा गया है कि मुसाविर हुसैन शाजिब वह आरोपी है जिसने कैफे में आइआइडी रखा था और अब्दुल मथीन ताहा विस्फोट की योजना बनाने, उसे अंजाम देने और उसके बाद कानून के चंगुल से बचने का मास्टरमाइंड है। एनआइए ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल पुलिस की मदद से दोनों को दबोचा।

## एसआइटी ने हथियार समेत चार नक्सलियों को दबोचा

**गुमला।** जिला पुलिस ने टीएसपीसी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार बंदूक व गोली बरामद की गयी है। पिछले दिनों इन्होंने गुमला की उत्तरी कोयल नदी पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट की थी। पर्चा छोड़कर 25 लाख रुपए लेवी की मांग की थी। पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और टीम का गठन कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम केश्वर लोहरा, हीरा उरांव नैका उरांव उर्फ छोटू व लखीराम उरांव बताये जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ 776 करोड़ का शराब घोटाला मामला

# आइएएस अरुणपत त्रिपाठी बिहार से गिरफ्तार

**एजेंसी**

**पटना।** छत्तीसगढ़ में हुए 776 करोड़ के घोटाले के मामले में गोपालगंज की पुलिस ने पूर्व आइएएस और छत्तीसगढ़ अबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव अरुण पति त्रिपाठी को शुक्रवार को गिरफ्तार फिर कर लिया। जनवरी माह से ही मोबाइल बंद कर फरार चल रहे थे। छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले प्रकाश पति त्रिपाठी के पुत्र अरुण पति त्रिपाठी 9 माह तक जेल में रहने के बाद बाहर निकले थे। भोरे थाना क्षेत्र के सिसई गांव से गिरफ्तारी हुई है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि श्री त्रिपाठी पर घोटाला का मामला दर्ज है। पूर्व विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के



एमडी अरुण पति त्रिपाठी समेत 70 लोग घोटाले को अभियुक्त हैं।

**एसीबी की टीम छत्तीसगढ़ ले गयी :** गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उन्हें अपने साथ छत्तीसगढ़ लेकर गयी। छत्तीसगढ़ पुलिस की इनपुट पर गोपालगंज के भोरे थाना क्षेत्र की पुलिस ने सिसई गांव से अरुण पति त्रिपाठी को गिरफ्तार किया। इन पर ईडी का केस है। वहीं, गिरफ्तारी के बाद पूर्व विशेष सचिव अरुण पति त्रिपाठी का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे छतीसगढ़ में नई सरकार गठन होने के बाद साजिश के तहत फंसाने का आरोप लगा रहे हैं।

### क्या है पूरा मामला

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार छत्तीसगढ़ में 776 करोड़ रुपये के शराब घोटाले का मामला सामने आया था। सरकार ने नये सिरे से जांच के लिए एसीबी और इओडब्ल्यू ने एफआइआर दर्ज की। एफआईआर में गोपालगंज के भोरे थाना क्षेत्र के सिसई निवासी और छत्तीसगढ़ के अबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के एमडी अरुण पति त्रिपाठी समेत 70 लोगों को अभियुक्त बनाया था। इसी मामले में अरुण पति त्रिपाठी फरार चल रहे थे। जनवरी माह से ही मोबाइल बंद था। इसी मामले में अरुण पति त्रिपाठी फरार चल रहे थे और आज गोपालगंज की पुलिस ने भोरे थाना क्षेत्र के सिसई गांव से गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ की एसीबी पुलिस को सौप दिया है।




## खबर एक नजर में

### वीरेंद्र राम की जमानत याचिका खारिज

**मनी लॉन्ड्रिंग**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की जमानत याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। पूर्व में दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामला में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने वीरेंद्र राम की जमानत याचिका खारिज की थी। बता दें कि 21 अप्रैल 2023 को वीरेंद्र राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति अटैच कर चुकी है। अटैच संपत्ति वीरेंद्र राम द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गई है।

### तल्हा खान की जमानत याचिका खारिज

**लैंड स्कैम**

**रांची।** रांची में सेना की 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन घोटाले मामले में आरोपी तल्हा खान की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने तल्हा खान की जमानत यचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया था। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने तल्हा खान की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। जिसे उसने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उक्त मामले में ईडी ने 13 अप्रैल 2023 को आरोपी को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में है।

### भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज

**अवैध पत्थर खनन**

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये मूल्य के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़े भगवान भगत की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई में हुई। कोर्ट ने भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज कर दी। भगवान भगत को ईडी ने 7 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। भगवान भगत पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। यह लोग पत्थर खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचाते थे।

### छवि रंजन की बेल पर सुनवाई 19 अप्रैल को

**अवैध जमीन बिक्री**

**रांची।** बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई के लिए 19 अप्रैल की तारीख निर्धारित कर दी। यह केस ईडी के कांड संख्या इसीआइआर 5/2023 से जुड़ा हुआ है। छवि रंजन न्यायिक हिरासत में हैं। बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े दूसरे मामले में छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज कर चुका है।

### सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज

**अवैध खनन मामला**

**दाहू यादव का भाई है सुनील यादव**

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपी सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। दरअसल 7 अक्टूबर 2023 को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनील, दहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपी सुनील का भाई दाहु यादव अब तक फरार है। बता दें कि ईडी ने साहिबगंज में अवैध खनन घोटाले की जांच में पंकज मिश्रा के साथ ही सुनील यादव और दाहु यादव को अवैध खनन में लिप्त पाया है।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने निशिकांत दुबे के बयान पर किया पलटवार**

# लोस चुनाव में व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप हुए तो बीजेपी के कई चेहरे होंगे बेनकाब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोड्डा लोकसभा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव पर न्यायालय में चल रहे यौन शोषण के मामले पर लगातार हमलावार हैं। साथ ही एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से भी सवाल पूछ रहे हैं। इस मामले में झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने निशिकांत दुबे पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे चरित्र की बात करें ये उनके मुंह से शोभा नहीं देती है। बहुत सारी ऐसी बातें हैं जो हम हिंदू धर्म में होने के नाते कह नहीं सकते, इसलिए अच्छा होगा कि वह कम से कम काम में ज्यादा बात करें तो ठीक है।

श्री ठाकुर ने कहा कि इस तरह की बातें उनके मुंह से शोभा नहीं देती हैं। अगर कोई मामला है और उन पर कोई आरोप है तो वे जजमेंट देने वाले नहीं हैं। न्यायालय अपना काम कर रहा है। जिस समय यह बात आई थी उस समय बाबूलाल मरांडी उनके नेता हुआ करते थे। उस समय भी वह चुप थे। आज जब निशिकांत दुबे बोल रहे हैं तो आज फिर बाबूलाल मरांडी चुप हैं।

### बाबूलाल को स्थिति साफ करनी चाहिए



राजेश ठाकुर ने कहा कि मामले में बाबूलाल मरांडी जी को आगे आना चाहिए और बताना चाहिए कि वह निर्दोष है, गलत तरीके से इनको फंसाया गया है। हमें लगता है कि बाबूलाल मरांडी जी को संजीदगी के साथ अपने पार्टी के लोगों को कहना चाहिए की व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर के जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ें।

### विधायक प्रदीप यादव पर क्या है आरोप

दरअसल, देवघर की एक महिला ने 20 अप्रैल 2019 को तत्कालीन जेवीएम विधायक (अब कांग्रेस में) पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। देवघर थाना में दुष्कर्म के प्रयास समेत सात धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हालांकि, केस होने के दो माह के बाद विधायक को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई और अभी इस मामला का दुमका एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रायल चल रहा है।

### अनुशासन महत्वपूर्ण

राजेश ठाकुर ने कहा कि इंडिया ब्लॉक की ओर से 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान महरैली आयोजित होगी। इसमें इंडिया ब्लॉक के कई वरीय नेता शिरकत करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के किसी भी पार्टी में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। जो अनुशासन में नहीं रहेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## पैसे और परिवार के लिए राजनीति करता है इंडी ठगबंधन : बाबूलाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न दलों से आये सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, राजद के प्रदेश महासचिव हरदेव साहू एवं अंजू देवी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय एवं सांसद संजय सेठ ने पार्टी का पट्टा, माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन पैसे और परिवार के लिए राजनीति करता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सनातन विरोधी एक मंच पर आ रहे हैं लेकिन, देश की जनता को अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है। वह विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मोदी सरकार के विकास कार्यों ने जानाकांक्षाओं को पूरा किया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने भाजपा की सदस्यता लेने बाद कहा कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस विरोध के आधार पर ही आई थी पर आज उसी के तलवे चाट रही है।

## इंडी गठबंधन सरकार में झारखंड का भला संभव नहीं : सीता सोरेन

**रांची।** झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुई सोरेन परिवार की बड़ी बहु सीता सोरेन ने एक बार फिर जेएमएम पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीता सोरेन ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में झारखंड का भला नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तानाशाही व भ्रष्टाचारी गठबंधन सरकार में सिर्फ जनता को ठगा जा रहा है. जो मैनिफेस्टो तैयार किया था, उस पर सरकार ने कोई काम नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि जेएमएम की भेदभाव और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण कई विधायक नाराज हैं, लेकिन सामने नहीं आ रहे हैं। जो क्रांतिकारी हैं, वे सामने आकर विरोध कर रहे हैं और अपनी बातों को जनता के सामने रख रहे हैं। सीता सोरेन ने लोबिन हेम्ब्रम के राजमहल से लोकसभा चुनाव लड़ने का भी समर्थन किया।

## आजसू पार्टी का हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आज

**रांची।** हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन 13 अप्रैल को हजारीबाग के हारनगंज स्थित शिवम बैंक्वेट हॉल में होगा। सम्मेलन में मुख्य रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इस दौरान लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र के सभी केन्द्रीय पदाधिकारी, केन्द्रीय सदस्य, जिला कमिटि, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखंड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी भू-माफियाओं के केस ट्रायल की स्थिति

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से भू-माफियाओं पर की जा रही कार्रवाई के संबंध में पूछा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शहबाज अख्तर ने कोर्ट को बताया कि राजधानी रांची में वर्ष 2021 से 2023 तक के बीच 273 भू-माफियाओं को चिन्हित किया गया है। इनमें से 214 भू-माफियाओं के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दिया गया है। 50 भू-माफियाओं को पुलिस ने 41-ए का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सरकार से जानना चाहा कि वैसे भू-माफिया जिनके खिलाफ पांच या उससे ज्यादा केस है, उनमें से कितने को अदालत से जमानत मिली है और कितने को मिली जमानत को अदालतों में चुनौती दी गई है। चार्जशीटेड 214 भू-माफियाओं के ट्रायल की क्या स्थिति है? कोर्ट ने यह भी सरकार से पूछा कि वर्ष 2023 में भू-माफियाओं के केस की मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई एसआईटी ने अब तक क्या-क्या एक्शन लिया है? इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि एसआईटी ने 59 भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन पर सीसीए लगाया है। 27 को सर्विलांस में डाला गया है।

वहीं, दो भू-माफियाओं के खिलाफ प्रीवेंटिव डिटेंशन किया गया है। सीआरपीसी की धारा 107 के तहत 137 भू-माफियाओं पर कार्रवाई की गई है, 28 भू-माफियाओं को गुंडा रजिस्टर में रखा गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि एसआईटी ने कितने भू-माफियाओं को अदालत से मिली जमानत को एग्जामिन किया है। वैसे भू-माफियाओं जिनके खिलाफ पांच या उससे ज्यादा केस हैं उनमें से कितने आरोपी जेल में है और कितने को जमानत मिल चुकी है। निचली अदालत में इन भू-माफियाओं के ट्रायल की क्या स्थिति है? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल निर्धारित की है।

## पूजा सिंघल से जुड़े मामले में गवाही जारी

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल एवं अन्य से जुड़े मामले में ईडी की ओर से गवाही जारी है। मामले में शुक्रवार को गवाही की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, बीएसएनएल का नेटवर्क लिंक फेल रहने के कारण जेल में बंद आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से नहीं हो सकी। इसके कारण गवाही टल गई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 23 अप्रैल निर्धारित की है। उधर, ईडी कोर्ट ने पूजा सिंघल एवं इंजीनियर शशि प्रकाश की न्यायिक हिरासत अवधि 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है। जानकारी हो कि पिछली सुनवाई में खूंटी के कार्यपालक अभियंता सिंकदर साहू की गवाही दर्ज की गई थी। मामले में अब तक ईडी की ओर से 12 गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा।**
**(प्रशिक्षण कोषांग- लोकसभा निर्वाचन, 2024)**

**-: आदेश :-**

सिमडेगा जिलान्तर्गत अवस्थित केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में लोक सभा आम चुनाव, 2024 को दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण कोषांग, सिमडेगा के ज्ञापांक 33 दिनांक 02.04.2024 द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है। शेष यथावत् रहेगा।

| Sl. No. | Date | Training Programme | Participants | Time | Venue | Trainer |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12/4/2024 | 2nd Polling Officer | All 2nd Polling Officer | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | DLMT/ALMT |
| 2 | 13/04/2024 | 3rd Polling Officer | All 3rd Polling Officer | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | DLMT/ALMT |
| 3 | 15/04/2024 | DSP/SHO/Inspector | DSP+SHO+Sub Inspector+Police Mobile Parties+Other Police Personnel | 11.00 AM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Dy. SP (HQ)/MT (Police)/ Training Cell |
| 4 | 16/04/2024 | SST/FST/VST/VVT Training of AEO | AEO+ All SST/FST/VST/ VVT+ Expenditure Cell + Videographer | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | DEO/SDM/Co-Op. Officer/ Training Cell |
| 5 | 16/04/2024 | Team for Absentee Postal Voter | मतपत्र एवं पोस्टल बैलेट कोषांग | 03.00 PM | समाहरणालय सभागार | AC/CO Simdega & Kolebira/ Training Cell |
| 6 | 18/04/2024 | Presiding Officer | All Women PO | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 7 | 19/04/2004 | P1 | All Women P1 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 8 | 20/04/2024 | P2 | All Women P2 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 9 | 22/04/2024 | P3 | All Women P3 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 10 | 24/04/2024 | Counting Supervisor & Assistants | All Counting Supervisor & Assistants+Officer | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | ARO/Training Cell |
| 11 | 25/04/2024 | Training for EVM and Ground Staff | EVM Management Cell | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | AC/Nodal/Dy. El. Officer/ DLMT |
| 12 | 26/04/2024 | Dispatch & Material Distribution | कार्मिक, सामग्री एवं मतपत्र कोषांग | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | ITDA/Dy. El. Officer/Nodal Material/ Co-Op. Officer/ जिला पंचायती राज पदा0 /Training Cell |
| 13 | 27/04/2024 | Polling Party | Home Voting+Faciliation Center | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | DLMT/ALMT |
| 14 | 29/04/2024 | Digital Camera Incharge | Cameraman (AT. Polling Station) | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | Dy. El. Officer /DIO/EDM/ Computer Cyber Cell |
| 15 | 30/04/2024 | PWD Polling Person + Youth Booth Polling Person | All PWD Polling Person + Youth Booth Polling Person | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 16 | 2/5/2024 | Micro Observers | All Micro Observers | 09.30 AM to 03.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT/ Training Cell |
| 17 | 3/5/2024 | Candidate & Election Agent | EEM+MCC+MCM C | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | DEO/Both ARO/Dy. El. Officer/ Training Cell |
| 18 | 3/5/2024 | Party No. 01-158 | All Polling Person of Party No. 01-158 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 19 | 4/5/2024 | Party No. 159-315 | All Polling Person of Party No. 159-315 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 20 | 6/5/2024 | Party No. 316-472 | All Polling Person of Party No. 316-472 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 21 | 7/5/2024 | Party No. 473 to End | All Polling Person of Party No. 473 to End | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 22 | 8/5/2024 | P+1 (Polling Party) | P, P1, P2, P3 + Sector | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 23 | 10/5/2024 | Driver, Conductor etc. | Mobilization of Form 12-A | 09.30 AM | सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा | AC/DLMT/Training Cell |
| 24 | 10/5/2024 | Videographer at Polling Station | Poll Day Duty+Mobilization of Signed Form 12- and Appointment Letter | 02.00 PM | सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा | AC/DLMT/Training Cell |
| 25 | 11/5/2024 | Sector Magistrate & Police Officer | All Sector Magistrate & Police Officer | 09.30 AM to 02.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | SDM/DSP/Dy. El. Officer |
| 26 | 12/5/2024 | All Polling Party+Sector Magistrate & Sector Police Officer+Micro Observer | Poll Briefing after 3rd randomization | 11.00 AM | सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा | DEO/SP/ Dy. El. Officer |

संबंधित सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त तालिका में निर्धारित तिथि के अनुरूप ससमय प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के विरुद्ध आर.पी. एक्ट, 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
-सह-उपायुक्त, सिमडेगा

PR 323753 Election(24-25)#D


## न्याय उलगुलान महारैली मील का पत्थर साबित होगी : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि 21 अप्रैल को रांची में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली झारखंड में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। मोदी-शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए जिस प्रकार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया है,उसे झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय न्याय उलगुलान महारैली के द्वारा लिखा जाएगा।

सोनाल शांति ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में केंद्र सरकार द्वारा फंसाए जाने को लेकर न सिर्फ झारखंड का आदिवासी समाज उद्वेलित है बल्कि अन्य सामाजिक वर्गों के लोग भी केंद्र की इस कार्रवाई के विरोध में खड़े हैं। इंडिया द्वारा झारखंड में रैली की घोषणा मात्र से ही जनता में जोश है और इस न्याय उलगुलान को जनता स्वः स्फूर्त ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएगी।

सोनाल शांति ने कहा है कि झारखंडी जनता इस रैली के माध्यम से पूरे देश के लिए संदेश देने का काम करेगी की-तानाशाहों के अहंकार पर जनता की मर्जी चलती है और झारखंड की सभी लोकसभा सीटों से विदाई की झलक रैली में शामिल होने वाले जन समूह से पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में जिस प्रकार किसानो, युवाओं, महिलाओं को उनके वाजीब हक से दूर रखकर उद्योगपतियों का साथ दिया गया उससे भी जनता के बीच भारी रोष है। यही रोष मोदी सरकार के विरुद्ध मतदान में तब्दील होगा और मोदी शाह के शासन का अन्याय काल समाप्त होगा।

## इंडी एलायंस की उलगुलान महारैली में भ्रष्टाचारियों का होगा जुटान : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि इंडी एलायंस की रैली भ्रष्टाचारियों की जुटान रैली साबित होगी। श्री शाहदेव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल की रैली में भ्रष्टाचारी, सनातन विरोधी, टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्य और परिवार वादी राजकुमार एक मंच पर नजर आयेंगे। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन ने अपने साथ हुये अन्याय के खिलाफ उलगुलान का ऐलान किया। झामुमो खामोश क्यों? उन्होंने कहा कि रैली का नाम उलगुलान रखना भगवान बिरसा मुंडा सहित झारखंड के अमर शहीदों का अपमान है। उन्होंने उलगुलान का आह्वान अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ किया था। उलगुलान शब्द आदिवासी अस्मिता से और आदिवासी सम्मान से जुड़ा है। ऐसे भ्रष्टाचारी जुटान का नाम उलगुलान देकर इन्होंने पूरे देश के आदिवासियों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार के घर की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भी अपने साथ परिवार के भीतर हुये अन्याय के खिलाफ उलगुलान का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि किस तरीके से उनको अपनी बेटियों की परवरिश करने के लिये परिवार के भीतर अकेला छोड़ दिया। विषम परिस्थितियों में उन्होंने बच्चियों को पाला पोसा था। परिवार में उन्हें तिरस्कृत किया गया। सीता सोरेन ने अपने आंदोलनकारी पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के रहस्यमई मौत को साजिश बताते हुये जांच की मांग की, पर सरकार ने उसे ठंडे बस्ती में डाल दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसी ही खामोशी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोबिन हेंब्रम के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ, स्थानीय नीति और 1932 की स्थानीय नीति को लागू करने के लिए किये गये उलगुलान पर भी चुप्पी साध ली है। उल्टे उन पर प्रश्न उठाने के लिए झामुमो के नेताओं द्वारा लगातार टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन झारखंड में पूरे तरीके से खंडित दिख रहा है। चतरा, पलामू में फ्रेंडली फाइट की बात हो रही है। अब चुनाव में फ्रेंडली फाइट क्या होता है। लोहरदगा, राजमहल और कोडरमा में भी इनके बागी उम्मीदवार भी ताल ठोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल को कांग्रेस के बड़े नेता भी मंच पर आयेंगे। इनके सांसद डीके शिवाकुमार दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग कर रहे थे। आगामी चुनाव में जनता देश विरोधी सनातन विरोधियों के खिलाफ ईवीएम से उलगुलान करेगी।

# एनोस एक्का की झारखंड पार्टी ने लोकसभा की तीन सीटों पर प्रत्याशियों का किया ऐलान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में एनोस एक्का की झारखंड पार्टी ने भी झारखंड की तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी।

**झारखंड पार्टी ने तीन सीटों पर की प्रत्याशियों की घोषणा :** झारखंड पार्टी की ओर से हजारीबाग, चतरा और सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी की घोषणा की गई है। जिसमें हजारीबाग से राजकुमार कुशवाहा, चतरा से दर्शन गंझू और सिंहभूम से चित्रसेन सिंकू है।

### झारखंड में पूर्व मंत्री रह चुके हैं एनोस



गौरतलब हो कि एनोस एक्का झारखंड में पूर्व मंत्री रह चुके हैं और वह झारखंड की राजनीति में अच्छी खासी पकड़ रखते हैं। राजनीति की जानकारों की माने तो एनोस का चुनावी मैदान में उतरना निश्चित रूप से बड़ी पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए मुश्किलें खड़े कर सकते हैं।

**लोहरदगा और खूंटी के लिए प्रत्याशी की घोषणा जल्द : एनोस**

झारखंड पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि तीन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है। जल्द ही लोहरदगा और खूंटी लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

**जनता के सामने झारखंड पार्टी बेहतर विकल्प : अशोक**

वहीं झारखंड पार्टी के महासचिव अशोक कुमार भगत ने कहा कि झारखंड की स्थानीय पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही लोगों को सिर्फ ठगने का काम कर रही है। यह दोनों पार्टियों सत्ता में रहने के बावजूद भी राज्य की जनता के लिए कुछ ठोस कदम नहीं उठा पाई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए राज्य की जनता के सामने झारखंड पार्टी एक बेहतर विकल्प बनकर आई है।

**जनता ने देखा है एनोस का कार्य : चित्रसेन**

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार चित्रसेन सिंकू ने कहा कि वह पहले भी सिंहभूम के सांसद रह चुके हैं। इसलिए उन्हें उम्मीद है कि इस बार सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की जनता उन्हें अपना महत्वपूर्ण मत देकर जीत दिलाएगी।

## मानदेय नहीं मिलने से मनरेगा कर्मियों की स्थिति दयनीय

**रांची।** मनरेगा के तहत काम कर रहे रोजगार सेवकों को तीन से चार माह से अधिक समय से मानदेय नहीं मिल रहा है। लगभग 100 पंचायत के ग्राम रोजगार सेवकों को आठ से दस माह से मानदेय नहीं मिला है। धनबाद, चाइबासा सहित कई जिलों की कई ऐसी पंचायत हैं जहां के रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं मिला है। मनरेगा के अंतर्गत काम कर रहे कर्मचारी लगातार सरकार से मानदेय भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन मामला लटका हुआ है। मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने बताया कि मानदेय नहीं मिलने से भुखमरी की स्थिति है। ग्रामीण विकास विभाग से कई बार अनुरोध किया गया है, वे तत्काल रोजगार सेवकों का मानदेय भुगतान करायें।

# आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान को नही बनने देंगे खेल का मैदान : सूर्य मंदिर समिति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल कोर्ट एवं शंख निर्माण कार्य को लेकर सूर्य मंदिर समिति आक्रोशित है। शुक्रवार को मंदिर परिसर में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण की जानकारी मिलने पर सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अखिलेश चौधरी, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, रूबी झा, शशिकांत सिंह, बंटी अग्रवाल, प्रेम झा, कंचन दत्ता, छक्कन चौधरी समेत काफी संख्या में मंदिर समिति के सदस्यों व आमजनों ने इसका कड़ा विरोध किया। इस दौरान जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त एवं विशेष पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी गयी और शंख मैदान एवं मंदिर परिसर में किसी भी तरह के निर्माण कार्य ना करने का आग्रह किया गया।

इस दौरान समिति की ओर से पत्र देकर आध्यत्मिक स्थल शंख मैदान की महत्ता दशार्ते हुए निर्माण कार्य को अनुचित बताया। वहीं, अक्षेस के पदाधिकारी के पत्र लेने की असमर्थता पर जमशेदपुर अक्षेस के कार्यालय में जाकर पत्र सौंपी गई। इसके बाद जमशेदपुर अक्षेस के अधिकारी वहां से चले गए। इस घटना को लेकर एक ओर जहां स्थानीय निवासियों, मंदिरों के


सिदगोड़ा सूर्यधाम का भव्य राम मंदिर।

पुजारियों एवं सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों में भारी रोष है तो वहीं, दूसरी ओर सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने इसे विधायक सरयू राय की धर्मविरोधी मानसिकता और नकारात्मक राजनीति का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय शहर के प्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल सूर्यधाम परिसर को खेल के मैदान में बदलने की गहरी साजिश कर रहे हैं। शंख मैदान में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल कोर्ट और शंख बनाने की अनुशंसा कर सरयू राय एक धार्मिक स्थल के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश लगातार कर रहे हैं।

वे बार-बार विकास कार्य के नाम पर सूर्य मंदिर में आस्था रखने वालों लाखों भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने में लगे हैं। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आध्यत्मिक स्थल शंख मैदान में प्रत्येक वर्ष श्री राम मंदिर स्थापना के वर्षगाँठ पर प्रख्यात मर्मज्ञ कथावाचक के द्वारा सात संगीतमय श्रीरामकथा, लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में छठ महोत्सव पर सांस्कृतिक संध्या, जन्माष्टमी महोत्सव पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, छठ पूजा के दौरान सेवा शिविर, पंच कुंडीय महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा, गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती समेत विशाल महाभण्डारा का आयोजन भव्य रूप में सम्पन होता है। जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों-हजार लोग सपरिवार यहां पधारते हैं। वहीं, शंख मैदान में मंदिर समिति के तत्वावधान में प्रायः कोई न कोई धार्मिक अनुष्ठान होता है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के विरोध में गत वर्ष जमशेदपुर की धर्मप्रेमी जनता ने जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी भावनाओं से अवगत कराया था।

वहीं, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि निर्दलीय विधायक के द्वारा कुछ महीने पहले स्विमिंग पूल निर्माण कर बड़े जोर-शोर से इसका उद्घाटन किया गया था। जहां स्विमिंग पूल में ट्रेनर रखकर बच्चों को प्रशिक्षण देने और अन्य दावों से जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया गया। आज उस स्विमिंग पूल को कोई देखने वाला नहीं है। स्विमिंग पूल रखरखाव ना होने और निर्दलीय विधायक सरयू राय की विवाद पैदा करने की राजनीति ने स्विमिंग पूल को कुछ महीने में ही जर्जर बना दिया है। उद्घाटन के बाद आज तक उसका पानी भी बदला नही गया है। इससे पहले चिल्ड्रन पार्क में लगे झूले और पार्क रखरखाव और उदासीनता के कारण जंगलों में तब्दील हो गये हैं।

## स्पीड न्यूज



### सर्वभाषा साहित्यकार सम्मान समारोह 14 को

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड प्रदेश एवं सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 14 अप्रैल को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन के मानस सभागार में सर्वभाषा सम्मान समारोह सह सर्वभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के 19 जिलों से 140 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को तुलसी भवन स्थित प्रयाग कक्षा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह एवं परिषद के मानद महासचिव प्रसेनजीत तिवारी ने दी।

### 20 को कॉमेडियन सपन वर्मा देंगे प्रस्तुति



**जमशेदपुर।** एक नेक और खास उद्देश्य को लेकर यंग इंडियंस (वाईआई) प्रसिद्ध स्टैंड-अप कॉमेडियन सपन वर्मा के साथ कॉमेडी शो आयोजित करने जा रहा है। हास्य कार्यक्रम 'कॉमेडी फॉर ए कॉज - शेम ऑन मी' का आयोजन आगामी 20 अप्रैल को लोयोला स्कूल के फेसी ऑडिटोरियम में होगा। 'कॉमेडी फॉर ए कॉज' की बात करें, तो इसे केवल लाफ्टर से जोड़ कर नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह बदलाव की भी बात करता है। यह कार्यक्रम बच्चों को यौन शोषण से बचाने को लेकर समर्पित वाईआई के प्रोजेक्ट मासूम का समर्थन करेगा। बाल यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता, रोकथाम और समर्थन पर केंद्रित गतिविधियों के साथ, प्रोजेक्ट मासूम कमजोर बच्चों के लिए आशा की किरण है। यंग इंडियंस का जमशेदपुर चैप्टर पहले ही 100,000 से अधिक बच्चों, अभिभावकों और स्वयंसेवकों तक पहुंच चुका है, और इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दे रहा है। भारत में बाल यौन शोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि 53 .22 प्रतशत बच्चे किसी न किसी तरह के दुर्व्यवहार का सामना करते हैं। प्रोजेक्ट मासूम जैसी पहल के माध्यम से वाईआई देश भर में बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए समर्पित है।

### परवेज असलम का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**जमशेदपुर।** शांति समिति के एक सक्रिय सदस्य, परवेज असलम का कल रात 11:30 बजे उनके घर पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। परवेज असलम, जो आजादनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे, अपने सामाजिक कार्यों और शांतिपूर्ण समुदाय के निर्माण के लिए अथक प्रयासों के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की खबर सुनकर उनके परिवार, दोस्तों और समुदाय के सदस्यों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके भाई, फिरोज असलम ने सबसे पहले उनके निधन की पुष्टि की। आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव, मुख्तार आलम खान, राजद नेता सैयद मंजर अमीन, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतीनुल हक अंसारी, मो मोइनुद्दीन अंसारी, कमाल अहमत और इश्तेयाक मलिक सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। परवेज के पार्थिव शरीर को आज शाम एहले हदीस मस्जिद में यशा की नमाज के बाद जाकिरनगर कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जायेगा।

# जुगसलाई विस के चुनाव संचालन समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद विद्युतवरण महतो

- लोकसभा चुनाव की तैयारी पर नेताओं ने किया मंथन
- सांसद विद्युत महतो ने बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख से संपर्क मजबूत करने का किया आह्वान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को जुगसलाई विधानसभा के चुनाव संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। साकची स्थित लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय में विधानसभा प्रभारी हलदर नारायण साह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांसद विद्युतवरण महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा संयोजक नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, लोकसभा सह संयोजक अनिल सिंह, मुरलीधर केडिया एवं राजकुमार श्रीवास्तव समेत अन्य नेतागण


बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद सह भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो।

मौजूद रहे। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव में जुगसलाई विधानसभा में भाजपा कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका और चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया। इस दौरान बताया गया कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने की दिशा में पार्टी के वरीय नेताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। बैठक में संपर्क अभियान के माध्यम से जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में चर्चा करने और पार्टी की विचारधारा के बारे में बताने का आह्वान किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि संचालन समिति के पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष, बूथ की समिति तथा पन्ना प्रमुख से सम्पर्क में रहें। चुनावों में बूथ समितियों तथा पन्ना प्रमुखों की विशेष भूमिका है। सम्पर्क व संवाद ही चुनाव में विजय का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास एक बड़ी अनुभवी चुनावी टीम है। केंद्र सरकार की नीतियों और पूरे देशभर में विकास कार्यों की गति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति देशवासियों का विश्वास गहरा हुआ है। जमशेदपुर सहित पूरे देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित हैं।

बैठक में जुगसलाई विधानसभा के संयोजक मुचिराम बाउरी, सह संयोजक जितेंद्र राय, सह संयोजक संदीप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, महामंत्री अनिल मोदी, मंत्री नीलू मछुआ, प्रदीप मिश्रा, जुगसलाई मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र जैन हन्नु, गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, परसुडीह मंडल अध्यक्ष त्रिदेव चट्टराज, घोड़ाबांधा मंडल अध्यक्ष दीपक पाल, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी, कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता समेत संचालन समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चैत्र नवरात्रि ज्वारा पूजा महोत्सव में मंडली की धूम



**जमशेदपुर।** श्री श्री शीतला माता मंदिर, टुइलाडुंगरी में चल रहे चैत्र नवरात्रि ज्वारा महोत्सव में छत्तीसगढ़ से आये जश गायन मंडली पूरे जमशेदपुर शहर में धूम मचा रही है, जय मां कालिका सेवा भजन मंडली, ग्राम सुखरी राजनांदगांव से पधारे जश गायन मंडली का नेतृत्व बनवारी यादव (मुख्य गायक), हरि राम साहू (मुख्य कोरस), बालक राम (कोरस), हुकुम निषाद (मंजीरा), लखन लाल यादव (झांझ), विजय यादव (बैंजो एवं आर्गन), डिगेश्वर साहू (नाल), चुन्नी लाल ठाकुर (ढोलक), वंश कुमार निषाद (झांझ) में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।

### चांडिल में निकली सरहुल सेंदरा यात्रा



**चांडिल।** शुक्रवार को सरहुल पर आदिवासी समाज ने सरहुल सेंदरा यात्रा निकाली। एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान के नारों एवं पारंपरिक हथियारों के साथ आदिवासियों ने सेंदरा यात्रा निकाली। आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले सरहुल महोत्सव सह सेंद्ररा यात्रा में पारंपरिक हथियारों के साथ चौका के खुदियाडीह से चांडिल होते हुए चांडिल स्टेशन तक विशाल बाइक सेंदरा यात्रा निकाली गयी। सेंदरा यात्रा के दौरान ढोल नगाड़ा की थाप पर आदिवासी समुदाय के लोग जमकर थिरकते नजर आये। मौके पर पातकोम पारगना रामेश्वर बेसरा, श्यामल मार्डी, डोमन बासके, बास्को बेसरा, प्रकाश मार्डी, हाड़ीराम सोरेन, वैद्यनाथ टुडू,भास्कर टुडू, तारापद टुडू उपस्थित थे।

### आदिवासी हो समाज ने सिंहभूम सीट पर हो समुदाय से उम्मीदवार देने की मांग की



**जमशेदपुर।** शुक्रवार की दोपहर 12 बजे आदिवासी 'हो' समाज के बुद्धिजीवी, प्रबुद्ध, 'हो' समाजिक कार्यकर्ताओ एवं 'हो' समाजसेवी कर आवश्यक बैठक प्रो गीता सुंडी की अध्यक्षता में समुदायिक भवन जयराटोला, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम रखा गया। कोल्हान प्रमंडल 'हो' बहुल क्षेत्र है, 3 जिलों मे 'हो' समुदायो की जनसंख्या क्रमशः पश्चिम सिंहभूम - 10 लाख (लगभग), सरायकेला- खरसावां- 2 लाख (लगभग), पूर्वी सिंहभूम - 2 लाख (लगभग) अबादी है। सिंहभूम लोकसभा संसदीय क्षेत्र (अनुसूचित जनजाति आरक्षित) हो बहुल क्षेत्र है। इस संसदीय क्षेत्र में 61 आदिवासी मतदाता है जिसमे क्रमशः हो समुदाय 54 संथाल समुदाय-05, उरांव समुदाय - 01 एवं मुंडा समुदाय-01 है। बैठक में प्रो गीता सुंडी, प्रो सोमनाथ पाड़ेया, संतोष पुर्ती, अधिवक्ता मनोज मेलगांडी, अधिवक्ता सुकांती हेम्ब्रोम, कृष्णा तिरिया, सुरा गगाराई, रमेश बंकिरा, साधो जामुदा, जुरिया, तायसुम बाबु बिरूवा, चन्द्र मोहन तिरिया , गोपाल बान्डरा उपस्थित थे।

### अतिक्रमण कर दुकान लगानेवालों पर लाठी चार्ज

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ने बिस्टुपुर डायगानल रोड पर अतिक्रण कर दुकान लगाने वाले व्यापारियों को आज जेएनएसी ने सख्ती के साथ हटा दिया। इस दौरान विरोध कर रहे व्यापारियों पर जेएनएसी की टीम और पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। व्यापारियों पर जेएनएसी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान किये गये बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। लाठीचार्ज के दौरान राहगीरों, को भी नहीं बख्शा गया। चैम्बर कड़े शब्दों में इस बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की निंदा करता है और इसका पुरजोर विरोध करता है। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने जिला उपायुक्त से मांग की की है कि इसकी त्वरित जांच कर इसके लिए जिम्मेदारी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाये। अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी राष्ट्र एवं राज्य के सर्वांगीण विकास के लिये ईमानदारी पूर्वक करों का भुगतान कर अपना व्यापार करते हैं और उनके खिलाफ इस तरह की कार्रवाई अत्यंत ही निंदनीय है।

### आदित्यपुर और गम्हरिया के बूथ स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे सीएम चंपई सोरेन

**गम्हरिया।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल शनिवार को आदित्यपुर एवं गम्हरिया में आयोजित शहरी एवं ग्रामीण के बूथ स्तरीय संवाद के तीन कार्यक्रम में भाग लेंगे। उनके आगमन को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। बताया गया कि लोकसभा चुनाव को मद्देनजर झामुमो बूथ से लेकर विधानसभा स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने में झामुमो जुट गयी है। शनिवार को सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के गम्हरिया प्रखंड के बूथ स्तरीय संवाद को लेकर छोटा गम्हरिया स्थित डॉल्फिन में कार्यक्रम की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री रांची से पूर्वान्ह 10 बजे सड़क मार्ग से प्रस्थान कर 12:05 मिनट पर गम्हरिया के डॉलफिन होटल पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री करीब 1 घंटा 25 मिनट तक कार्यकताओं के बीच रहेंगे। इसके बाद 1 बजकर 35 मिनट पर मुख्यमंत्री गम्हरिया मुख्यमार्ग के एवेन्यू होटल पहुंचेंगे। यहां आदित्यपुर नगर के वार्ड एक से दस तक के बूथ अध्यक्ष और सदस्यों से रूबरू होंगे। उन्हें चुनाव में जीत दर्ज करने के टिप्स देंगे। यहां करीब 1घंटा 5 मिनट तक रहने के बाद आदित्यपुर स्थित नोवंता होटल में आयोजित बूथ स्तरीय संवाद में शिरकत करेंगे। यहां मुख्यमंत्री 2 बजकर 55 मिनट पर पहुंचेंगे। बूथ स्तरीय संवाद के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वार्ड संख्या 11से लेकर 35 तक के कार्यकताओं से रूबरू होंगे। यहां से सायं 7 बजकर 30 मिनट पर मुख्यमंत्री अपने पैतृक आवास जिलिंगगोडा के लिए प्रस्थान करेंगे। रात्रि विश्राम वहां करेंगे। इधर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह है। नगर अध्यक्ष दीपक मंडल के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें भाग लेने वाले नगर क्षेत्र के सभी कार्यकताओं को पास इस्सू किया गया है। इसके साथ ही उन्हें समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपना स्थान ग्रहण कर लेने की अपील भी की गयी है। मंडल ने बताया कि इस कार्यक्रम में बूथ स्तरीय सदस्य एवं अध्यक्षों को आमंत्रित कर निश्चित रूप से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गयी है।

# 14 को मनाया जायेगा मिथिला दिवस और जुड़ी शीतल पर्व



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद द्वारा 14 अप्रैल को मिथिला दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। इसके साथ लोक पर्व जुड़ी शीतल भी मनाया जायेगा। यह कार्यक्रम बिष्टुपुर स्थित लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति (बाबा कुटी) के परिसर में आयोजित की जायेगी। इसमें मिथिला के पारंपरिक व्यंजनों में दाल पुरी, आम की चटनी, दही बाड़ा, करही बड़ी, जलेबी, दाल, भात, दही आदि की भरपूर व्यवस्था की जायेगी। इस विशिष्ट व्यंजनों का रसास्वादन शहर के मैथिली भाषी एवं आमंत्रित अतिथि करेंगे। इसमें मिट्टी का तिलक भी लगाया जायेगा। इसके साथ इस समारोह में मिथिला दिवस एवं मिथिला में नारी सशक्तिकरण पर परिचर्चा होगी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

# झारखंड की राजनीति में आस्तीन के सांप हैं सरयू राय और अर्जुन मुंडा : शैलेंद्र महतो

- दोनों नेताओं ने मुझे और मेरी धर्मपत्नी आभा को भाजपा की राजनीति से बाहर कर दिया

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद और कुरमी समाज के कद्दावर नेता शैलेंद्र महतो का कहना है कि झारखंड की राजनीति में सरयू राय और अर्जुन मुंडा जैसे लोग अवसरवादी रहे हैं और वे उन्हीं लोगो दगा देते हैं जो उनकी राजनीतिक कैरियर में मददगार रहे हैं अथवा चमकाने में मदद करते हैं। इन दोनों नेताओं को मैं आस्तिन का सांप कहता हूं। आज मैं और मेरी पूर्व सांसद पत्नी आभा महतो भाजपा की राजनीति


खबर मन्त्र से बात करते पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो।

की मुख्यधारा से बाहर हैं तो इसका श्रेय सरयू राय और वर्तमान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को जाता है।

अपने सोनारी आवास पर खबर मन्त्र से एक विशेष बातचीत में पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने कहा कि मैं खुद सरयू राय को 1998 में बिहार विधान परिषद चुनाव में एमएलसी बनाने में निर्णायक भूमिका अदा की थी। तब वहां एमएलसी के दो सीटों पर चुनाव होने थे और बीजेपी के पास 44 विधायक थे जिससे एक ही सीट पर भाजपा का विधान पार्षद चुना जा सकता था। ऐसे में तत्कालीन वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाशपति मिश्रा के आग्रह पर मैंने कोल्हान से 4 और रांची से चार झामुमो विधायकों का वोट जुगाड़ करने में मदद की थी और हजारीबाग के श्री विश्वकर्मा और पटना से सरयू राय विधान पार्षद चुन लिये गये थे। किंतु यहीं सरयू राय ने वर्ष 2000 के विधानसभा चुनाव में मुझे ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रत्याशी नहीं बनने दिया।

# मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा की कविता अग्रवाल अध्यक्ष, पूजा बनीं सचिव

- अंग और देह दान हेतु नयी टीम की महिलाएं चलायेगी जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा की ओर से सत्र 2024-25 के लिए शपथ ग्रहण एवं मार्गदर्शिका सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार 12 अप्रैल की शाम को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में किया गया। इस अवसर पर संस्था की पूर्व 12 अध्यक्षों समेत वर्ष 2023-24 में बेहतरीन कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया


शपथ ग्रहण करती सुरभि शाखा की नयी अध्यक्ष कविता और उनकी टीम।

गया। निर्विरोध अध्यक्ष बनी कविता अग्रवाल ने अपनी पुरी टीम के साथ नए सत्र में कार्य निर्वाह के लिए शपथ ली। इस दौरान नई योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। समारोह का सफल संचालन प्रियंका चौधरी और पायल अग्रवाल ने किया। इस दौरान मंच पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाजसेविका सुधा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अरूण गुप्ता भी मौजूद थे।

# तुलसी भवन में बुकअस का तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बुकअस जमशेदपुर द्वारा तुलसी भवन में 12 से 14 अप्रैल 2024 तक चलने वाला तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन शहर के वरिष्ठ समाजसेवी अमर प्रीत सिंह काले एवम महिला समाज सेविका पूर्वी घोष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर बुकअस के संचालक ईशा सिंह एवम सात्विक तिवारी ने बताया कि हमलोग पिछले 3 वर्षों से इस तरह का प्रदर्शनी लगाने का काम कर रहे हैं, जिसमें 35 से 40 संख्या में स्टॉल लगाया गया है जो एक ही छत के नीचे सैकड़ों तरह के सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे। यह प्रदर्शनी एक तरह से एक्सप्लोर, एक्स्ट्रिम एक्जबिशन है जिनमें विभिन्न कपड़े, ज्वेलरी, पूजा सामग्री, फूड प्रोडक्ट, लस्सी, सजाबट के सामान, पेंटिग्स, रेडीमेड आईटम आदि सभी सामाने घरेलू महिला द्वारा निर्मित प्रोडक्ट्स हैं।

# नर्सिंग की छात्राओं ने ली समर्पण और प्रतिबद्धता की प्रतिज्ञा

**अरका जैन यूनिवर्सिटी**

- यूनिवर्सिटी के नर्सिंग स्कूल में द्वितीय दीप प्रज्ज्वलन और प्रतिज्ञा समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के नर्सिंग स्कूल की ओर से द्वितीय दीप प्रज्ज्वलन व प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। चिकित्सा पेशे में अपना सफर आरंभ करने जा इन विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में नर्सिंग छात्रों ने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट



शपथ लेती छात्राएं और शपथ ग्रहण समारोह में मंचस्थ निदेशक प्रो डॉ अंगद तिवारी व अन्य पदाधिकारी।

ब्लॉक स्थित जेई एच ऑडिटोरियम में आयोजित यह समारोह विद्यार्थियों के लिए एक शांतिपूर्ण तथा खुशहाल अवसर था। इसमें संकाय, छात्र और चिकित्सा समुदाय के प्रतिष्ठित अतिथि व वक्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने सहानुभूति, ईमानदारी और पेशेवर तरीके का महत्व बताते हुए, इस नई पौध को रोगी देखभाल में उच्चतम मानकों को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन प्रो. (डॉ) एसएस रजी, विशिष्ट अतिथि एमजीएम अस्पताल की नर्सिंग सुपरिडेंटेंट पापिया मुखर्जी, सुप्रीति घोषाल, तिरुपति राव, यूनिवर्सिटी के कैंपस निदेशक सह डीएसडब्ल्यू डॉ अंगद तिवारी, संयुक्त कुलसचिव डॉ जसबीर सिंह धंजल, उप कुलसचिव नंद कुमार झा, स्कूल ऑफ फामेर्सी के डीन ज्योतिर्मयी साहू, प्राचार्य प्रो जिनु एनी जोसेफ तथा उप प्राचार्य प्रो शिल्पा जे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत की। मुख्य आकर्षण दीप प्रज्वलन व प्रतिज्ञा थी, जो विद्यार्थियों के शैक्षिक अध्ययन से क्लिनिकल प्रैक्टिस में आगमन का प्रतीक था। इसमें प्रत्येक छात्र एक दीप प्राप्त करता है, जो उनके रोगियों के जीवन में दिशा सूचित करने का प्रतीक है। दीप प्रज्वलन समारोह के बाद छात्रों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल प्रतिज्ञा ली।

## स्पीड न्यूज

### कार-बाइक की भिड़ंत में एक की मौत



पाटन। किशुनपुर-तरहसी मुख्य मार्ग के लोइंगा में कार और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य गंभीर है। बताया जाता है कि तरहसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार पड़वा के बनखेता निवासी सदन मेहता (25) और अरेदाना का विकेश भुइयां (21) है, जिसमें विकेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मौके पर पहुंचे किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज ने दल बल के साथ घटना स्थल का जायजा लिया। दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी। सदन को एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा।

### सतबरवा में चला प्रशासन का बुलडोजर



सतबरवा। प्रशासन के अल्टीमेटम के बाद सतबरवा स्थित मेलाटांड़ में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाया गया। इसमें थाना प्रभारी अंचित कुमार, अंचल निरीक्षक विकास कुमार, एसआई राजीव कुमार (टू) एसआई रामकुमार उपाध्याय, हल्का उप निरीक्षक यमुना पंडा के अलावे पुलिस बल के जवान बड़ी संख्या में मौजूद थे। सीओ ने बताया कि 8 अप्रैल को शांति समिति की बैठक में दुकानदारों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के मामला पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गयी है।

### राशन नहीं बांटनेवाले डीलरों पर होगी कार्रवाई

पाटन पलामू। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड के डीलर शत प्रतिशत राशन वितरण नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत राशन वितरण नहीं करनेवाले डीलरों पर कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड के एमओ ने कहा कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी की समीक्षात्मक बैठक के आलोक में प्रखंड के सभी डीलरों को मार्च 2024 तक का वितरण 95 प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया था लेकिन आज तक डीलरों ने 90 प्रतिशत राशन भी वितरण नहीं किया गया है।

### सुदना से अवैध शराब बरामद

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर रोड सुदना में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। जहां से अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि बीती रात को सुदना स्थित मुरारी प्रसाद के घर में छापेमारी की गयी। जहां एक रूम से अवैध विदेसी शराब बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि विभिन्न कंपनी का विदेसी शराब, बोतल का ढक्कन, स्टीकर बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि मुरारी प्रसाद के घर में एक व्यक्ति किराये का मकान लेकर रहता है। जो नकली शराब बनाने का काम करता है। फिलहाल वह व्यक्ति फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### ऑटो-बाइक की भिड़ंत में युवक घायल



विश्रामपुर पलामू। विश्रामपुर-बीमोड़ मुख्य पथ स्थित जनता हाई स्कूल के सामने ऑटो और बाइक की भीषण टक्कर हुई। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां युवक का इलाज चल रहा है। उसकी पहचान गढ़वा जिला के सीदे गांव निवासी मिराज अंसारी (22) के रूप में की गयी है। मौके पर डॉ रोहित नाथ, फिरोज अंसारी, सतेंद्र कुमार, एएनएम ऋतु कुमारी, अनिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### कचहरी में स्टांप कालाबाजारी जोरों पर

मेदिनीनगर। इन दिनों कचहरी कैंपस में स्टांप की कालाबाजारी जोरों पर बढ़ गयी है। स्टांप विक्रेता दुगने दाम पर टिकट और अन्य दस्तबेज सामग्री बेची जा रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी हो रही है। मालूम हो कि स्टांप विक्रेताओं के दुकान के सामने स्टांप का बोर्ड और उसके मूल्य का सूची प्रतिदिन दिखाना है लेकिन कोई भी स्टांप भेंडर के दुकान पर इस तरह का सूची बोर्ड नहीं लगाया गया है और न ही जिला प्रशासन के द्वारा इन स्टांप दुकानदार के दुकान की जांच समय-समय पर जांच की जाती रही है।

### रूद्र महायज्ञ सह हनुमत रूद्र प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में भंडारा आयोजित



मेदिनीनगर। पांकी प्रखंड पिपरा टांड़ थाना के गोगो गांव में नौ से 16 अप्रैल तक हो रहे रुद्र महायज्ञ एवं हनुमत रूद्र प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में शुक्रवा को विभोर कंस्ट्रक्शन के मालिक युवा नेता सौरभ सिंह ने भंडारा कराया। जिसका शुभारंभ सौरभ और उनके भाई गौरव सिंह (बलराम) ने खाना अपने हाथों से परोस कर किया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्बदेश्वर सिंह, शिवम सिंह, सोनी सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, शिव सिंह, रणधीर सिंह, अंकित सिंह, कुश सिंह, अजीत सिंह, मालिक सिंह, जनेश सिंह, लव सिंह, मंदीप सिंह, प्रदुमन सिंह, धीरेंद्र सिंह, बिंदु एव यज्ञ समिति के सभी सदस्य लगे रहे।

### प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगायें उपायुक्त : रूचिर तिवारी



मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर तिवारी ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर प्राइवेट स्कूल के मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा कि पलामू जिले के लगभग सभी प्राइवेट स्कूलों में नया बच्चा के एडमिशन एवं अगले क्लास में एडमिशन लेने के लिए एडमिशन के नाम पर री एडमिशन, पब्लिक फंड, बिल्डिंग फंड एवं अन्य कई तरह के फंडों के नाम पर अभिभावकों से मनमानी तरीका से पैसा वसूला जा रहा है वहीं दूसरी ओर बच्चों के स्कूल ड्रेस कॉपी किताब भी खास दुकानों से खास ब्रांड के लेने के लिए मजबूर किया जाता है।

# सांसद सह भाजपा प्रत्याशी ने नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र में किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**›› पलामू संसदीय क्षेत्र के अधूरे कार्यों को करेंगे पूरा : विष्णु दयाल राम**



छतरपुर/नौडीहा बाजार। पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्री राम का जोरदार स्वागत किया। श्री राम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में एनडीए 2024 के लोकसभा चुनाव में परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि अबकी बार एनडीए 400 पार कर इतिहास रचेगी और पुनः नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश मे सशक्त सरकार का गठन होगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी के अधूरे कार्यों को पूरा करने और पलामू संसदीय क्षेत्र के चहूंमुखी विकास के लिए कार्यकर्ताओं को तन मन लगन से चुनाव कार्य मे लगने का आह्वान किया। श्री राम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लोगों के घर घर जाकर पलामू संसदीय क्षेत्र के विकास कार्य, केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी व मतदान के लिए जागरूक करें। कहा कि कार्यकर्ताओं पर बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता बूथ मजबूत कर भाजपा के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करें। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# मालगाड़ी से टकरायी रेलवे ट्रैक पार कर रही कार, चालक फरार, कार क्षतिग्रस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- गढ़वा रोड आरपीएफ टीम दुर्घटना स्थल पर पहुंची
- क्षतिग्रस्त कार को रेलवे ट्रैक से हटाकर आवागमन किया गया बहाल





विश्रामपुर पलामू। धनबाद रेल मंडल स्थित बरवाडीह-गढ़वा रोड सीआईसी सेक्शन के लालगढ़ स्टेशन पर गुरुवार की देर रात रेलवे ट्रैक पार करने में एक स्विफ्ट डिजायर कार मालगाड़ी की चपेट में आ गयी। जिसमें कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं मालगाड़ी को आते देख चालक कार छोड़ भाग कर अपनी जान बचाने में सफल रहा। मालगाड़ी के चालक ने गढ़वा रोड स्टेशन को घटना की जानकारी दी। इधर, जानकारी मिलते ही गढ़वा रोड आरपीएफ की टीम लालगढ़ पहुंची। जहां से क्षतिग्रस्त कार को रेलवे ट्रैक से हटा आवागमन शुरू कराया।

**खास बातें :** साथ ही अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए कार मालिक पर दर्ज की गयी। साथ हीं आगे की कार्रवाई पूरी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार लालगढ़ गांव से रेलवे ट्रैक पार कर डंडा की और जा रही थी। इसी क्रम में कार स्विफ्ट डिजायर रेलवे ट्रैक पर फंस गई। हालांकि चालक के द्वारा अपनी ओर से गाड़ी को बाहर निकालने की कोशिश की गयी। कार को बाहर निकलने में वह असफल रहा। तब तक माल गाड़ी दुघर्टनास्थल पहुंच गई। साथ हीं कार को टक्कर मार दिया इसमें कार काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी बीच चालक भाग कर जान बचाने में सफल हुआ। इधर घटना की जानकारी होते ही सब इंस्पेक्टर मुन्ना कुमार पुलिस बल के साथ लालगढ़ पहुंचे। जहां स्थानीय लोगों की सहयोग से रेलवे ट्रैक पर फंसे कार को बाहर निकाल गया। साथ ही आवागमन ट्रैक पर शुरू करायी गयी।

# क्षेत्र के विकास में सांसद बीडी राम का अहम योगदान: भोला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चैनपुर पलामू। शाहपुर चैनपुर के विभिन्न पंचायत में मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय एवं सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी के तीसरी बार प्रत्याशी चुने जाने पर बीडी राम के लिए लोगों से समर्थन मांगा। साथ ही 24 अप्रैल के नॉमिनेशन में शामिल होने की अपील की। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि पीएम मोदी का सपना है सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास के तहत देश की नारी शक्ति को उत्थान के लिए उनको आगे बढ़ाने के लिए एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजना चलाकर सैकड़ों माता एवं बहनों को तथा देश की जनता को लाभ पहुंचाया है।



**खास बातें :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने क्षेत्र की जनता के लिए उनकी समस्याओं के लिए लोकसभा में हमेशा आवाज उठाने का काम किया है और उनकी समस्याओं का दूर करने का प्रयास किया हैं तथा देश आजादी के बाद पहला सांसद बीडी राम हैं जो देश एवं विदेशों में भी पलामू एवं गढ़वा का नाम रोशन किया है। मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय ने कहा कि सांसद बीडी राम ने सदा अपने कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की जनता के लिए निरंतर सक्रिय रहकर कार्य किया हैं पर चुनाव के समय में कुछ विरोधी तबके के लोग जानबूझकर जनता को गुमराह एवं भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता सब जानती हैं आने वालें 13 मई को भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को रिकॉर्ड मतों से जीता कर लोकसभा में भेजने का कार्य करेंगे तथा नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता, मंडल महिला अध्यक्ष वर्षा चंद्रवंशी, महिला मीडिया प्रभारी तनुश्री आनंद, राधिका चौधरी, मीरा देवी, गीता देवी, राजन राम, रीता देवी, सनी कुमार, मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल, गीता अग्रवाल, सोनू चंद्रवंशी, पूजा देवी, सुमन देवी, रवीन्द्र राम सहित कई लोग शामिल थे।

# लेस्लीगंज के मौर्या हाउस में पांकी विस क्षेत्र के चुनाव की कोर कमेटी की बैठक

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने की चुनाव सबंधित चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में चुनाव पर चर्चा करते भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

नीलांबर पीतांबर पलामू। लेस्लीगंज मंडल के भाजपाइयों ने पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के आवास मौर्या फार्म हाउस में चुनाव कोर कमेटी की बैठक की। जिसमें पांकी विस प्रभारी सह पूर्व सांसद घूरन राम, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में हुई। सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष व उपस्थित कार्यकर्ताओं ने चुनाव संबंधी विस्तृत चर्चा की। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चतरा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी को हर हाल में लोकसभा चुनाव जीताने का निर्णय लिया। पांकी विधायक ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्य करती है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर जाति, धर्म व संप्रदाय के लोगों को मिल रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता फिर पूरे देश में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जितायेगी। बैठक में पलामू जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, प्रदेश महिला प्रवक्ता लवली गुप्ता, प्रदेश महिला महामंत्री मंजू लता, जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शंकर गुप्ता, अरविंद गुप्ता, विजय ठाकुर, चतरगुन राम,साधु मांझी जी प्रेम सिंह जी घुरन राम जी सतेन्द्र यादव, सुनील पासवान, अरूण सिंह, शत्रुघ्न सिंह, अजीत प्रसाद गुप्ता, जितेन्द्र तिवारी, लाला प्रसाद यादव, विजय पाठक, अरूण सिंह शामिल थे।

### ट्रेन की चपेट में आये युवक का शव बरामद



विश्रामपुर पलामू। गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। जिसकी पहचान विशनपुर के स्व सुदामा विश्वकर्मा के पुत्र मंतोष (26) के रूप में हुई। जानकारी मिलते ही रेहला थाना व गढ़वा रोड जीआरपीएफ पुलिस बल के साथ पहुंचे। जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। युवक मानसिक रूप से कमजोर था। घटना की जानकारी मिलते हीं मंतोष के घर में कोहराम मच गया। सभी रेलवे ट्रैक घटनास्थल पर पहुंचे। इधर, पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### ग्रामीणों के बीच पहुंच रहा कांग्रेस का गारंटी कार्ड



पाटन पलामू। छतरपुर विस क्षेत्र के विभिन्न गांव में कांग्रेस का गारंटी कार्ड हर घर में लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इसे लेकर दलित कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक पासवान, मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, दलित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, अशोक पासवान सक्रिय हैं। कहा कि भाजपा सरकार में अमीरों का कर्ज माफ हुआ है लेकिन इस बार कांग्रेस की गारंटी राहुल गांधी की गारंटी है इस बार गरीबों का कर्ज माफ होगा और सभी खुशहाल होंगे।

### सरहुल प्रकृति का धरोहर और ईद शांति का पैगाम देती है : ओंमकारनाथ जायसवाल



मेदिनीनगर। हार से आपस में सामाजिक समरसता कायम होती है और लोगों को एक दूसरे से मिलने जुलने और प्रेम से रहने की संदेश देता है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे सरहुल और ईद के मौके पर पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए और लोगों को बधाई दी। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति का धरोहर है वही ईद शांति और प्रेम का पैगाम देती है। श्री जायसवाल ने दोनों धर्मावलंबियों को शुभकामनाएं और मुबारकबाद पेश किया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा प्रेम और भाईचारा के नाम से जाना जाता है और आगे भी यह परंपरा कायम रहेगी। मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता अमरेश मेहता, अरुण वर्मा, चंदन कुमार, वीरेंद्र कुमार, राकेश रवि के अलावा काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# नहाय खाय के साथ शुरू हुआ महापर्व चैती छठ, रविवार को शाम का अर्घ्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खरना आज**



मेदिनीनगर। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को नहाए खाए के साथ शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने कोयल नदी समेत जलश्रोत में स्नान ध्यान कर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात चना दाल एवं कद्दू चावल का प्रसाद ग्रहण कर अपना कठिन व्रत शुरू कर दिया है। जो की दिन सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर अपना व्रत संपन्न करेंगे। वहीं रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगें। इसके पूर्व शनिवार को खरना पूजन करने के पश्चात दो दिवसीय निर्जला उपवास का पालन करेंगे। महापर्व को लेकर प्रखंड में व्रतियों की तैयारी पूरी हो गयी है।

# राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की प्रदेश कार्यसमिति की हुई घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पांच संरक्षक मंडल सहित कई नए चेहरों को मिली जिम्मेवारी
- समारोह में नवनियुक्त संरक्षक मंडल, कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पुष्पहार और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। दो माह के अंतराल के उपरांत उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए भंग हुई कमिटी का नये एवं पुराने चेहरों को जिम्मेदारी देकर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की अनुसांगिक इकाई झारखंड प्रदेश की कार्यकारिणी घोषित कर दी गयी। इससे राष्ट्रीय कमिटी को भी अवगत करा दिया है। ऐतिहासिक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के आयोजन के उपरांत बढ़ते कुनबे में सक्रिय, समर्पित चेहरों को स्थान दिया गया है। हालांकि कार्यकारिणी की घोषणा के समय प्रदेश अध्यक्ष ने इसे पार्ट वन बताकर भविष्य में बड़े विस्तार एवं अन्य व्यक्तित्व को जोड़ने के भी संकेत दे दिये हैं।

# छिपकली काटने से बुजुर्ग जख्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विश्रामपुर पलामू। विश्रामपुर नगर परिषद स्थित पांडेयपुर गांव निवासी 58 वर्षीय इस्लाम अंसारी को छिपकली ने काट दिया। इसके बाद उनकी स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों को पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। परिजन उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज को ले गए। जहां इस्लाम अंसारी का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस्लाम अंसारी गाय को भूसा खिलाने के लिए अपने घर में रखे भूसे को निकाल रहा था। इसी क्रम में छिपकली ने उसे काट लिया। बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए परिजनों ने उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए। जहां चिकित्सकों की टीम से बेहतर इलाज दे रही है। साथ ही उसे खतरों से बाहर बताया। चिकित्सक धीरज कुमार, मनोज थॉमस, ड्रेसर गौतम कुमार, आदित्य कुमार आदि की मौजूदगी में इलाजकिया जा रहा है।

### विश्रामपुर-इटको पथ पर दुर्घटना में युवक घायल

विश्रामपुर पलामू। विश्रामपुर-इटको मुख्य मार्ग पर छिपादोहर गांव समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज विश्रामपुर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। युवक पहचान छिपादोहर खुर्द निवासी 32 वर्षीय पप्पू यादव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार युवक विश्रामपुर से अपनी जरूरी काम को पूरा कर गांव जा रहा था। इसी क्रम में मोटरसाइकिल की संतुलित होकर सड़क पर गिर गयी। जिसमें युवक गंभीर है।

# विजय तारा रिसोर्ट में स्विमिंग पूल स्पोर्ट्स जोन और जिम का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने किया उद्घाटन
- कहा- विजय तारा होटल यहां के लिए गौरव का प्रतीक



छतरपुर पलामू। झारखंड में छतरपुर के शान का प्रतीक बन चुके छतरपुर में बने विजय तारा होटल रिसोर्ट के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। विजय तारा रिसोर्ट में स्विमिंग पूल, स्पोर्ट्स जोन, जिम और स्विमिंग पूल का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन इलाके के समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने दीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काट कर किया। मौके पर श्री अरविंद ने कहा कि विजय तारा रिसोर्ट ने छतरपुर को एक नई पहचान दी है जिसके पीछे रिसोर्ट के निदेशक रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी का विजन काम कर रहा है। छतरपुर के लोगों को एक स्तरीय सुविधा प्रदान करने के लिए निसंदेह वे बधाई के पात्र हैं।

# शिक्षक कभी नहीं होते सेवानिवृत, समाज को होती है हमेशा जरूरत : बागेश्वर पांडेय

- शिक्षक के सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सेवानिवृत्त शिक्षक को भावपूर्ण विदाई देते लोग।

तरहसी पलामू। 10 + 2 उच्च विद्यालय तरहसी के शिक्षक शिवनाथ 31 मार्च को सेवानिवृत हो गये। उनके सेवानिवृत्ति पर विद्यालय के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय के दर्जनों शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण और स्कूली छात्र छात्राएं शामिल हुईं। समारोह की अध्यक्षता डॉ मनीष ने की व संचालन विद्यालय के शिक्षक लालचंद कुशवाहा ने किया। मौके पर लालचंद कुशवाहा ने शिवनाथ के विशेष गुणों से परिचय कराते हुए बताया कि शिवनाथ का प्रथम योगदान इसी विद्यालय में अगस्त 1992 में हुई और 31 वर्षों तक सेवा देने के बाद मार्च 2024 में अवकाश प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय कई कठिनाइयों का सामना किया और उस कठिनाइयों का निवारण करने में शिवनाथ जी का बहुमूल्य योगदान रहा। सामाजिक कार्यकर्ता बागेश्वर पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक कभी अवकाश प्राप्त नहीं करते बस सरकारी प्रक्रिया में योगदान, स्थानांतरण और फिर अवकाश प्राप्त करना एक सामान्य बात है।

**खास बातें :** विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर मनीष ने कहा कि शिवनाथ जी की कमी हमेशा महसूस होगी। इन्होंने विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ शिक्षक और ग्रामीणों के बीच मित्रवत संबंध स्थापित किया। शिक्षा के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारी रखने वाले और प्रकांड विद्वान शिवनाथ ने बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों के बीच भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया। हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया कई प्रश्नों का सटीक उत्तर भी हल किया। मौके पर बसंत दुबे, अरविंद पाठक, जनेश्वर पांडे, दुर्गा प्रसाद, लक्ष्मीकांत पांडे, लाल बच्चन, लक्ष्मण राम, जीवानंद राम, कैएल साव, दशरथ प्रसाद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# सुआ कौड़िया चैता दोगोला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे रांची के मुकेश

- पूजा समिति ने रांची आवास पर जाकर दिया आमंत्रण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। सदर प्रखंड अंतर्गत सुआ कौड़िया ग्राम में रामनवमी पर्व की रात चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसे लेकर रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष ने रांची मुकेश गुप्ता के आवास पर जाकर आमंत्रण पत्र दिया। सुआ कौड़िया के दोनों समितियों ने श्री गुप्ता को कार्यक्रम में आने का आग्रह किया। मुकेश गुप्ता पूजा समितियों के आग्रह को स्वीकार करते हुए कहा कि वे कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। समिति ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी रामनवमी की रात चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके मुख्य अतिथि मुकेश गुप्ता होंगे। श्री गुप्ता को आमंत्रण देनेवालों में सुआ कौड़िया रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष टाईगर कुमार, मुख्य संरक्षक उपाध्याय सिंह, सुआ समिति के महासचिव सुदर्शन ठाकुर, कौड़िया समिति के अध्यक्ष नंदू सिंह, सुआ कोषाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, कौड़िया कोषाध्यक्ष अक्षय सिंह, सचिव सह कौड़िया पंसस अजीत सिंह, कौड़िया पूजा समिति के मंत्री उदेश्वर बैठा, कौड़िया उप सचिव दिनेश गुप्ता, सदस्य अनुप सिंह, यदुवंशी सिंह, विजय यादव, लखन ठाकुर, मुन्ना खान, देवेंद्र ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

# बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में लोकसभा को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहेबगंज।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने संथाल परगना में एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार शाम को साहेबगंज पहुंचे। बैठक में भाजपा कार्यकताओं से कहा कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर मतदाताओं को समझाएं और भाजपा को वोट दिलाएं। ऐसा कर भाजपा के संकल्प अबकी बार 400 पार के निमित्त झारखंड से सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए को जीत दिलाएं। भाजपा द्वारा आयोजित राजमहल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत साहेबगंज जिला के राजमहल, बोरियो व बरहेट विस स्तरीय संगठनात्मक बैठक में बाबूलाल ने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट के साथ उपचुनाव भी एनडीए ही जीतेगी। इस बार राजमहल लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत होगी। झारखंड सरकार के क्रिया कलापों के बारे में कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में कोई भी विकासात्मक कार्य नहीं किया। सिर्फ घोषणाएं की। अपने वादे तक पूरा नहीं कर सकी जिससे उनकी ही पार्टी के विधायक नाराज हैं। भाजपा सभी तबके के लोगों को साथ लेकर चलती है।सबका साथ सबका विकास सिद्धांत है। सभी कार्यकर्त्ता बूथ जीतो चुनाव जीतो मूलमंत्र के साथ मिलकर पूरा करेंगे। राजमहल लोकसभा के साथ-साथ झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करनी है। मौके पर मुख्य अतिथि के अलावे बीजेपी जिलाध्यक्ष उज्वल मंडल, भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी, गणेश तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, कृष्णा महतो, रेणुका मुर्मू सहित अन्य थे।

# डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने बढ़ाया राज्य का मान

खबर मन्त्र संवाददाता





**बोकारो।** डीपीएस चास की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अदिति शुभम व कक्षा चतुर्थ के अनिरुद्ध मंडल ने विक्रम साराभाई विज्ञान फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्पॉट 100 फाइनल 2023-24 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। वे राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ट 100 विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट में अपनी जगह पक्की करने में कामयाब हुए हैं। उल्लेखनीय है कि विक्रम साराभाई साइंस फाउंडेशन विद्यार्थियों के ज्ञान व तार्किक क्षमता की जाँच के लिए राष्ट्र स्तरीय परीक्षा का आयोजन करता है। इसका उद्देश्य बच्चों की विज्ञान संबंध सक्षमता का आकलन करना और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने दोनों सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन की सराहना की। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे और जुनियर विंग की प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा ने भी बच्चों की इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता हासिल करने हेतु प्रेरित किया।

## बेरमो कोयलांचल मे नहाय खाय के साथ चैती छठ शुरू



**बेरमो।** सूर्योपासना चैती छठ की शुरूआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ हो गयी। साथ ही शनिवार को होने वाली खरना की रस्म की तैयारी में छठ व्रती जुट गए है। जिसके तहत करगली व फुसरो सहित बेरमो कोयलांचल अंतर्गत अंगवाली, जरीडीह बाजार, खेतको, चलकरी, भंडारीदह, चंद्रपुरा, करगली, संडेबाजार, जारंगडीह, कथारा, बोकारो थर्मल गोमिया सहित क्षेत्र की व्रती महिलाओं ने दामोदर नदी व आसपास के तालाबों में स्नान कर वापस घर आई और पूजापाठ करने के बाद कद्दू की सब्जी व अरवा चावल का भात पकाकर स्वजनों के साथ मिलकर भोजन स्वरूप ग्रहण किया। बेरमो कोयलांचल अंतर्गत करगली बाजार व फुसरो बाजार सहित जरीडीह बाजार, कथारा, बोकारो थर्मल, गोमिया, साड़म, चंद्रपुरा, नावाडीह आदि के बाजारों में छठ सामग्री की खरीदारी करने को लोग जुटे रहे। बाजार में दर्जनों स्थानों पर दउरा, सूप, आम की सूखी लकड़ी, मिट्टी के चूल्हे, सूखे नारियल, मिट्टी के दीये व फल सहित अन्य सामग्री बिक रही है जिसे छठ व्रती अपने सामर्थ्य अनुरूप खरीद रहे हैं।

## प्रखंड सभागार में निर्वाचन संबंधी हुई बैठक



**उधवा।** शुक्रवार को प्रखंड सभागार उधवा में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडे द्वारा निर्वाचन संबंधी बैठक आयोजित की गई। जिसमे उन्होंने से सभी सुपरवाइजर को निर्देश दिया की अभियान चलाते हुए फॉर्म 6 एंट्री, ए एस डी का सर्वे का पुनरीक्षण, ए एम एफ का पुनः सर्वे कर आवश्यक सुधार करने, मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर जन जागरण के लिए बोला गया। इस दौरान बीपीओ गगन बापू, बाबूधन हेंब्रम, बैद्यनाथ ठाकुर, सनातन कृष्ण सिन्हा, रुहुल अमीन, बाबूलाल मंडल, मजहरूल हक, सुशीला हेंब्रम देवाशीष साहा सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुल निर्माण में लगी जेसीबी के चालक को नक्सलियों ने पीटा, इलाके में दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/गोमिया।** नक्सलियों ने एक फिर बोकारो जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करने की कोशिश की है। थाना की बड़की सीधावारा पंचायत में पुल निर्माण में लगी जेसीबी के चालक की पिटाई सब जोनल कमांडर वीरसेन के दस्ते के हथियारबंद सदस्यों ने कर दी। घटना 11 अप्रैल की रात की है। इससे इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक नक्सली निर्माण कार्य करा रहे सुपरवाइजर अनिल यादव को ढूंढ रहे थे। जेसीबी चालक से जब नंबर मांगा गया, तब उसने नंबर नहीं होने की बात कही। इसके बाद नक्सलियों ने हथियार के कुंडे से उसकी पिटाई की। घटना के बाद इलाके में दहशत है। पुलिस ने मारपीट की घटना की पुष्टि की है। मामले की जांच में जुट गई है। मामला लेवी वसूली से संबंधित हो सकता है। निर्माण कार्यस्थल में मौजूद लोगों की माने तो सभी नक्सली वर्दी में और हथियार से लैस थे। घटना स्थल पर उनकी संख्या 5 से 6 थी। दूर में भी नक्सलियों की होने की बात कही गई। बताते चलें कि चतरोचटी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की सीधावारा पंचायत के खखंडो गांव के समीप मोतियानाला पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। गुरुवार की रात लगभग 9 बजे नक्सलियों का जत्था हथियारों से लैस होकर निर्माण स्थल पर पहुंचा। काम करा रहे मुंशी को ढूंढने लगा। उस समय मुंशी वहां मौजूद नहीं था। कार्यस्थल पर जेसीबी का चालक था। नक्सलियों ने चालक को मुंशी से बात कराने को कहा। चालक के मुंशी का नंबर नहीं होने की बात कहने पर उसके साथ मारपीट की।

## एक नजर में

### विधायक लोविन हेंब्रम ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**साहिबगंज।** बोरिओ विधायक लोबिन हेंब्रम साहिबगंज के होटल अभिनव श्री में मे प्रेस वार्ता कर राजमहल से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया वही लोबिन ने कहा की राजमहल से न तो जे एम एम जीतेगी न बीजेपी सिर्फ लोबिन हि जीतेगा वही जे एम एम विधायक सुदीप कुमार सोनू के उस बयान पर की कल्पना सोरेन से जितने के बाद् बनेगी उस पर लोबीन ने सुदीप कुमार सोनू पर जम कर बरसे उन्होंने कहा की अगर पार्टी निकलती है तो सरकार पर असर पड़ेगा इशारो इशारो मे सरकार पर भी कटाक्ष किया वही उन्होंने कल्पना पर कहा की वह पोलटिशियन उसका भविष्य अन्धकार है। वही संदीप सोनू पर कहा की गिरीडीह से तो इस बार जीत कर दिखाए।


**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड, राँची**
**कृषि भवन, काँके रोड़, राँची**
**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
**Email ID-ddhranchi@rediffmail.com**

**रद्द पत्र (Cancellation)**

निदेशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में Request for Empanelment (RFE) for supply of Hybrid / Open Polinated seeds of Vegetables for Kharif Season under various schemes of Directorate Of Horticulture & National Horticulture Mission हेतु प्रकाशित RFE- Horti-07/ 2023-24, PR No.- 311947 (Agriculture) 23-24*D को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
संयुक्त निदेशक उद्यान,
झारखण्ड, रांची

PR 323762 Agriculture(24-25).D


## बोकारो थर्मल में सरहुल पर्व धूम धाम के साथ मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो थर्मल स्थित सरना पूजा स्थल में दिशोम बहा बोंगा सरहुल पर्व धूम धाम के साथ मनाई गई। यहां सरहुल पूजा की शुरूवात सखुवा के फूल, महुवा का फूल, सखूवा का पत्ता एवं मुर्गा का पूजा अर्चना कर किया गया। यहां नाईक बिनोद मुरमुर, रामप्रसाद सोरेन, शिवनाथ किस्कू एवं मोतीलाल मुरूमु ने सरना स्थल में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूवात किया। वही आदिवासी समुदाय से जुड़े महिला पुरुष श्रद्धालुओ ने मांदर की थाप पर जमकर नृत्य किया। साथ ही सभी को पेड़ पौधों की रक्षा करने का निवेदन भी किया। यहां आयोजनकर्ता मोतीलाल बेसरा, मनीराम मुरमूर एवम झरीलाल हंसदा ने कहा की आदिवासी सरना समिति की ओर से बोकारो थर्मल में सरना पूजा हर वर्ष धूमधाम के साथ मनाई जाती है तथा पेड़ पौधों की पूजा कर उनकी रक्षा करने की सपथ लिया जाता है। यहां आदिवासी समुदाय के लोगो के द्वारा बोकारो थर्मल में जुलुश भी निकाला गया।इस अवसर पर मनीराम मुरमूर, बृजलाल हंसदा, झारीलाल, हंसदा, सीताराम सोरेन, अनिल हेमराम, राजेश हंसना, चंद्रदेव घासी, धुर्वा बेशरा , नहरू उरांव आदि लोगों उपस्थित।

## कार एवं साइकिल की टक्कर में साइकिल सवार की मौत

**बोकारो/तालगड़िया।** जिले के चास मुफस्सिल थाना के निकट धनबाद बोकारो मुख्य पथ पर डमरजोर में एक सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार युवक ब्राह्मणद्वारिका निवासी 40 वर्षीय पंकज खवास की मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे कार को पुपुनकी टोल प्लाजा के पास पकड़ा गया। घटना की जानकारी मिलते ही चास मु थाना प्रभारी एसके मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक पंकज चास से वापस अपने घर लौटा रहा था। इसी दरम्यान कार जेएच10एएक्स-6018 ने उसे जोरदार धक्का मारा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल सवार कई फुट हवा में उछलकर सड़क पर गिरा। सिर के बल सड़क पर गिरने से घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

## ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्वक ईद हुई संपन्न

**बोकारो।** बोकारो में सबों ने जाति धर्म ऊंच-नीच का भेद और सारे गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुबह से ही बोकारो चास सहित आसपास के इलाके में स्थित मस्जिदों और ईदगाहों में सजे-धजे युवा बुजुर्ग और बच्चों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी। तमाम मस्जिदों में नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरी अकीदत के साथ मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की। इसके बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कल रात चांद दिखने के बाद पूर्व से निर्धारित समय के अनुसार मुस्लिम बहुल्य इलाकों में ईद की नमाज अदा की गई।


**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला में आगामी लोक सभा आम चुनाव – 2024 स्वच्छ, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयुध अधिनियम, 1959 एवं शस्त्र नियमावली, 2016 (यथा संशोधित) के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत जिला में सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र (कारतूस सहित) का सत्यापन के बाद कतिपय मामलों को छोड़कर उसे शस्त्र विक्रेता के पास अथवा संबंधित थाना/ओ0पी0 में जमा किये जाने का आदेश निर्गत किया जा चुका है। तदनुसार एतद् द्वारा जिले में आवासित वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों, जिनकी अनुज्ञप्ति झारखण्ड राज्य के अन्य जिले या अन्य राज्य से निर्गत है, आगामी 72 घंटे के भीतर संबंधित थाना/ओ0पी0 में अथवा शस्त्र विक्रेता के पास अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्र (कारतूस सहित) को जमा करा कर पावती प्राप्त कर लें तथा इसकी सूचना जिला सामान्य शाखा, समाहरणालय भवन ब्लॉक – A, (मो0 नं0 7008325545) में दें।

उपायुक्त,
सिमडेगा

PR 323772 Election(24-25)#D


## नाबालिक का शव पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा, परिजनों ने गैंगपेप का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरहेट।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिक लड़की का शव बरहेट थाना लाया गया, जिसे पोस्टमार्टम के लिए थाना पुलिस ने साहिबगंज भेज दिया इस संबंध में नाबालिक के पिता ने बताया गुरुवार रात्रि लगभग 8:00 बजे किसी ने लड़की को फोन कर मेला जाने की बात कहा था जिसके बाद लड़की ने एक लोटा लेकर घर से बाहर गई थी काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तब खोजबीन प्रारंभ किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला शुक्रवार के सुबह लगभग 7:00 बजे लड़की गंभीर स्थिति में घर पहुंची और घर में खाट पर लेट गई और कुछ पूछने पर वह कुछ भी नही बता पा रही थी इसी क्रम में उसकी मौत हो गई बताया कि मामले की जानकारी बरहेट थाना पुलिस को दी गई इसके बाद पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इसके साथ ही संभावना व्यक्त करते हुए बताया कि लड़की के साथ तीन-चार लड़कों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है और जान से मारने का प्रयास किया लेकिन लड़की किसी तरह भागने में सफल रही और घर में आकर दम तोड़ दी इधर इस मामले को लेकर पुलिस आवश्यक कार्रवाई हेतु छानबीन मे जुट गई है।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष बने अनिल और समरेन्द्र व अविनाश बने उपाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद् बोकारो के कार्यकारिणी की मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में संपन्न बैठक में परिषद कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 2024 - 2027 के लिए मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष के पद पर बीएसएल के सीजीएम अनिल कुमार व उपाध्यक्ष पद हेतु समरेन्द्र झा एवं अविनाश कुमार झा का मनोनयन किया गया। इसके साथ ही विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में विपिन कुमार सिंह कुंदन कुमार राजेन्द्र कुमार व बटोही कुंवर मनोनीत किए गए। बैठक में भावी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गयी। 28 अप्रैल को बीजीएच के सहयोग से मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में परिषद् के चास स्थित जमीन पर प्ले स्कूल खोलने हेतु भवन निर्माण पर भी चर्चा हुई। बैठक में परिषद् के नये मनोनीत उपाध्यक्षद्वय समरेन्द्र झा व अविनाश कुमार झा महासचिव नीरज चौधरी संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार झा सुनील कुमार चौधरी वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक संगठन सचिव बहुरन झा योजना सचिव शिवेश पाठक प्रेस सचिव मुकेश कुमार झा उप वित्त सचिव मनोज कुमार झा उप सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक प्रदीप झा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सचिव पी के झा चंदन कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द कुमार झा अनिल कुमार झा अरविन्द कुमार मिश्र शंकर कुमार सिंह गोपाल कृष्ण झा आदि उपस्थित थे।

# राम नवमी, चैती दुर्गा, और चुनाव को लेकर पुलिस विभाग सख्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** एक साथ जब दो तीन त्योहार होते हैं वो भी दो समुदायों के और ऊपर से लोक सभा चुनाव के राजनीतिक अखाड़े में उतरे क्षेत्र के कई अलग अलग राजनीतिक अखाड़े के दिग्गज पहलवान लंगोट डाले आमने सामने हो तो आम जनता सिर्फ तमाशाई बन कर अपनी सुरक्षा का भार और अपने अधिकार की रक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन के कंधे डालकर त्यहारों के आनंद की खुशी और राजनितिक अखाड़े में छल, बल छद्म के साथ आम जनों के समर्थन की ताकत पर जय या पराजय की माल ग्रहण कर सत्ता की शक्ति प्राप्त करते हैं। ऐसे में राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल कर छद्म रूप से धर्म को आधार बनाकर क्षेत्र में अशांति उपद्रव, हिंसा, अफवाह, नशा, रुपया, के प्रलोभन में गैर कानूनी तरीके से आम जनता के साथ कुछ आपराधिक,शरारती तत्वों और कुछ लोभ देकर आम जनों को प्रभावित करते हैं। ऐसे में क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के साथ नियम और कानून का पालन करने और अपने कर्तव्य और दायित्व का निर्वाह करना पुलिस और प्रशासन के लिए एक चुनौती से कम नहीं होती और पुलिस और प्रशासन की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक इसके प्रमुख नियंत्रक होते हैं। दोनो की जिम्मेदारी और कर्तव्य है जिले के अंदर सब कुछ सामान्य रहे, कानून का पालन हो आम नागरिक जनों के हितों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करना शांति पूर्ण सद्भाव आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाए या चुनाव में अपने मतों का स्वतंत्र होकर भयरहित होकर मतदान करे।

इसी कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों ने उपायुक्त गोड्डा जीशान कमर और पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा के निर्देश पर गोड्डा शहर की तंग गलियों में एक समूह बनाकर दौरा किया और स्थानीय जनता से बात चीत की जिसमे दोनो समुदाय के मुहल्ले आसन बनी, गुलजार बाग, सरकंडा चौक, भटडिहा, गांधी नगर आदि क्षेत्रों का दौरा किया और आम जनों से मिलते हुए उनकी समस्याओं को सुना।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 23.04.2024 को 1.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 24.04.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.04.2024 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के पंचायत+ग्राम–हरली के राज्य संपोषित सरकारी विद्यालय +2 उच्च विद्यालय हरली में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 1761200.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 2. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नापोखुर्द में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 1761200.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 3. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 2498400.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 4. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांड में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 1761200.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 5. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के नव प्राथमिक विद्यालय अंबाटोला में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 1761200.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 6. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरली में किचेन शेड निर्माण। | 247700.00 | 49600.00 | 5000.00 | 1 माह |

नोट: –1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का मान्य होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग।

PR.NO.323779 Rural Development(24-25):D

खबर मन्त्र

रांची.शनिवार . 13अप्रैल 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# वेलकम टेस्ला!

देश में टेस्ला बहुत जल्द दस्तक देने वाली है। देश में प्लांट लगाने के लिए एलन मस्क ने पहले ही कई राज्य सरकारों से बात की थी। अमेरिकीअरबपति मस्क का भारत दौरा तय हो गया है। वह 22 अप्रैल के सप्ताह के दौरान नई दिल्ली में पीएम मोदी से मिलेंगे। वह भारत के लिए अपनी योजनाओं की अलग से घोषणा भी कर सकते हैं। टेस्ला के भारत में मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी स्थापित करने की खबरों के बीच तमाम राज्य सरकारों के बीच अपने यहां कारखाना लगाने के लिए रेस शुरू हो गई है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, तमिलनाडु आक्रामक रूप से खुद को टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए पेश करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, जब तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टी. आर. बी. राजा से पूछा गया कि क्या टेस्ला उनके रडार पर है? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, तमिलनाडु सभी ग्लोबल कार कंपनियों से इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण के सभी अवसरों के लिए प्रयास करेगा। तमिलनाडु के पास देश की सर्वश्रेष्ठ इलेक्ट्रिक वाहन नीतियां और इकोसिस्टम है। राज्य को अक्सर ऑटोमेकिंग कौशल के लिए भारत का डेट्रॉइट भी कहा जाता है। चेन्नई,में निसान मोटर कंपनी , रेनॉल्ट एसए हुंडई मोटर कंपनी और बीएमडब्ल्यू एजी की मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी और जरूरी ऑटो पार्ट्स सप्लाई चेन का घर हैं। निवेश से राज्य संपन्न होता है, रोजगार मिलता है, नयी तकनीक देश में आती है। दुर्भाग्य से झारखंड में इस प्रकार का माहौल नहीं है जबकि टाटा समूह की कंपनियां जमशेदपुर में दशक से अधिक समय से है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक अपनी अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने और 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की कोशिश कर रहा है। इस कारण ईवी का भविष्य है और टेस्ला दुनिया की अग्रणी कंपनियों में एक है।

# भारतवंशी छात्रों की हत्या

अमेरिका में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी में आईटी मास्टर्स करने गये हैदराबाद के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने अमेरिका में अध्ययनरत भारतीय छात्रों को भयभीत किया है। यह छात्र अपने विश्वविद्यालय के होस्टल से बीते माह लापता हुआ था। विचलित करने वाली बात यह है कि इस साल के अभी तीन माह ही बीते हैं और ग्यारह भारतवंशी या भारतीय छात्रों की हत्या या संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। हैदराबाद के अब्दुल अरफाथ के परिजनों का कहना था कि उनसे एक अज्ञात कॉल के जरिये एक व्यक्ति ने फिरौती की मांग की थी। दुखद ही है कि एक अन्य भारतीय छात्रा उमा सत्या साई की क्लीवलैंड में ही पिछले सप्ताह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। अभी तक उसकी मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पिछले महीने भी भारत के एक प्रशिक्षित शास्त्रीय नर्तक अमरनाथ घोष की मिसौरी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बीते महीने भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर बीस वर्षीय भारतीय छात्र अभिजीत की मौत की जानकारी दी थी। एक 23 वर्षीय अमेरिकी-भारतीय छात्र समीर कामथ इंडियाना में मृत पाये गए थे। अब चाहे दो फरवरी को वाशिंगटन में रेस्तरां के बाहर आईटी इंजीनियर विवेक तनेजा पर जानलेवा हमला हो, जनवरी में इलिनोइस में 18 वर्षीय छात्र अकुल धवन की संदिग्ध मौत हो या फिर जनवरी में एक बेघर नशेड़ी द्वारा भारतीय छात्र विवेक सैनी की पीट-पीटकर की गई हत्या हो, ये घटनाएं बेहद दुखद व चिंता जनक हैं। दरअसल, भारतीय छात्रों के मन में अमेरिका को लेकर जो सपनों के नखलिस्तान की धारणा बनी रही है, अब अमेरिका सुरक्षा की दृष्टि से उतना सुरक्षित नहीं रहा। नस्लभेदी नजरिया हो, अपराधों की दुनिया हो, नशे तस्करों के जाल हों या फिर ईर्ष्या की प्रतिक्रिया हो, भुगतना तो निर्दोष प्रवासियों को ही है।

# भ्रष्टाचार के विरोध की पटकथा, केजरीवाल और परिवारवाद



भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। यह सभी जानते हैं कि भारत में जनता के लिए जनता का ही शासन है। जनता के शासन का सीधा तात्पर्य यही है कि जनता अपने बीच के किसी व्यक्ति को नायक बनाकर अपना प्रतिनिधि बनाती है। लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसन्द को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रहीं हैं। यह खेल निश्चित रूप से लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कहा जा सकता है। इस श्रेणी में एक या दो दल नहीं, कमोबेश हर राजनीतिक दल आज परिवारवाद की राह का अनुसरण करने के लिए अग्रसर हो रहा है। सवाल यह आता है कि आज नेता का बेटा या बेटी को ही विरासत सौंपने का चलन क्यों बढ़ रहा है, जबकि सारे राजनीतिक दल विशेषकर विपक्षी राजनीतिक दल लोकतंत्र को बचाने का नाराज बुलंद करने का सब्जबाग दिखा रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र बचाने के नाम पर एक रैली की, जिसमें परिवार को राजनीतिक विरासत सौंपने की ही राजनीति दिखाई दी। इसका तात्पर्य यही हो सकता है कि अब विपक्षी दल लोकतंत्र के बजाय परिवारवाद को ज्यादा महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में सत्ता चाह की रास्ते तलाश करने वाला विपक्ष आज पूरी तरह से परिवारवाद की राजनीति को ही चरितार्थ करने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के पश्चात विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति परिवार को आगे लाने की कवायद करने वाली ही लग रही है। पहले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल केवल अपने परिवार को ही आगे करके राजनीति करते रहे और आज भी कर रहे हैं, लेकिन अब इस दिशा में आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा भी शामिल हो गई है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी अब सक्रिय राजनीति में कदम रख दिया है। हालांकि वे जनता की सहानुभूति पाने के लिए अरविन्द केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व को फिर से स्थापित करने का प्रयास करेंगी, लेकिन केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर विपक्ष की ओर से कोई भी बोलने के लिए तैयार नहीं है।



- सुरेश हिंदुस्तानी

> कांग्रेस के बारे में यही कहा जा सकता है कि वह आज भी परिवारवाद के चंगुल से बाहर नहीं निकल सकी है। कुछ ऐसा ही नहीं, बल्कि इससे ज्यादा परिवारवाद समाजवादी पार्टी में दिखता है। मुलायम सिंह के परिवार के लगभग सभी सदस्य या तो विधायक और सांसद हैं या रह चुके हैं। बसपा नेता मायावती ने भी अपनी विरासत अपने परिवार को ही सौंपी है।

लोकतंत्र बचाने के नाम पर की गई इस रैली को किसी आभासी प्रहसन से कम नहीं कहा जा सकता। अगर केजरीवाल ने कुछ किया नहीं होता तो उसे न्यायालय से आरोप मुक्त करके छोड़ दिया जाता। पहले प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत के बाद अब केजरीवाल न्यायिक हिरासत में दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में यह भी स्पष्ट हो जाता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास अपने बचाव के लिए ठोस प्रमाण नहीं हैं।

यह बात सही है कि एक समय दिल्ली की जनता भ्रष्टाचार और वर्तमान राजनीतिक कार्यप्रणाली से बहुत त्रस्त हो गई थी, ऐसी स्थिति में जनता को केजरीवाल में एक नायक दिखाई दिया, जो जननायक बनने की श्रेणी में आ सकता था, लेकिन जब उन पर और उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे, तब इस पटकथा की इबारत बदली हुई सी लगने लगी। अब आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा के सांसद संजय सिंह दो लाख के निजी मुचलके पर जेल से सशर्त बाहर आए तो उनका स्वागत ऐसे किया गया, जैसे वे आरोप मुक्त हो गए हों। आम आदमी पार्टी के इस प्रकार के चरित्र को देखकर यही कहा जा सकता है कि जो पार्टी राजनीति में बदलाव लाने का सपना दिखाकर मैदान में आई थी, आज वह भी समय के अनुसार बदल गई है। खैरङ्घ यहां परिवारवाद की बात हो रही है। संजय सिंह जेल से छूटने के बाद अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने पहुंचे। यह वाकया निश्चित ही यह संकेत दे रहा है कि अब संभवतः सुनीता केजरीवाल दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सपनों को पूरा करने वाली हैं।

यह बात एक दम प्रामाणिक रूप से कही जा सकती है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा परिवारवाद है, इसके बावजूद भी राजनीतिक दल अपने परिवार तक ही अपने दल को सीमित रखने की कवायद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि इन दलों को वास्तविक लोकतंत्र से कोई मतलब नहीं है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने तो परिवारवाद की सीमाएं लांघ दी। उन्होंने बिना किसी राजनीतिक योग्यता के एक अनपढ़ पत्नी को राज्य की कमान सौंप दी। अब अपने पुत्रों को गद्दी सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। इसी प्रकार दो बार लोकसभा के चुनावों में पराजय की स्थिति में पहुंचाने वाले विरासती पृष्ठभूमि के नेता राहुल गांधी भी परिवारवाद के ही परिचायक हैं।

आज भले ही कांग्रेस ने अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बदल दिया हो, लेकिन वे भी राहुल गांधी को किनारे करने का साहस नहीं दिखा सकते। कांग्रेस के बारे में यही कहा जा सकता है कि वह आज भी परिवारवाद के चंगुल से बाहर नहीं निकल सकी है। कुछ ऐसा ही नहीं, बल्कि इससे ज्यादा परिवारवाद समाजवादी पार्टी में दिखता है। मुलायम सिंह के परिवार के लगभग सभी सदस्य या तो विधायक और सांसद हैं या रह चुके हैं। बसपा नेता मायावती ने भी अपनी विरासत अपने परिवार को ही सौंपी है। ऐसे उदाहरण से क्षेत्रीय दल भी अछूते नहीं हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट पर परिवार कायम है तो नेशनल कान्फ्रेंस पर शेख अब्दुल्लाह का परिवार ही कमान संभाल रहा है। खास बात यह है कि यह सभी परिवार पार्टी के मुखिया ने ही स्थापित किए हैं। लोकतंत्र में ऐसी राजनीति नहीं होना चाहिए।

## खास बात

### योग के साधन

**स्वामी मुक्तरथ**



योगसाधन के उपाय में यह बतलाया गया है कि पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरांत किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अंत में सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियों को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं वह इस प्रकार हैः- अभ्यास और वैराग्य, ईश्वर का प्रणिधान, प्राणायाम और समाधि, विषयों से विरक्ति आदि। यह भी कहा गया है कि जो लोग योग का अभ्यास करते हैं, उनमें अनेक प्रकार को विलक्षण शक्तियाँ आ जाती है जिन्हें 'विभूति' या 'सिद्धि' कहते हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठों योग के अंग कहे गए हैं, और योगसिद्धि के लिये इन आठों अंगों का साधन आवश्यक और अनिवार्य कहा गया है। इनमें से प्रत्येक के अंतर्गत कई बातें हैं। कहा गया है जो व्यक्ति योग के ये आठो अंग सिद्ध कर लेता है, वह सब प्रकार के क्लेशों से छूट जाता है, अनेक प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर लेता है और अंत में कैवल्य (मुक्ति) का भागी बनता है। सृष्टितत्व आदि के संबंध में योग का भी प्रायः वही मत है जो सांख्य का है, इससे सांख्य को 'ज्ञानयोग' और योग को 'कर्मयोग' भी कहते हैं।

पतंजलि के सूत्रों पर सबसे प्राचीन भाष्य वेदव्यास जी का है। उस पर वाचस्पति मिश्र का वार्तिक है। विज्ञानभिक्षु का 'योगसारसंग्रह' भी योग का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। योगसूत्रों पर भोजराज की भी एक वृत्ति है (भोजवृत्ति)। पीछे से योगशास्त्र में तंत्र का बहुत सा मेल मिला और 'कायव्यूह' का बहुत विस्तार किया गया, जिसके अनुसार शरीर के अंदर अनेक प्रकार के चक्र आदि कल्पित किए गए। क्रियाओं का भी अधिक विस्तार हुआ और हठयोग की एक अलग शाखा निकली; जिसमें नेति, धौति, वस्ति आदि षट्कर्म तथा नाड़ीशोधन आदि का वर्णन किया गया। शिवसंहिता, हठयोगप्रदीपिका, घेरण्डसंहिता आदि हठयोग के ग्रंथ है। हठयोग के बड़े भारी आचार्य मत्स्येंद्रनाथ (मछंदरनाथ) और उनके शिष्य गोरखनाथ हुए हैं।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# स्वांस से सिमरण

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**जब** स्वांस भीतर जाती है तो इसका आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस भीतर जा रही है। स्वांस बाहर जाती है तो इसका भी आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस बाहर जा रही है। तब आप पाएंगे कि एक गहन शांति उतर आई है। यदि आप स्वांस आ रही है, जा रही है इसे गहराई से देख सको तो यह क्रिया अभी तक की खोजी गई ज्ञान की सारी क्रियाओं से सर्वश्रेष्ठ क्रिया है और फिर किसी भी क्रिया की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्वांस सदैव वर्तमान में है। हम अतीत में स्वांस नहीं ले सकते और न ही भविष्य में स्वांस ले सकते हैं। स्वांस लेना हमेशा इसी क्षण में है। लेकिन मन अतीत के बारे में सोच सकता है और भविष्य के बारे में सोच सकता है। शरीर तो वर्तमान में होता है लेकिन, मन अतीत और भविष्य के बीच झूलता रहता है। शरीर और मन के बीच में एक विभाजन हो जाता है। शरीर वर्तमान में रहता है और मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता है। वे कभी भी मिलते नहीं, वे कभी एक दूसरे के सामने नहीं आते और उसी विभाजन के कारण विषाद, चिंता, तनाव और अशांति पैदा होते हैं। हर एक तनावग्रस्त है और वह तनाव ही चिंता व अशांति है। इस मन को वर्तमान में लाना है क्योंकि वर्तमान के अतिरिक्त दूसरा कोई समय है ही नहीं। इसलिए अभ्यास के प्रति प्रतिबद्धता से मन को स्वांसों की धुन में लीन करके स्वांसों के इसी पल में एकाकार करें तभी स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान होती है। परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से मनुष्य जीवन सफल होता है।

> **पिछली** सरकारों के समय में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे।
> मगर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता अनावश्यक सिफारिश के लिए किसी थाने या तहसील में नहीं जाता है।
> – आदित्यनाथ योगी

## रोचक ट्वीट

> **ड्रोन** की बहुआयामी उपयोगिता का लाभ देश को मिले, ड्रोन स्टार्ट अप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जी सतत प्रयत्नशील हैं।
> –अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री





> **समय** मूल्यवान सत्ता है। समय अर्थात जीवन, समय का अपव्यय परोक्षतः जीवन का ही अपव्यय है। अतः उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राप्त ऊर्जा शक्ति सामर्थ्य और समय का सही उपयोग हो ।
> –अवधेशानंद गिरी

# समाज का विकास और राज्यों के आर्थिक विकास का संबंध

**मृत्युंजय प्रसाद**

## समाज

**आर्थिक** वास्तविकता एवं समाज के आर्थिक अनुबंध (रूसो के शब्दों में) का अंग सरकार, उद्योग जगत और उपभोक्ताओं की तिकड़ी होती है और इस पर मीडिया एवं न्यायपालिका का प्रभाव भी होता है। एक समन्वित दृष्टिकोण से आर्थिक बहाली की बाधाओं को दूर करने में मदद मिल सकती है। उत्पादों एवं सेवाओं पर लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को एक उदाहरण के तौर पर देखें। किसी भी दर पर सरकारी संग्रह उस समय बढ़ जाता है जब उत्पाद या सेवा की आपूर्ति बढ़ती है। लेकिन कीमत बढने पर अमूमन उस सेवा या उत्पाद की मांग घट जाती है। बाजार साम्यावस्था मांग एवं आपूर्ति स्तरों पर निर्भर दाम पर उपभोक्ता को लगने वाले मूल्य के एक स्तर पर होगी। इसके विपरीत जीएसटी की दरें कम होने का मतलब मांग बढ़ने होता है। महंगे उत्पादों के मामले में दर कम होने पर सरकार का जीएसटी संग्रह बढ़ जाता है। इसकी वजह यह है कि कर की दर बढ़ने पर एक स्तर के बाद बिक्री राजस्व में गिरावट आने लगेगी जिसका नतीजा जीएसटी संग्रह में कमी के तौर पर सामने आएगा।

जहां सरकारी खजाना कर संग्रह पर निर्भर होता है, वहीं सरकार का उद्देश्य सत्ता में बने रहने के अलावा सार्वजनिक हित को बढ़ाना भी होना चाहिए। जब संग्रहीत कर तर्कसंगत होने के साथ जनहित में भी योगदान देते हैं तो उत्पादों एवं सेवाओं की चुकाई कीमत के बारे में उपभोक्ता के नजरिये के साथ साम्यता होती है क्योंकि इसका इस्तेमाल सरकारी कोष से जन कल्याण के लिए किया जाता है। किसी उत्पाद या सेवा के लिए एक सर्वोत्कृष्ट जीएसटी दर मानी जाती है जो समाज के लिए सार्वजनिक लाभ को अधिकतम कर दे। कर की ये दरें विनिर्माण एवं आवश्यक सेवाओं के प्रमुख क्षेत्रों को प्रभावित करती हैं। एक उदाहरण से इसे समझते हैं। कारों एवं ऑटो उपकरणों के विनिर्माण में भारत की क्षमता पिछले कई वर्षों में व्यवस्थित ढंग से तैयार हुई है। वर्ष 2018 में 323 अरब डॉलर के कुल निर्यात का 5 फीसदी से थोड़ा अधिक हिस्सा वाहन निर्यात का था जबकि 2 फीसदी हिस्सा वाहन कलपुर्जों का था। हालांकि कई कारणों से बिक्री में सुस्ती रही जिनमें जीएसटी व्यवस्था में ढलने से जुड़ी समस्याओं की भी कुछ भूमिका रही। वाहनों एवं कलपुर्जों पर जीएसटी दर को 28 फीसदी रखने के पीछे अधिक राजस्व जुटाने का मकसद था। लेकिन जीएसटी प्रणाली की जटिल संरचना एवं इसके क्रियान्वयन संबंधी अड़चनों ने जुलाई 2018 के बाद बिक्री को कम कर दिया। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, सख्त प्रदूषण मानकों को अपनाने और सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जुड़ी समस्याओं ने भी हालात को बिगाड़ने का काम किया। जीएसटी प्रणाली से जुड़ी मुश्किलों ने वाहनों के निर्यात को भी प्रभावित किया। जीएसटी की दरों के बारे में विचार करने के कई परिप्रेक्ष्य हैं।

पहला, अगर दरों को 28 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी या 5 फीसदी पर लाया जाता है तो राजस्व पर पड़ने वाले उसके असर को ध्यान में रखना होगा। (अ) वाहन बाजार की अगुआ मारुति सुजूकी पर ऊंची कर दरों से प्रभावित होने की संभावना नगण्य है क्योंकि अस्थायी तौर पर बिक्री सुस्त है और उसने अपनी क्षमता पुराने निवेश से स्थापित की है। भारत के अगले 10 वर्षों में एक ठोस बाजार एवं एक मजबूत विनिर्माण आधार के रूप में तब्दील होने की उम्मीद करते हैं तो भी इस अंतरिम अवधि में नियामकीय अनिश्चितता और अपर्याप्त ढांचे की वजह से उनका उत्साह इस हद तक फीका पड़ सकता हैं। भारत यह मानकर नहीं चल सकता है कि यह स्वभावतः चीन का विकल्प है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### गंभीर अपराध

**यह** एक ऐसा अपराध है जिसकी गूंज बड़ी दूर तक सुनाई देती है। इस राज्य में किसी भी लड़की को सरेआम पीटा जाना दुष्कर्म किया जाना एक शर्मनाक घटना है। ऐसे धटनाओं पर तुरंत अंकुश लगाने ी जरुरत है। झारखंड एक शांत और अपराधमुक्त राज्य था लेकिन विगत कुछ वर्षो से राज्य के शहर और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ा है।

-अनुराधा, गढ़वा

### छात्रों को सुरक्षा मिले

**अमेरिका** में भारतीय और भारतीय मूल के छात्रों की मौतों का निष्कर्ष है कि वहां का प्रशासन लगातार हो रहे हमलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। कुछ संगठनों ने इन घटनाओं के मुख्य कारणों की पहचान की है, जिनमें हिंसक अपराध, संदिग्ध दुर्घटनाएं और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मानसिक मुद्दे शामिल हैं। नकरात्मक विचार भी जिम्मेवार हैं।

– रवि, रांची

# हाट बाजार का सामाजिक ताना-बाना टूट रहा है

**सुधीर विद्यार्थी**

## समाज

**गांव** के हाट-बाजारों की शक्ल अब बदल गई हैं। वे प्रायः मझोले किसान होते और अपनी फसल का थोड़ा-सा हिस्सा बेचने के लिए बैलगाड़ियों में लादकर लाते। छोटी जोत की किसानी करने वाले अपने सिरों पर अनाज रखकर, उसकी बिक्री कर और अपनी जरूरत का सौदा-सुलुफ बांधकर घर लौट जाते। कई बार यह खरीदारी इतनी कम होती कि उन चीजों की खपत दो-तीन दिनों में ही हो जाती और फिर अगले बाजार का बेचैनी से इंतजार होता।

वहां बिकने वाली वस्तुओं में दाल, मसाले, गुड़, सरसों, मिट्टी का तेल, कुप्पी, साबुन, कंघी और बिसातखाने के दूसरे छोटे-बड़े सामान, कपड़ा, आलू-सब्जी की दुकानें तथा नाई से हजामत बनवाने का भी काम होता। पान और चाट के नुक्कड़ भी सज जाते। मांस-मछली की बिक्री होती, तो भीड़ से थोड़ा हटकर बैलों और घोड़ों के नाल लगाने तथा उनकी पूंछों के बाल कतरने वाले अपने कारोबार में जुटे होते। कोई एक दवाखाना भी उसी घेरे में आ जमा होता। पहले इन बाजारों में मिट्टी के बर्तन भी बिकते देखने को मिल जाते थे, पर अब छोटे घरों में भी उनकी पहुंच नहीं रही। प्लास्टिक ने कुम्हारों की कला को विस्थापित कर दिया है। बाजार में खरीदारों की आवाजों का मिला-जुला शोर बाजार के चरित्र का एक खास और स्थायी हिस्सा होता, जिसे चीन्हना इन दिनों कठिन हो गया है।

गांव में तीसरे दिन या सप्ताह भर में जुड़ने वाले इन बाजारों में अब गंवई स्त्री-पुरुष नहीं आते। मोटे अनाज की पैदावार घटने पर बिक्री के लिए बाजार तक उनका पहुंचना मुहाल होने लगा है। जरूरत की चीजों की खरीदारी के लिए लोग अब मोटर वाहनों से निकटवर्ती कस्बों में जाने लगे हैं। जो पक्की सड़कें गांव के निकट से गुजर कर शहर की तरफ जाती हैं, उनके किनारे बड़ी संख्या में दुकानें उग आई हैं, जिनसे देहात के बाजारों की रौनक कम होने के साथ वहां लोगों की उपस्थिति घटी है। ठंडे पेय और पैकटबंद चीजें बेचने वालों ने अब बाजार की नई संस्कृति विकसित की है। यहां हाट-बाजारों की भांति देहात के लोग मोल-भाव कर चीजें नहीं खरीद सकते। गांव में सब्जी पैदा करने वाले किसान भी अब अपना उत्पाद लेकर मंडी जाते हैं या फिर बिचैलिया उन्हें सीधे खेत से ही उठा लेता है। मुक्त अर्थव्यवस्था ने गांव के ढांचे को ही तोड़ा-बदला नहीं, परंपरागत हाट-बाजार के परिदृश्य को भी उलट दिया है। खेतों में पैदा मूली, गाजर, आलू, लौकी, तुरई-सब कुछ अब शहर के मॉल में चमकीली पन्नियों में बिकने लगी है। देहाती बाजार अब उजड़ गए हैं। दुकानदारों और ग्राहकों के बीच जमा-जमाया रिश्ता भी दरका है। नए बाजार की संस्कृति अब गांव के छोटे हाट-बाजारों को पनपने भी नहीं देना चाहती। वह अपने व्यावसायिक शातिरपने से उन्हें वीरान करने पर आमादा है। गांव में छोटी जोत वाला बड़े लोगों से अपनी घर-गिरस्ती चलाने के लिए जो उधार-कर्ज लेता था, उसे निपटाने के लिए उसके पास साप्ताहिक बाजार में अनाज बेचकर देने का रास्ता होता था, जिसे नए बाजार ने बंद कर दिया है। एक समय बाजार स्वयं चलकर गांव आता था। तब अनाज के बदले चीजों की खरीदारी का चलन था। रसोई का सामान, मसाले, बरफ, चाट, धान का चूरा जैसी वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार बड़ा दिलचस्प था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## 325 वां खालसा साजना दिवस आज




**रामगढ़।** 325 वां खालसा साजना दिवस 13 अप्रैल को श्री गुरुद्वारा साहिब में मनाया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जाएगा। इस वर्ष बैसाखी को खास बनाने के लिए 12 को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर किला मंदिर,लोहार टोला,झंडा चौक, मेन रोड,सुभाष चौक होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुई। फेरी का स्वागत रामगढ़ स्त्री सत्संग ने किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से माता महेंद्र कौर अरोड़ा ने महिला सत्संग की प्रधान बलविंदर कौर को सरोपा देकर सम्मानित किया। मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, रणजीत सिंह छाबड़ा, सरदार तेजेंदर सिंह सोनी, गुरजीत सिंह सरदार, अंकित सिंह कालरा,आशु कालरा,राजा कालरा,बबलू छाबड़ा, यश छाबरा, अनु कालरा, शरद चमन,सरदार रविंद्र सिंह छाबड़ा उर्फ बिट्टी सिंह , हरप्रीत सिंह खालसा, जसकीरत सिंह भाटिया आदि उपस्थित थे ।

## उज्जवला फाउंडेशन की बैठक

**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक शुक्रवार को बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम परिसर के जेपी रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट हॉल में हुई। बैठक में सदस्यों ने सर्व प्रथम आय- व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। साथ ही फाउंडेशन के उत्थान पर बल दिया। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन सचिव आशा कुमारी ने किया। मौके पर शांति देवी, मनसरी देवी, यशोदा देवी, सुशीला देवी, रेखा देवी, अंजू देवी, सोनिया कुमारी, निशा कुमारी, अनीता देवी, संगीता देवी, गीता देवी, उपाशी देवी, रुपमनी देवी, वीणा देवी, संगीता दास, मीना देवी, कजल देवी आदि उपस्थित थे।

## करमाली टोला में सरहुल की पूजा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** करमाली टोला सरहुल पूजा समिति के तत्वावधान में सरहुल पर्व के पावन अवसर पर पटेलनगर पंचायत के करमाली टोला बिरसा चौक भुरकुंडा के समीप सरना स्थल में भी शुक्रवार को सरना पूजा की गई। इस दौरान श्रीनाथ करमाली के नेतृत्व में पाहन रतन करमाली और विक्रम करमाली द्वारा पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक तरीके से मां सरना की विशेष पूजा की गई। इसके बाद लोगो को सखुआ फूल और चावल देकर क्षेत्र की हरियाली-खुसहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर करमाली टोला सरना पूजा के संस्थापक विक्रम करमाली और राजन करमाली मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर पूजा समिति के सदस्य अर्जुन करमाली, पृथ्वीराज करमाली, अरुण करमाली, राजेश करमाली, राजू करमाली, सुमित करमाली, मनीष करमाली, अखिलेश टोप्पो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ में उमड़ी भीड़





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार को कई धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान अयोध्या के आचार्य पद्मनाभ दास महाराज जी के देख-रेख में आचार्यों द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अरणीमंथन, अग्नि स्थापना, होम आरंभ आदि अनुष्ठान कराये गये। वहीं यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों व बच्चों की अपार भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने घंटो यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि व हरियाली खुशहाली की कामना की। पूजा में बतौर यजमान अशोक तिवारी, बिनोद दूबे और गोपाल करमाली सपत्नी शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं रात्रि साढ़े सात बजे से उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास श्री किशोरी पंडित निवार्णी दुबे जी द्वारा प्रवचन किया गया। जिसमें देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। महायज्ञ सातंवे दिन 15 अप्रैल को पुणार्हुति व हवण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। जबकि 16 अप्रैल को भव्य भंडारा आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ को सफल बनाने में संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार, विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, विजय, शंकर, विक्की आदि थे।

# विस्थापितों की आवाज संसद में गूंजेगी : जायसवाल

### एनडीए सांसद प्रत्याशी ने बड़कागांव के 24 गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के 10 पंचायत के करीब 24 गांवों का तूफानी दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान की अपील को लेकर जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया।

उन्होंने दौरे की शुरूआत बड़कागांव पश्चिमी पंचायत स्थित ग्राम लंगातु से किया। जिसके बाद आराहारा, जुगरा, चेपकला, सिकरी, चमगढ़ा, केरीगढ़ा, चेपाखूर्द, डाड़ी कला, सिंदवारी, चिरका, पड़रिया, खैरातरी, कांडतरी, मिजार्पुर, सोनपुरा, महुदी, सांढ, शिवाड़ीह, महुंगाय सहित बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित बड़कागांव चौक के कई जगहों पर जनसंवाद को संबोधित किया। जायसवाल जनसंपर्क अभियान के दौरान जब पैतृक और



पुरखों की धरती बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत के ग्राम जुगरा पहुंचें तो ग्रामीणों ने आरती उतारकर कर और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत भव्य किया। यहां ग्रामीणों ने अंग- वस्त्र भेंटकर अपने गांव के सोनू का सम्मान किया। श्री जायसवाल ने कहा कि आज भी अपने बचपन को किसी ने जिंदा रखा है तो वो बड़कागांव वैसी ही हैं। उन्होंने कहा कि जब सोनू कहकर लोग मुझे पुकारते हैं तो मेरे बचपन और दादी के साथ बिताए बड़कागांव की स्मृतियां ताजा हो जाती हैं। मैंने अपने पुरखों की धरती से हमेशा नाता जोड़ रखा है और भविष्य में भी जोड़े रखूंगा ।

उन्होंने कहा कि मैं भी बड़कागांव का धरतीपुत्र हूं और विस्थापित होने के नाते आपका दर्द को बखूबी समझता हूं। आप मुझे मौका दें, अपना आशीर्वाद देकर सांसद चुने आपकी आवाज संसद भवन में गूंजेगी। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर महतो, भाजपा जिला मंत्री मूलचंद साव, रंजन चौधरी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# अंजू देवी भाजपा में शामिल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा क्षेत्र की समाजसेवी अंजू देवी ने अपने दर्जनों समर्थको के साथ भाजपा में शामिल हुई हैं। झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद संजय सेठ की उपस्थिति में अंजू देवी ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुयीं। सभी का अतिथियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर अंजू देवी ने कहा कि भाजपा के क्रियाकलापों से प्रभावित होकर और पीएम मोदी के हाथों को और मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा में शामिल हुई हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए




समाज हित में कार्य करना मेरा उद्देश्य होगा। साथ ही सबों को एक सूत्र में पिरोकर भाजपा पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का हर संभव प्रयास करूंगी। अंजू देवी के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामने वालों में वरिष्ठ नेता प्रकाश नायक, कृष्णा यादव, राकेश गुप्ता, सूरज कुमार, विमला देवी, सुनीता देवी आदि शामिल हैं।

## दो दोस्तों की सड़क दुर्घटना में मौत

**कुजू।** सड़क दुर्घटना में कुजू के दो दोस्तों की मौत हो गयी। शांतिनगर निवासी बबलू बेदिया पिता चौहन बेदिया व लकड़ी गेट हेसागढ़ा निवासी संदीप लोहरा गुरूवार को सरहुल मेला देखने के लिए रांची गेतलसुद गये थे। वापस लौटने के क्रम में रात्रि करीब 8 बजे गेतलसुद डैम के पास मोड़ में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया गया। जहां दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वही उनके साथ बैठा छोटू गंभीर रूप से घायल। जिसका इलाज चल रहा है। दोनों परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है।

## सरहुल पर विशेष पूजा-अर्चना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति भुरकुंडा के तत्वावधान में शुक्रवार को रिवर साईड सरना स्थल में पाहन ने विशेष पूजा-अर्चना की। पाहन देव लाल मुंडा और सहयोगी राजेंद्र मुंडा ने पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक तरीके से मां सरना सहित जल, जंगल, जमीन, गांवा देवती व पूर्वजों की पूजा की। इसके बाद तीन मुर्गों की बलि देकर सरना स्थल में महुआ फूल चढ़ाया गया। पाहन ने लोगों को सखुआ फूल और चावल देकर क्षेत्र की हरियाली-खुसहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद पाहन ने घडे. में रखे पानी को देखकर बताया कि इस वर्ष काफी अच्छी वर्षा होगी। पूजा के बाद लोगों के बीच चना-गुड़ के प्रसाद का वितरण किया गया। सरहुल के अवसर पर सरना धर्मावलंबियों ने मांदर की थाप पर परंपरिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किये। मौके पर समिति के संरक्षक दर्शन गंझू, अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, पाहन देवलाल मुंडा, राजेंद्र मुंडा, सचिव संतोष उरांव व कोषाध्यक्ष देवशरण मुंडा उपस्थित थे।

# हेचरी से हो रहे प्रदूषण को लेकर एकजुट हुये बानाहप्पा के ग्रामीण

**प्रदूषण से कुछ माह पहले कई पशुओं की हो चुकी है मौत और ग्रामीण घर छोड़ने को मजबूर**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बानहप्पा में स्थित वेंकटेश और श्यामली फीड्स हैचरी से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्रदूषण से पूरे गांव त्रस्त है हैचरी से निकले मलवे को पास के ही नदी में डाल दिया जाता है जिससे काफी बदबू आती है छोटे-छोटे सभी बच्चे बीमार पड़ रहे हैं बदबू से किसी को खाना नहीं नही खिला रहा और न कोई व्यक्ति आराम से सो सकता है। नदी के पानी पीने एवं नहाने के बाद सरीर में जख्म हो जाता है कुछ माह पूर्व कई ऐसे पशु , मछली मर चुके हैं ग्रामीणों ने आज उग्र प्रदर्शन किया और कहा कि इस हैचरी को बंद करवाया जाए अन्यथा हम लोग घर हि छोड़ देंगे जिसकी सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना के एएसआई जितेंद्र भगत अपने दल बल के साथ पहुंचे और मामला को शांत करवाएं उन्होंने कहा इस मामले को न्यायालय में दें आपस में लड़ाई झगड़ा ना करें जिससे कोई बड़ा विवाद बन जाए। हैचरी के मालिक मनोज मेहता ने कहा कि ऐसा कोई बदबू नहीं आती है मेरा ऊपर लोग दबाव बना रहे हैं इस गांव में और भी कई ऐसे फॉर्म हैं क्या उससे बदबू नहीं आती है। इस मौके पर राम कुमार सिंह, राजवीर सिंह विजय सिंह, पंकज यादव ,अभिषेक यादव ,अनुप यादव ,बांबी यादव, पुरूषोतम यादव ,मुनेश्वर यादव ,रनवीर सिंह जितेंद्र ,कुमार सिंह ,उपेन्द्र कुमार सिंह ,मोनु सिंह ,रोशन कुमार सिंह ,उमेश सिंह ,जितेंद्र राम गांव से बबलु साव दशरथ साव रनधीर वर्मा बसंत वर्मा विवेक सिंह मौजूद थे।

# नहाय खाय के साथ छठ शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय चैती छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ हुआ। महापर्व को ले छठ घाट सहित आवागमन रास्ते की सफाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। साथ ही छठ गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धा भक्ति व आस्था का महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन शनिवार को छठव्रती नियम पूर्वक खरना करेंगी। इस दौरान छठव्रती दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएंगे और पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद को सेवन करेंगी। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। साथ ही छठ पर्व के तीसरे दिन रविवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास पर रहेंगी।

वहीं अपराहन में सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों को सजाकर छठ घाटों पर पहुंच छठव्रतियों भक्तों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार छठ महापर्व के चौथे दिन सोमवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।



चना दाल व चावल का ग्रहण करती छठव्रती

# हजारीबाग से राजकुमार कुशवाहा झापा प्रत्याशी घोषित

### जड़ से खत्म करेंगे पलायन: कुशवाहा

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। रांची के डीबडिह स्थित द कार्निवल बैंक्विट हॉल में झारखंड पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक आहुत की गई और प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से संसदीय सीटों की घोषणा की गई। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने तीन लोकसभा सीटों में प्रत्याशी उतारने की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंहभूम, हजारीबाग ,चतरा ,खूंटी, लोहरदगा और राजमहल से चुनाव लड़ेगी। शुक्रवार को तीन संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवारों की घोषणा की गई जिसमें सिंहभूम से पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकु, चतरा से दर्शन गंझू एवं हजारीबाग से राजकुमार कुशवाहा को चुनावी मैदान में उतारेगी। बाकी संसदीय क्षेत्रों में उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। झारखंड पार्टी के हजारीबाग



जनसंपर्क करते राजकुमार कुशवाहा।

लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने शुक्रवार को दारू प्रखंड क्षेत्र का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने हरली पंचायत में जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि पूरा झारखंड राष्ट्रीय पार्टियों के छलावे में आकर धोखे का शिकार हुआ है। बेरोजगारी की समस्या चरम सीमा पर है, लगातार लोग पलायन कर रहे हैं। अभी तक जितने भी लोकसभा के प्रत्याशी राष्ट्रीय पार्टियों से चुनाव जीत कर आए हैं किसी ने भी स्थानीय जन समस्याओं का समाधान नहीं किया है। अगर मैं जीता तो सबसे पहले युवाओं को रोजगार से जोड़कर पलायन की समस्या को खत्म करने का प्रयास करूंगा। हेमंत सोरेन ने झारखंड में प्रति वर्ष 2 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी जो धरातल पर कहीं भी दिखाई नहीं देता। वहीं केंद्र सरकार का भी प्रतिवर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा भी झूठा साबित हुआ है। इसलिए मुझे मौका दें। पलायन की समस्या को जड़ से खत्म करूंगा। गे। मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, नगर सचिव ऋषिकेश, हरली पंचायत के मो. फारूक उद्दीन, सेक्रेटरी मो. अशरफ अंसारी, मो. मुनव्वर, मो. इसाक, मो. ऐनुल, मो. मुबारक, मो. वसीम, मंजर आलम, मो. एजाज, मो. मुस्लिम, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

## विष्णुगढ़ में सरहुल पर झूमे लोग



**विष्णुगढ़।** झारखंड आदिवासी संथाल समिति कुसुंभा पंचायत के द्वारा बहा पर्व (सरहूल) मिलन समारोह बहा टांडी अलखरी कला में हुआ। अंचलाधिकारी विकाश टूड्डू, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह , पंचायत के मुखिया दुलारचंद पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यकर्म का शुभारंभ किया। कार्यकर्म को सफल बनाने में समिती के अध्यक्ष मेहीलाल मरांडी, सचिव संझलू हांसदा , कोषाध्यक्ष राजाराम बेसरा एवं गणेश हंसदा का योगदान महत्पूर्ण रहा । समाजसेवी युवा नेता गौरव पटेल ने कहा कि इस तरह से ग्रामीणों के बिच आ कर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं, आपके बलिदान ने ही पर्यावरण को बचा कर आज के आधुनिक युग को खूबसूरत जिंदगी जीने का अवसर प्रदान किया है। मुखिया श्री पटेल ने कहा कि प्रकृति के गोद में जीने का अवसर बहुत कम लोगो के नसीब में होता है, साथ ही अपील किया की अब हमे और ज्यादा जागरूक हो कर हो रहे प्राकृतिक दोहन को रोकने की जरूरत है। आयोजन को सफल बनाने मे झारखंड आदिवासी संथाल समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर गोविंदपुर के मुखिया. रीता कुमारी, भेलवारा मुखिया... लक्ष्मी कुमारी, तथा समीति सदस्य गणेश हंसदा, बाबूचंद हेंब्रम, प्रदीप टुडू, रमेश टुडू फेनीराम हेंब्रम मोतिलाल हसदा सोहन हेंब्रम, सुरेश बस्के, तारिक लाल हंसदा, महेंद्र हंसदा, महेश टुडू,विनोद टुडू,नरेश मरांडी, प्रदीप कुमार महतो, देवंती देवी, नमीता हेंब्रम, सवितादेवी सांझली देवी, रजनी देवी, रहील मुर्मू सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## चलंत डीजे पर रहेगा पूर्ण बैन : थाना प्रभारी

**टाटीझरिया ।** झरपो , भराजो, अमनारी ,खैरा बेडमक्का ,नारायणपुर , खंभवा ,डूमर, धर्मपुर, टाटीझरिया केसडा , डहरभंगा सहित अन्य गांव से रामनवमी 17 मार्च को निकलने वाली झांकी के अध्यक्ष,सचिव के साथ बैठक थाना प्रभारी की अध्यक्षता में की गई बैठक में निर्देश दिया गया की अपना अपना समिति का लाइसेंस का रिनुअल करवाना था जो बहुत ही समिति का आवेदन अभी तक थाना में नही पहुंचा पाया है थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा की थाना क्षेत्र के जो भी समिति अपना अपना लाइसेंस का रिनुअल आज तक नही करवाये है वे अविलंब रिनूवल करवाए और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा जो समिति थाना में लाइसेंस जमा नही करेंगे वैसे समिति को झांकी निकालने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। समिति के चयन कर वोलेंटियर का नाम और कार्ड थाना से बनवा लेंगे शराब पर प्रतिबंध रहेगी बेचते हुए जो भी पकड़े जायेंगे उन पर कानूनी कारवाई किया जाएगा ।बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल होपन सिंह ,कुलेश्वर प्रसाद मुकेश यादव प्रकाश गुप्ता सहित समिति के अध्यक्ष सचिव मौजूद थे।

## अमन का देता है पैगाम ईद : अंबा प्रसाद



**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने गुरुवार को देर शाम ईद के मौके पर प्रखंड के कई गांव मोहल्ले में जाकर लोगों को ईद उल फितर की मुबारकबाद दी। विधायक ने इस दौरान चोपदार बलिया, बादम, डाड़ीकला समेत विभिन्न गांव पहुंचकर लोगों से मुलाकात की एवं ईद की मुबारकबाद दी। विधायक ने कहा कि ईद प्रेम, भाईचारा एवं अमन का पैगाम देता है। इस दौरान प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष एस तबस्सुम, मोहम्मद शमशेर, बाबर, अनवर अली, साबिर हुसैन, मोहम्मद शमीम, रफूल मियां,हनीफ मियां, पिंटू, वाहिद अली, याकूब, शाहिद, मुमताज, रुस्तम, मास्टर सुफियान, मुबारक,तबरेज, नसीम सहित कई लोग मौजूद थे।

## रामनवमी में निकलेगी शोभा यात्रा : कंचन देवी



**विष्णुगढ़।** रामनवमी के आते ही नगर,गांव अखाड़े भगवा रंग से सज गए हैं। कई अखाड़ों में भव्य मंगला जुलूस निकाली जा रही है। सनातनी धर्म प्रेमी प्रभु श्री राम की भक्ति भाव में विभोर होने लगे हैं। वासंती नवरात्र के सप्तमी तिथि में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल एवं मातृशक्ति,दुर्गावाहिनी के द्वारा प्रत्येक वर्ष निकाली जानें वाली शोभा यात्रा स्थगित कर हर घर,हर गांव में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष विष्णुगढ़ में शोभा यात्रा स्थगित कर पूरे प्रखंड में शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। इसकी सूचना मातृशक्ति प्रमुख कंचन देवी के द्वारा प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं को दी गई है। कंचन देवी ने कहा कि रामलला के अयोध्या में विराजने के बाद पहली रामनवमी मनाने का सौभाग्य मिला है ,प्रखंड़ के हर घर में भगवा ध्वज लगाएं, दीप जलाएं ,रामोत्सव धूमधाम से मनाएं ।इस वर्ष रामनवमी के सप्तमी में शोभा यात्रा स्थगित की जाती है। अगले वर्ष धूमधाम से रामनवमी सप्तमी के दिन भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रामभक्त रामनवमी महापर्व सपरिवार शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

# जल, जंगल और जमीन की रक्षा सभी का दात्यिव : संजीव बेदिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उरीमारी में गुरुवार को सरहुल धूमधाम से मनाया गया। उरीमारी जरजरा स्थित जुबला सरना स्थल में पाहन हेंजर ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की । क्षेत्र की सुख-समृद्धि व हरियाली-खुशहाली की कामना की। जल, जंगल व जमीन की रक्षा का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। कई गांव से आये मंडलियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

समिति उरीमारी की ओर से आयोजित समारोह में बरका-सयाल के जीएम अजय कुमार सिंह, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिहवन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया शामिल हुए। अजय सिंह ने कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है। यह हमसबों को एकता व भाईचारगी का संदेश देता है। संजीव बेदिया ने कहा कि इस पर्व में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। यह हमारे पूर्वजो की धरोहर है, जिसे संजोए रखना हमसबों का दात्यिव है। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दसई मांझी व संचालन कार्तिक उरांव ने किया। मौके यूसीडब्लूयू के क्षेत्रीय सचिव विंध्याचल बेदिया, राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिरसा पीओ डी शिवादास, हेंदेगीर पीओ रामेश्वर मुंडा, उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम, झामुमो के केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, मुखिया कमला देवी, चरका करमाली, मुखिया मालती देवी, नीलम मिंज आदि बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष दसई मांझी, कार्तिक उरांव, कौलेश्वर गंझू, बहादुर मांझी, दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, रैना टुडू, सुरेश मुर्मू, तुलसी उरांव, खेपन मांझी, महादेव सोरेन, तालो हांसदा, मनोज सिंह, सिकन्दर सोरेन, परमेश्वर सोरेन, सोलन हांसदा, शिकारी टुडू, रंजीत करमाली, बिनोद सोरेन, देवा उरांव आदि का विशेष योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

## अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर जब्त

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ब्रह्मपुर मोड़ समीप से गिद्धौर पुलिस ने शुक्रवार को अवैध तरीके से लदा बालू चार ट्रैक्टर को जब्त किया है। सभी ट्रैक्टर को प्रशासन ने थाना लाया है। बताया गया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी दल द्वारा अहले सुबह जब्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बताया गया कि दो ट्रैक्टर इटखोरी थाना क्षेत्र के पितीज पंचायत के हुरनाली गांव का है। जबकि दो ट्रैक्टर गिद्धौर थाना क्षेत्र में मंझगांवा पंचायत के घटेरी गांव का है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चैती छठ महापर्व

**कोडरमा।** उपवास का पावन पर्व चैती छठ पूजा शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर व्रतियों ने इसकी शुरुआत नहाय खाय से की। बताते चलें कि चार दिनों के इस महापर्व के पहले दिन व्रतियों के घर कद्दू भात का प्रसाद बना। वहीं व्रतियों के साथ उनके घर की महिलाएं भी नहाय खाय का प्रसाद बनाते देखी गई एवं दोपहर बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरे दिन शनिवार को वर्ती लोहंडा खरना पूजा करेंगी।

## आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर राख

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरचोई में गेंहू फसल की कटाई के दौरान आग लगने से हजारों की संपत्ति जल जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार मरचोई मौजा के पेटारो में खेत में बने पशु शेड के समीप गेहूं फसल की कटाई की जा रही थी, इसी दौरान अचानक आग लग गयी। जिसमें लगभग तीस बोरा गेहूं, पशु चारा समेत कृषि कार्य के उपकरण जल कर राख हो गया। इस घटना को लेकर रामदेव मिस्त्री ने थाना में आवेदन देकर आर्थिक सहयोग करने की गुहार लगायी है। आवेदन में कहा है कि मैं बुधवार की दोपहर गेहूं फसल की कटाई कर रहा था और फसल को पशु शेड में रख रहा था, तभी अचानक आग लग गई। जिससे पशु शेड में रखे गेहूं जल कर राख हो गया। मेरे द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, तब तक सब कुछ जल कर राख हो गया था। मैं एक गरीब किसान हूं, फसल जल जाने से बाल बच्चों के जीवकोपार्जन करने में काफी दिक्कत होगी।

## कोडरमा में भारी बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**कोडरमा।** मुख्यालय में शुरुवाती गर्मी से लोग काफी परेशान थे। जहां शुक्रवार को जोरदार बारिश के साथ ओले गिरने से तापमान में गिरावट आई है। जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। अचानक बादल में गर्जन व जोरदार हवाओं के साथ बारिश और ओले गिरने से कई जगह पेड़ की डालियां व बिजली के तार टूट गए। जिससे कोडरमा बाजार, इंदरवा, सुंदरनगर, जलवाबाद, नगरखारा, लोकाई, लक्खीबागी, चाराडीह में कई घंटे बिजली प्रभावित रही। वहीं किसानों ने बताया कि भारी बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है।

## दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोडरमा।** एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर कोडरमा थाना अंतर्गत कांड सं 79/2024 के आलोक में त्वरित उद्भेदन के लिए थाना प्रभारी सुजित कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में सम्मिलित अपराधी 19 वर्षीय सुरज कुमार शर्मा पिता अजय मिस्त्री जयनगर रोड रेलवे ब्रिज कॉलोनी थाना निवासी व 24 वर्षीय रोहित कुमार शर्मा पिता कृष्णा मिस्त्री गाधीनगर थाना धनसार जिला ानबाद निवासी को गिरफ्तार किया गया एवं अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी कोडरमा सुजित कुमार, पुअनि बमबम कुमार, हेमा कुमारी व सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर की जाएगी कड़ी से कड़ी कार्रवाई

### जुलूस व झांकी पर वीडियोग्राफी एवं ड्रोन के माध्यम से रहेगी पैनी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों और सदस्यों ने पूर्व में मनाए गए त्यौहारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में प्रखंडवार अखाड़ों और संवेदनशील स्थानों की भी जानकारी ली गई। बैठक में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया ताकि पर्व त्योहार में कोई अप्रिय घटना न हो और सभी धर्म के लोग सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मना सकें। उपायुक्त ने रामनवमी पर्व को लेकर आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार सम्पन्न कराएँ।प्रशासन विधि व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण रामनवमी सम्पन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट, भड़काउ पोस्ट से बचें। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 से लागू है इसका खास ख्याल रखा जाय।

**उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा: एसपी :** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने आगामी त्यौहारों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि पूर्व वर्ष की भाँती इस वर्ष भी नियमानुसार पारंपरिक रूप से त्यौहार मनाएं। सोशल मीडिया पर अफवाह, आपत्तिजनक पोस्ट एवं भड़काउ पोस्ट किए जाने पर संलिप्त लोगों के उपर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वाट्सअप पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने व बिना सत्यता के उसे आगे शेयर करनेवालो के उपर और वाट्सअप एडमिन के उपर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सुरत में विधि व्यवस्था में समस्या उत्पन्न करनेवालो उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियोग्राफी एवं ड्रोन के माध्यम से सभी झांकी व जुलूस पर पैनी नजर रखी जाएगी।



**डीसी ने पदाधिकारियों को दिए कई निर्देश :** चतरा के उपायुक्त ने रामनवमी के जुलूस के रास्ते में खराब चापानलों की मरम्मत और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग को भी स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने को कहा गया है ताकि जुलूस में शामिल लोगों का समय पर उपचार किया जा सके।

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और थाना प्रभारियों को बिजली के तारों पर ध्यान रखने और लटकते तारों को विद्युत विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके ठीक करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अखाड़ा अध्यक्षों और सदस्यों को अपने जुलूस निर्धारित रूट और समय पर ही निकालने को कहा गया है। रामनवमी पर्व के लिए जिन अधिकारियों और कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें ईमानदारी से अपने-अपने स्थान पर तैनात होकर अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा। लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा, सिमरिया, टण्डवा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अखाड़ों के अध्यक्ष, समिति के सदस्य समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय देवी प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत लोकाई पंचायत के तीनतारा में पांच दिवसीय देवी प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया, जहां प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई।

इस दौरान वजाारी आश्रम के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज शामिल हुए। वहीं 321 युवतियां एवं महिलाओं ने कलश उठाई। इस दौरान ढोल बाजे के साथ झूमते हुए जय माता दी, जय बजरंग बली, जय श्री राम, जय शंकर भगवान, सनातन ार्म की जय हो आदि जयघोष करते हुए भक्त तीनतारा से नगरखारा, गोसाईटोला, लोकाई तालाब पहुंचे। जहां ब्राह्मणों द्वारा विाि विाान से पूजा अर्चना कर कलश में जल भरवाकर पुनः बलरोटांड होते हुए यज्ञ स्थल पहुंची। वहीं शाम को प्रवचनकर्ता द्विंबर पांडेय के द्वारा भागवत कथा की गई, जहां गांव के हजारों महिलाएं, पुरुष व बच्चे कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान प्रवचनकर्ता ने कहा की इस प्रकार के यज्ञ का आयोजन होने से क्षेत्र में सुख शांति मिलती है। साथ ही यज्ञ मंत्रोच्चारण की वनि जहां-जहां तक पहुंचती है वहां से नकारात्मक शक्ति दूर भागती है। भागवत कथा करवाने से क्षेत्र के साथ-साथ देश और विश्व का भी कल्याण होता है। मौके पर आचार्य सच्चिदानंद पांडेय, राजेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, बालेश्वर साव, चांदो सिंह, मनोज सिंह, बिनोद सिंह, अजय सिंह, प्रशांत सिंह, प्रभात सिंह, विवेक सिंह, गुंजन सिंह, बिट्टू सिंह, राहुल सिंह, ारज मंडल, महेंद्र साव, चमन साव, राजू पंडित उमेश पंडित, बिनोद सिंह, प्रदीप मंडल, उमेश पंडित, महावीर साव, गाज़ो साव, बालदेव साव, मुन्ना सिंह, ारज मंडल, संजय साव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## एनटीपीसी ने मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** एनटीपीसी नार्थ करणपुरा ने परियोजना प्रभावित गाँवों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए एक मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) का उद्घाटन किया। एनटीपीसी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत, एमएमयू तीन साल के लिए छह गाँवों की सेवा करेगा, जो मृत्यु दर को कम करने के लिए मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करेगा। एमएमयू गाँवों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ, उच्चतर चिकित्सा सेवाओं के लिए रेफरल संबंध, और साक्षरता कार्यक्रमों का संचालन करेगा। जानकारी, शिक्षा, और संचार (आईईसी) गतिविधियों के माध्यम से, एनटीपीसी का उद्देश्य समुदाय को स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर जागरूक करना है। एनटीपीसी की कम्युनिटी कल्याण और उसके कार्यक्षेत्रों में दीर्घकालिक विकास और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के प्रति समर्पितता को दशार्ता है।

## चतरा में नक्सलियों की बम विस्फोट की योजना विफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में नक्सलियों द्वारा चुनाव को बाधित करने की योजना को 190 वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और जिला पुलिस ने विफल कर दिया। 12 अप्रैल 2024 को गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए सर्च अभियान के दौरान कुंदा थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुजराम के जंगल के पास से लगभग 02 सिंगल बम, बम बनाने का सामान और बिजली का तार बरामद किया गया। बरामद बमों का वजन क्रमशः 05 और 02 किलोग्राम था। खुफिया जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी और पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने और दहशत फैलाने के इरादे से बम लगाकर रखे थे। मनिष



कुमार के नेतृत्व में सर्च पार्टी ने चतरा जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्च अभियान चलाया। चुनाव को लेकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं जिला बल द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है और जिले में चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की नक्सल गतिविधि एवं दहशत फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## चतरा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उलगुलान न्याय महारैली में होंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) चतरा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पंकज कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में झामुमो जिला के पदाधिकारी, सभी वर्ग संगठन के अध्यक्ष-सचिव, सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष-सचिव और केंद्रीय समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्रीय निदेर्शानुसार 21 अप्रैल 2024 को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में सभी प्रखंडों से 25-25 गाड़ियों का काफिला कार्यकताओं और जनता के साथ जाएगा और भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगा। बैठक में जिला



अध्यक्ष के अलावा जिला सचिव अमरदीप प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष रूपेश यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना सिंह, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष निरमा देवी, केंद्रीय समिति सदस्य सरोज देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इकराम उल हक, चतरा सदर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र राम, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष बबलू केसरी, इटखोरी प्रखंड सचिव उमेश यादव, कान्हा छाती प्रखंड अध्यक्ष सुरेश साहू, जिला संयुक्त सचिव धीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष पुराण राम, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष मलेश्वर साहू, सिमरिया प्रखंड सचिव भूपेंद्र ठाकुर, गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा, लावा लॉन्ग प्रखंड सचिव मुकेश गंझू, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष रणजीत प्रजापति, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष मनोवर अंसारी, रीना देवी, भोला सोनकर, बिट्टू कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए किया प्रेरित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाािकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर परिषद् झुमरीतिलैया अंतर्गत वार्ड 1 एवं 2 में डोर टू डोर फार्म 6 कलेक्शन और 20 मई 2024 मतदान दिवस के दिन नैतिक मतदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर परिषद् झुमरीतिलैया में जिला जनसंपर्क पदाािकारी रवि कुमार के नेतृत्व में सहायक जनसंपर्क पदाािकारी अविनाश कुमार, नीतिन पांडेय द्वारा झुमरीतिलैया नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 2 में डोर टू



डोर घरों का भ्रमण कर फार्म 6 का कलेक्शन किया गया। वहीं जिला जनसंपर्क पदाािकारी ने बताया कि अभी भी जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नहीं जुड़ा है, वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा लें। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 24 अप्रैल 2024 तक मतदाता पंजीकरण फार्म 6 भरकर अपने बीएलओ, प्रखंड, अंचल, नगर पंचायत, नगर परिषद् कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

डीडीसी ने मतदाता रजिस्ट्रेशन महाअभियान का किया निरीक्षण

डीडीसी ऋतुराज द्वारा दो दिवसीय मतदाता पंजीकरण महाअभियान का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने कहा कि छुटे हुए सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ें और मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर प्रशासक हर्षवर्धन नगर परिषद झुमरीतिलैया मौजूद थे।

## पानी निकासी की उचित व्यवस्था की मांग

**कोडरमा।** जिले में बिन मौसम बारिश से हाल बेहाल हो गया। बारिश की पानी पंजाब होटल से हनुमान मंदिर तक तालाब सा नजारा दिखने लगा। वहीं पानी निकासी की व्यवस्थित न होने एवं पंजाब होटल के सामने नाली न बनने एवं खुला होने से सारा कचरा नाली में जाकर जाम कर देता है, जिससे घंटों सड़क पर पानी जमा रहता है। नगर पंचायत कोडरमा को लगातार इससे अवगत कराने पर भी अनदेखी की जा रही है और व्यर्थ के कार्यों में जनता के ान की बर्बादी हो रही है। जब भी बारिश होती है इसी तरह तालाब सा नजारा बन जाता है।

एक नजर में

## झामुमो जिला समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक शुक्रवार को झुमरीतिलैया स्थित विवाह भवन में जिलायक्ष बीरेंद्र पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को रांची में झामुमो के अगुवाई में आयोजित उलगुलान रैली की सफलता पर चर्चा की गई तथा रैली में जिले से 15 हज़ार लोगों की सहभागिता व कोडरमा लोकसभा इंडिया गठबांन के प्रत्याशी विनोद सिंह की जीत के लिए रणनीति बनाई गई। इस दौरान बैठक में इंडिया गठबांन के प्रत्याशी विनोद सिंह भी बीच में पहुंचे और समर्थन की अपील किया। इस दौरान झामुमो के नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

## रामनवमी को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना परिसर में रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बीडीओ भोला पांडेय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए पर्व को मनाना है। अखाड़ा कमिटियों को अपने वॉलंटियर्स को रखना है, साथ ही उन्हें सख्त निर्देश दिया गया कि शराब पीकर जुलुश में शामिल नही होना है, डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी, पोलिटिकल पार्टी का झंडा, बैनर या लोगो नही होना चाहिए। जुलुश निकालने के लिए एसडीओ से अनुमति लेनी पडेगी। वहीं उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा कुछ युवाओं को पुलिस मित्र का टी-शर्ट दिया जाएगा जो जुलुश के दौरान पुलिस का सहयोग करेंगे। मौके पर जिप सदस्य शांति प्रिया, सीओ रविन्द्र पांडेय, सुरेश कुमार, अशोक यादव, भरत नारायण मेहता, बीरेंद्र मेहता, रंजीत साव, हाजी मुस्लिम अंसारी, नीलकंठ मेहता, अंगलाल राम, सुरेश विश्वकर्मा, केपी चौरी, राजकुमार यादव, मुंशी मेहता, कैलाश यादव, राजेन्द्र यादव, वकील यादव, रामपुकार भारती समेत कई लोग मौजूद थे।

## नदियों से बालू उत्खनन से नदियों का अस्तित्व खतरे में

**मरकच्चो (कोडरमा)।** खनन विभाग व पुलिस की उदासीनता के कारण नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न नदियों में बालू का उत्खनन जोरों पर है, जिस कारण नदियों का अस्तित्व खतरे में है। यहां तक की नवलशाही-मसमोहना वाले रास्ते में पड़ने वाला नदी में बना पुल भी धंसने लगा है। यदि अवैध बालू उठाव पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो नदी बिन बालू के रह जाएगा। बताते चलें कि मसमोहना नदी व नीमडीह नदी से रात भर ट्रैक्टर के मायम से बालू की ढुलाई अवैध रूप से की जाती है। इससे ट्रैक्टरों की आवाज से लोगों की नींद हराम होती हैं, इस कार्य में कुछ स्थानीय लोग भी संलिप्त हैं। सूत्रों की माने तो नीमडीह नदी से लाने वाले प्रत्येक गाड़ी से 200 रुपये की अवैा वसूली भी की जा रही है। वहीं बताया जाता है कि नदी से प्रत्येक दिन करीब एक सौ ट्रैक्टर बालू का उठाव हो रहा है। यह बालू लदे ट्रैक्टर मुख्य सड़कों से ना जाकर गांव व मोहल्लों के कच्चे रास्तों से होकर गुजरते हैं। इससे प्रतिदिन सरकार को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। वहीं इस मामले में प्रशासनिक विभाग एवं खनन विभाग चुप्पी साा हुए है।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत चुनाव का पर्व-देश का गर्व मतदान होना है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आगामी 20 मई 2024 को मतदान होगा। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताािकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं।

## चैत्र नवरात्र के चौथे दिन हुआ मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा

**गुमला।** चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा शुक्रवार को चैत्र नवरात्रि का चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। पंडित श्री प्रमोद मिश्र के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा कराया गया। मां कुष्मांडा देवी ने संसार को शून्य से बनाया। क्योंकि प्रकाश के बिना कोई जीवन नहीं है। वह प्रकाश और ऊर्जा का परम स्त्रोत है। इनका निवास सूर्य मंडल के भीतर के लोक में स्थित है। सूर्य लोक में निवास कर सकते की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। नवरात्रि के चौथे दिन देवी दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा का विधान है जिनकी साधना करने पर सा धक के जीवन से जुड़े सभी कष्ट दूर और कामनाएं पूरी होती हैं। इस पूजन कार्यक्रम में जजमान के रूप में विजय सोनी ,समिति के मुख्य संरक्षक संजीव उर्वशी, महेश गुप्ता, दीपू खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

## टीएसपीसी संगठन के चार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुमला।** सिसई थाना अंतर्गत जलका उत्तर कोयल नदी में बन रहे पुल निर्माण को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के अपराधकर्मियों के द्वारा 4 अप्रैल को बंद कर दिया गया था। इस दौरान अपराधियों ने मजदूरों को बंधक बनाकर पीटा था और 25 लाख रुपए रंगदारी की मांग की थी। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने सभी चार अपराधियों को सिसई के मुरगू से गिरफ्तार किया। शुक्रवार को एसपी शंभू कुमार सिंह ने कार्यालय परिसर में प्रेसवार्ता का आयोजन कर पूरे मामले की जानकारी दी। गिरफ्तार अपराधियों में चोरकाखाड़ निवासी केश्वर लोहरा, फोरी निवासी हीरा उरांव, डुको निवासी नैका उरांव और लखीराम उरांव शामिल है। इनके पास से 4 राइफल, 86 गोली, दो मैगजीन, 3 पिट्ठू और 3 मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधी पूर्व में लूट और रंगदारी के कांड में जेल जा चुके हैं।

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर झानद देगी श्रद्धांजलि

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला द्वारा 14 अप्रैल को गुमला के शहीद लांस नायक परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम में 13 मई 2024 को होनेवाली लोहरदगा लोकसभा चुनाव में झारखंड नवनिर्माण दल के द्वारा देश की हालात को देखते हुए विचार विमर्श भी किया जाएगा। पुष्पांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

## बालू डंपिंग यार्ड का लाइसेंस रद्द करने का किया अनुशंसा

**घाघरा।** घाघरा अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने प्रखंड क्षेत्र से लगभग 20 किलोमीटर दूर डूको सिकवार गांव में लक्ष्मी नारायण जायसवाल सिसई निवासी का बालू स्टॉक यार्ड की अनुज्ञप्ति रद्द करने के लिए शुक्रवार को जिला खनन पदाधिकारी गुमला को अनुशंसा किया है। अंचल अधिकारी ने स्टॉक यार्ड के मलिक सिसई निवासी लक्ष्मी नारायण जायसवाल के द्वारा उक्त स्थल पर स्टॉक से अधिक बालू रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्टॉक यार्ड से मात्र 600 मीटर की दूरी पर कोयल नदी है।

# राज्य में जब बाबूलाल मरांडी सीएम बने थे तो सात जिलों में पिछड़ा आरक्षण शून्य था: उदासीन नाग

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की आवश्यक बैठक रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड गुमला में हुआ। बैठक की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष श्री उदासन नाग ने किया। बैठक में पिछड़ा समाज के जितने भी जातियां आते हैं सभी जातियों के जिला अध्यक्ष सचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन मजबूती के साथ-साथ सात जिलों में आरक्षण रोस्टर के तहत शून्य कर दिया गया है। जिसका विरोध में आंदोलन करीब एक वर्ष से पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति कर रही है। उसका मूल्यांकन किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति इस पर विशेष मंथन किया। क्योंकि चुनाव 5 साल में आती है और 5 साल में पिछड़ा समाज को बरगलाकर वोट ले लिया जाता है और हमलोग का अधिकार छीन लिया जाता है। इस पर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष श्री उदासन नाग ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड से पहले जब बिहार था उस समय पिछड़ा समाज को 27% आरक्षण दिया जाता था। लेकिन आज झारखंड अलग होने के बाद झारखंड के सात जिलों में आरक्षण रोस्टर के तहत जीरो कर दिया गया है। जिससे यहां के पिछड़ी जातियों के समाज के लोग आर्थिक शैक्षणिक राजनीतिक रुप से पिछड़ता जा रहे हैं। झारखंड बना उस समय प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी बने और उन्होंने सात जिलों में रोस्टर लगाकर पिछड़ी जातियों को आरक्षण मे शून्य कर दिया गया। इसलिए आज सर्वसमिति से निर्णय लिया गया की लोकसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी जहां भी सभा करेंगे उसका पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति जोरदार विरोध करेगा। कोई भी सभा में शामिल नहीं होगा। यह निर्णय लिया गया। साथ ही लोकसभा चुनाव को देखते हुए आज निर्णय लिया गया कि जो भी पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ रही है चाहे कांग्रेस हो या बीजेपी हो उनके केंद्रीय नेतृत्व जैसे भाजपा के केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के साथ वार्ता करते हैं। साथ ही कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे एवं राहुल गांधी के साथ बैठक करा कर वार्ता कराते हैं और वार्ता सफल रहा दोनों पार्टियों के कोई भी नेतृत्व से उसके बाद पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति बैठक कर वोट देने पर विचार करेगी। अन्यथा किसी अन्य पार्टी को वोट दे दिया जाएगा। लेकिन कांग्रेस बीजेपी को पिछड़ा वर्ग संगठन समिति वोट नहीं करेगी। यह कठोर निर्णय आज लिया गया। बैठक में मुख्य रूप केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शिवदयाल गोप, गुमला जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला सचिव बाबूलाल साहू ,जिला कोषाध्यक्ष सतीश साहू, दीपू ठाकुर, श्रीकांत ठाकुर ,अजीत विश्वकर्मा, बघेल शीतल कुमार प्रजापति,राजू कुमार ठाकुर,आनंद कुमार गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, अशोक नंदू सिंह, दीपक सिंह, परमेश्वर साहू, दीपक कुमार साहू, पुरुषोत्तम साहू, रामप्रसाद साहू,बृजमोहन यादव, गजेंद्र साहू,राहत अफजा अंसारी,मोहम्मद शादाब, चंद्रनाथ प्रसाद, बिंदेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, उदय कुमार साहू, दुर्गा साहू, लक्ष्मण साहू, दिलीप गोप, रामकृष्ण बघेला, गौतम कुमार साहू इत्यादि लोग उपस्थित हुए।



बैठक में शामिल पिछड़ा वर्ग समिति के सदस्य

## स्पीड न्यूज

### जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

**लोहरदगा।** जिला के अंतर्गत पलाश ( जेएसएलपीएस ) द्वारा पेशरार प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सखी मंडल की दीदियो के द्वारा स्वीप स्लोगन के साथ जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली में आगामी 13 मई को लोहरदगा जिला में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान के तिथि की जानकारी दी गयी। साथ ही जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में अब तक जुड़ नहीं सका है वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म -6 भर कर अपने बीएलओ के पास जमा करने की जानकारी दी गयी।

### बीडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक

**कैरो।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल अधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक हुई। जिसमें बैग एवं 85 प्लस, दिव्यांगता मतदाता की समीक्षा किया गया। साथ ही निर्देष दिया गया कि बीएलओ कैम्प में जितनी संख्या में 85 प्लस एवं दिव्यांगता मतदाता हैं उन सभी का विवरणी बीएलओ रजिस्टर में अंकित किया जाना अनिवार्य है। बैग के सम्बंध में निर्देश देते हुए बीडीओ ने कहा कि बैग के सभी सदस्यों के साथ साप्ताहिक बैठक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है साथ में बूथ स्तर पर गठित वोलेंटियर को भी बैग की बैठक एवं कार्यक्रम में शामिल किया जाना आवश्यक है। बैठक में बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, पंचम एतवा पहान, ममता देवी, परवेज असारी सहित प्रखंड कर्मी व बीएलओ मौजूद थे।

### सरहुल जुलूस की सफलता पर जताया अभार

**गुमला।** केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला द्वारा आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक जुलूस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसको लेकर केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के सचिव दीप नारायण उरांव ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जुलूस में शामिल विभिन्न संगठनों एवं सामाजिक संगठनों का अभार व्यक्त किया है। जुलूस का स्टाल लगा कर आदर सत्कार करने वाले संगठनों के प्रति भी केंद्रीय सर्वेक्षण समिति आभार व्यक्त किया है। समिति नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए आदिवासी एवं विभिन समुदायों के लोगों का जिन्होंने सरहुल पूजा एवं सांस्कृतिक जुलूस में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान किया साथ ही उन सभी लोगों का जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया उनका आभार प्रकट करती है और समस्त झारखंडवासियों एवं देशवासियों के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

### वन प्रबंधन व संरक्षण समिति का गठन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के मालगो गांव में वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के गठन को लेकर शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसमिति से अध्यक्ष सुमंत ठाकुर, उपाध्यक्ष गायत्री देवी, सहसचिव दीपक महतो, सचिव वनपाल के साथ महिला और पुरुष के 18 सदस्य कमिटी में शामिल किए गए। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यक्रम समन्वयक अनिरुद्ध चौबे ने बताया कि वन विभाग के जमीन से जुड़े कार्य करने वाले यह समिति होती है।प्रबंधन समिति के कर्तव्य, वनों की रक्षा, वनों संसाधन पर गांव के लोगों को कैसे इस्तेमाल करना है। इसकी जानकारी संयुक्त खाते का संचालन, अधिक से अधिक पेड़ों को वनों को आच्छादित करना। जलावन की लकड़ी कैसे लाना इसका भी नियम बनाने पूर्ण अधिकार प्रबंधन समिति को होने व गांव में छोटे-छोटे जल स्रोत की सफाई निर्माण ग्रामीण बच्चों की शिक्षा में सहायता,पेड़ों के अवैध कटाई पर रोक समिति की मासिक बैठक वन प्रबंधन समिति और विभाग के तालमेल से न केवल वनों के रखवाली बल्कि वन अच्छदित गांव का संपूर्ण विकास करना है। मौके पर संदीप उरांव,बादल राम,शंकर महतो, बहुरन मुंडा,पुष्पा देवी, अंजली देवी, यशोदा देवी, सीमा देवी,शिवा खेरवार,महावीर राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कर्मयोगी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ समापन



कार्यशाला में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय के जुरिया पंचायत भवन में कर्मयोगी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों को सीएससी के माध्यम से आम जनता तक दी जाने वाली सेवा, सर्विस के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए प्रशिक्षक के रूप में रवि कुमार द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा वैसे सभी सेवा जो आम जनता को पहुँचाया जाना है उसके लिए किस तरह काम करना है उसका शुल्क कितना लेना है, काम के लिए आने वाले ग्रामीणों से किस तरह का बात करना है, इसके अलावे समय समय पर आने वाली योजनाओं की किस तरह प्रचार प्रसार करते हुए काम को करना है ताकि कोई भी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक बड़ी ही आसानी व सहजता के साथ पहुँच सके। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक रवि कुमार, सीएससी जिला समन्वयक सुधीर कुमार, गोल्डन साहु, विजय उरांव, सूरज उरांव, रोहित ठाकुर, संगीता कुमारी, किरण कुमारी, प्रीति कुमारी, सिंधु तिवारी, कुंदन कुमार, जीवन कुमार सहित सीएससी संचालक व जेएसएलपीएस की महिला संचालक मौजूद थे।

# हत्यारों को जल्द पुलिस करे गिरफ्तार नही तो होगा आंदोलन : विश्व हिंदू परिषद

## चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगे हत्यारे, लोगो में रोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में विगत 8 अप्रैल सोमवार की सुबह अज्ञात अपराधियो द्वारा जमीन कारोबारी नरेश साहू उर्फ शिबू की सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोरार स्थित सैलून में गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। तीन के संख्या में आए अपराधियो ने दिया था घटना को अंजाम ।चार दिन बीत जाने के बाद भी गोली मारने वाले अपराधी अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है। वही अपराधियो की धड़ पकड़ के लिए लोहरदगा पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

इस मामले में अपराधियों की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है जिसके आधार पर पुलिस लगातार अपराधियों की पहचान कराने और क्षेत्र में छापेमारी कर अपराधियो को पकड़ने में जुटी हुई है। मृतक नरेश साहू उर्फ शिबू सदर थाना क्षेत्र के सोबरन टोली के रहने वाले थे। हत्याकांड में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं होने से लोगो में रोष बढ़ता ही जा रहा है और इसी का विरोध को लेकर अब हिंदू संगठन भी सामने आ रहे है। शुक्रवार को इस घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने आक्रोश व्यक्त किया और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी का मांग किया है।

विश्व हिंदू परिषद के एक दल ने लोहरदगा उपायुक्त लोहरदगा एसपी और मुख्यालय डीएसपी से मिलकर ज्ञापन सौंप हत्या का विरोध जताते हुए हत्या में शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी का मांग किया है। विश्व हिंदू परिषद के नेताओ ने बताया की मृतक नरेश साहू उर्फ शिबू विश्व हिंदू परिषद के सक्रिय सदस्य थे और उनके हत्या से हिंदू संगठन में काफी आक्रोश है प्रशासन जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी करे नही तो विश्व हिंदू परिषद सड़को पर आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने में विहिप की ओर से जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जीलामंत्री सतीश पांडे, सह मंत्री रंजीत साहू, प्रांत कार्य समिति सदस्य लाल ओंकारनाथ सहदेव, सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, जिला संयोजक सचिन साहू आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते वीएचपी के लोग

### सरहुल जुलूस को लेकर पूजा समिति के सदस्यों ने किया प्रचार प्रसार

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड सरहुल पूजा महोत्सव 16 अप्रैल को धूमधाम से मनाने को लेकर गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में प्रचार प्रसार किया गया। जिसकी अगुवाई समिति के मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश भगत ने की। इसके बाद नौगाई, जैरागी, कुटलु, इरावल, टाटी, डुमरडांड, डानटोली, टांगरडीह, रविन्द्रनगर, डुमरी, बेलटोली, जिलिंगटाली, सुवाली, करनी, लोहड़ा, छोटाकटरा, बड़ाकटरा आदि गांवों में भ्रमण कर प्रचार प्रसार किया गया तथा सभी गांव के ग्रामीणों को कार्यक्रम के दिन अपने अपने वेषभूषा,गाजा बाजा के साथ में भारी से भारी संख्या में शामिल होने को कहा गया।

# धूमधाम के साथ संपन्न हुआ प्रकृति पर्व सरहुल

## मांदर के थाप पर जमकर झूमे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर झखरा स्थल में पहान वीरेंद्र उरांव, पुजार व महतो द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। जो झखरा स्थल से प्रारंभ होकर ढोल नगाड़े को थाप पर रंग गुलाल लगाते हुए सरहुल टांड़ में जमा हुए, जहाँ आदिवासी परंपराओं के अनुसार शक्ति खुटा के पास पूजा अर्चना कर अलग अलग जुलूस में शामिल सभी शोभायात्रा द्वारा पारंपरिक भेषभूषा में सांस्कृतिक आयोजन किया गया। आयोजक समिति द्वारा सभी आगंतुकों को चना गुड़ व सरबत प्रसाद के रूप में वितरण किया गया।

झखरा स्थल में उपस्थित सभी अतिथियों को समिति द्वारा बैच व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि सरहुल हमारा प्रकृति पर्व है और हमे मिलजुल कर इस त्योहार को मनाने की जरूरत है, सरहुल सीधे प्रकृति से जुड़ा हुआ है क्योंकि इसी समय प्रकृति अपनी परिवर्तन करती है और नए पत्ते आते हैं इसी के साथ ही आगामी कृषि कार्य के लिए पहान पुजार द्वारा बारिश की भविष्यवाणी भी की जाती है। ऐसे में हम एक दूसरे को गले लगाते हुए त्योहार को मनाते है।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, समाजसेवी रोहित प्रियदर्शी उरांव, अभिनव सिद्धार्थ, नीरू शांति भगत, जीप सदस्य सुखदेव उरांव, मुखिया वीरेंद्र उरांव, समिति अध्यक्ष परमेश्वर भगत, लखन उरांव, राजमोहन प्रियदर्शी, राजेंद्र यादव, बाबूलाल उरांव, बुधुवा उरांव, अनिल उरांव, बजरंग उरांव, जितेंद्र सुमन, वीरेंद्र महली, वीरेंद्र महली सहित सैकड़ों महिला पुरुष व प्रसासनिक बल मौजूद थे।



शोभायात्रा में झूमते लोग

# अहीर समाज की बात रखने वाले दल को समर्थन करेगा अहीर समाज : अहीर सेना झारखंड

## अहीर सेना झारखंड की बैठक संपन्न, लोकसभा चुनाव पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवादाता

**गुमला।** अहीर सेना झारखंड के कार्यकारिणी समिति की बैठक अधिवक्ता सच्चिदानंद गोप के खड़ियापाड़ा स्थित आवास में आयोजित किया गया । जिसमें गुमला जिला के सभी प्रखंडों से अहीर समाज के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए । बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में अहीर समाज का समर्थन किस राजनीतिक दल को जाएगा उसे पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भूतपूर्व सैनिक लखन गोप ने कहा कि लंबे समय से अहीर रेजिमेंट की मांग चल रही है, जो भी राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में अहीर रेजीमेंट बनाने की बात करेगा समाज उसी दल को समर्थन करेगी। विनय गोप ने कहा कि आज तक सभी दलों ने अहीर समाज को अपना वोट बैंक समझ रखा है पर हमारे हक अधिकार की कोई बात नहीं करता है। जो अहिरों के हित की बात करेगा वोट वही पायेगा। जनक गोप ने कहा कि अहीर समाज को एनेक्सचर 1 में शामिल किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी हमारे अहीरों की स्थिति बहुत खराब है। अनिल कुमार यादव ने कहा कि हम अहीर 1932 के खतियानी हैं और पूरे छोटा नागपुर प्रमंडल में हमारे साथ बहरियों सा व्यवहार किया जा रहा है। ओबीसी आरक्षण शून्य किए जाने के कारण हमारे समाज के बच्चे सरकारी नौकरी से वंचित रह जा रहे हैं। हमारे अपने घर में ऐसा सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरेश गोप ने कहा की बिहार राज्य के तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना हो और जिसकी जितनी आबादी उतना प्रतिनिधित्व मिले। रमेश गोप ने कहा कि पिछले 4 वर्षों से अहीर समाज शहीद संतोष गोप की प्रतिमा स्थापित करने की लड़ाई लड़ रही है पर आज तक किसी भी राजनीतिक दल ने आश्वासन के अलावा कोई सहयोग नहीं किया। यही स्थिति रही तो पूरा समाज सभी प्रत्याशियों को ठेंगा दिखाते हुए नोटा को वोट देगी और अपना विरोध दर्ज करेगी। देवनारायण गोप ने कहा कि अहीर सेना जल्द ही अहीर महाविद्यालय की स्थापना करने का कार्य करने वाली है। उसके लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग अपेक्षित है। बिंदेश्वर यादव ने अहीर समाज की छात्र छात्रों के लिए छात्रावास सह पुस्तकालय की मांग रखी।



बैठक के बाद एकजुट अहीर सेना के सदस्य

### उपायुक्त ने की बैठक, दिए निर्देश

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में चुनाव की तैयारियों के निमित विभिन्न कोषांगों की समीक्षा बैठक हुई । बैठक में संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। इस दौरान निर्वाचन कोषांग अंर्तगत होने वाले खर्चों, व्यय से संबंधित एक्सपेक्टेड, एस्टीमेटेड रिपोर्ट की समीक्षा की, जिसमें उन्होंने बिंदुवार सभी चीजों पर होने वाले खर्चों से संबंधित जानकारी लेते हुए आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी एफएसट एवं एसएसटी में वीडियो ग्राफी कराने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस गाइडलाइन, कम्युनिकेशन प्लान, ट्रांसपोर्टेशन प्लान, कस्टमर केयर आदि से संबंधित विषयों पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र, यूथ मतदान केंद्र जैसे यूनिक मतदान केंद्रों का भी गठन करने को कहा।

## एक नजर में

### चुनाव आते हैं नेताओं में बहने लगती है संस्कार की अविरल धारा

**गुमला।** चुनाव चाहे जो भी हो नेताओं में संस्कार की अविरल धारा प्रवाहित होने लगती है। चुनाव आते हैं नेता बच्चे हो या बुजुर्ग महिला हो या पुरुष सभी के आगे झुकने लगते हैं। दुआ सलाम का दौर चालू हो जाता है। अपनत्व की भावना प्रगाढ़ होने लगती है। दूर से ही नेताओं के द्वारा रामसलाम भी आरंभ हो जाता है। ऐसा ही एक नजर प्रखंड के करौंदा लिट्टा टोली गांव में देखने को मिली। जब कांग्रेस के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत गांव के ग्रामीणों से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान पत्थर पर बैठे एक गरीब बुजुर्ग से सुखदेव भगत ने उनका हाल-चाल जाना और चुनाव के विषय में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गांव की समस्याओं पर चर्चा की। बुजुर्ग आत्मीयता का परिचय देते हुए प्रत्याशी सुखदेव भगत को जीत का आशीर्वाद दिया। इस दौरान सुखदेव भगत स्थानीय ग्रामीणों से कांग्रेस द्वारा चुनाव को लेकर जारी न्याय पत्र पर भी चर्चा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर संकल्प पत्र जारी किया है जिसमें महिलाओं व युवाओं को एक लाख देने की घोषणा की है। आधुनिक ग्रामीणों को बताया की झारखंड की सरकार 50 वर्ष उम्र के सभी महिला व पुरुषों को पेंशन दे रही है। जिन लोगों ने पेंशन है तू आवेदन नहीं दिया है वह तत्काल अंचल कार्यालय में जमा कर योजना का लाभ ले सकते हैं। बरहाल मामला संस्कारों की हो रही है तो इसमें भाजपा प्रत्याशी समीर राम के पीछे नहीं दिखे। अवसर मिलते हैं वह भी लोगों को गले लगाते दिखे। पहचान हो या ना हो अभी तो चुनावी बेला है गले मिलकर ही चुनावी बेहतरीन को पार करना है। इसलिए जो झटपट गले लगा लिये। संस्कार से ही भारतीय संस्कृति की झलक भी नेताओं में दिखलाई पड़ती है। तभी तो कई भाषाओं व संस्कृति से जुड़कर ही भारत एक मजबूत राष्ट्र बनता है।

### पुलिस ने कुंआ से शव किया बरामद, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुगाँव गाँव निवासी मिसिर उरांव का शव गांव के ही एक कुंआ से शुक्रवार को घाघरा पुलिस ने बरामद किया। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार मृतक मिसिर उरांव सेरेंगदाग माइंस में मजदूरी का काम करता था और वह घर में अकेले रहता था। क्योंकि उसके दो बेटे दोनों बाहर कमाने के लिए पूरे परिवार के साथ गए हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार को मिसिर घर मे ताला लगाकर निकला था।जिसके बाद वह ताला बंद ही दिख ।जिससे बाद उसे नही देखा गया।वही घर में ताला भी लगा था । जिससे अनुमान लगाया गया कि वह खनन क्षेत्र में ही रह गया होगा। वहीं आज शुक्रवार को सुबह गांव में पूजन पाठ को लेकर कुआं में पानी लाने के लिए जब ग्रामीण गए तो एक व्यक्ति का शव कुआं में तैरता हुआ देखा गया। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे शव को बाहर निकाला जिसकी पहचान मिसिर उरांव के रूप में की गई। घटना कैसे हुई इसका कोई पता नहीं चल सका है।अनुमान लगाया जा रहा है की ।मिसिर का कुआं में गिरने से मौत हुई होगी।हालाकि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर छात्रा ताशा झा का कार्य सराहनीय

**गुमला।** हमारे देश में किशोर तथा युवा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।युवाओं का इस दिशा में आगे बढ़ना देश एवं समाज के उज्जवल भविष्य को इंगित करता है। यह गर्व की बात है कि झारखंड के गुमला ज़िले की एक होनहार बालिका के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है और इस 15 वषीर्या बालिका का नाम है ताशा झा है जो डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के कक्षा एकादश की छात्रा है। ताशा ने वर्ष 2019 में जब वह कक्षा षष्ठ में थी तब से ही प्लास्टिक के घातक प्रभावों तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए विविध माध्यमों से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया है। पिछले पाँच वर्षों में उसने अपनी कविताओं,नुक्कड़ नाटक, पोस्टर,पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते मास्क आदि के माध्यम से इस कार्य को बखूबी अंजाम दिया है और विविध सोशल मीडिया,यूट्यूब, ट्विटर तथा एनसीसी डिजिटल फोरम के माध्यम से लोगों तक अपनी बात पहुँचाई है। नो प्लास्टिक कैंपेन तथा क्लॉथ बैग्स के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के प्रयास की कड़ी में आज ताशा झा ने इस अभियान में शामिल अपनी सहपाठी प्रीति कुमारी के साथ उपायुक्त गुमला श्री कर्ण सत्यार्थी को कलाकृति युक्त क्लाथ बैग्स भेंट किया जिनपर पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखे हुए थे। उपायुक्त ने बच्चियों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने लोगों को जागरूक करने की एक बहुत अच्छी पहल की है। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य राष्ट्र एवं समाज के प्रति ज़िम्मेदार नागरिक तैयार करना है।

### शिक्षा का हो रही व्यवसायीकरण पर केंद्र व राज्य सरकार अविलंब रोक लगाये: जेएनडी

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल ने गुमला जिला सहित राज्य में प्राइवेट स्कूलों द्वारा धड़ल्ले से हो रही शिक्षा का व्यवसायीकरण पर रोक लगाने की मांग केंद्र व राज्य सरकार से की है। दल ने कहा है कि शिक्षा जैसी मौलिक अधिकार से प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही व्यवसायीकरण के कारण गरीब-गुरबों के बच्चों को वंचित होना पड़ रहा है। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी का नतीजा है कि गरीब के बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर बड़ी तेजी से जा रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभी देश में लोकसभा चुनाव है, हर बात पर मोदी की गारंटी का राग अलापने वाली भाजपा व अन्य पार्टियाँ बड़ी-बड़ी बातें व आम जनता से वादे करेंगे। लेकिन शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी व्यवस्था लोगों को सुलभ तरीके से मिलने की गारंटी हो सके इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। दल ने यह स्पष्ट कहा है कि 13 मई 2024 को वोटिंग के बाद प्राइवेट स्कूलों पर लगाम नहीं लगने की स्थिति में झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा आंदोलन शुरू किया जाएगा। क्योंकि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2005 को लागू नहीं करना भी एक तरह का अपराध है। दल किसी भी कीमत पर शिक्षा का व्यवसायकरण जैसी अपराध को बर्दाश्त नहीं करेगी।

### 18 दिनों से चल रही गणगौर पूजा हर्षोल्लास के साथ हुई संपन्न

**लोहरदगा।** मारवाड़ी समाज की महिलाओं के द्वारा अपने परंपरिक राजस्थानी वेशभूषा के साथ गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया। एक दूसरों को गुलाल लगाकर एवं अपनी लोकगीत गीत गाते हुए ठाकुरबाड़ी तलाब गुदरी बाजार लोहरदगा में गणगौर जी की प्रतिमा को विसर्जन के साथ 18 दिवसीय पूजा संपन्न हुई। यह गणगौर पर्व होली के दूसरे दिन से अपने घरों पर कुंवारी लड़कियां अपने अच्छे मनचाहे वर की कामना को लेकर और नवविवाहित कन्या अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर अपने मायके में पहला गणगौर की पूजा अर्चना करती है,जो कि 18 दिनों तक चलती है,और उसके उपरांत मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा अपने पारंपरिक तरीकों से धूमधाम से विसर्जन किया जाता है। यह उत्सव लगातार राजस्थान में 18 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है। समाज की महिलाओं के द्वारा काफी सुंदर एवं मनमोहक रूप से गणगौर जी के प्रतिमा को सजाया गया था। गणगौर जी की विसर्जन पर,ममता बंका,अनीता पोद्दार,अंजली सर्राफ,दीपा पोद्दार,मंजू पोद्दार,नेहा अग्रवाल,अंकिता बंका,प्रची केडिया,नीलू शर्मा,रखिया पोद्दार,रितु शर्मा,मीना बंका,निधि बंका,सीमा केडिया,मीनू सिन्हा,रेखा बंका,रश्मि अग्रवाल,संगीता मित्तल,रिशु पोद्दार,कृष्णा केडिया,अंकिता बंका,अंजू सर्राफ,रितु शर्मा,दीप्ति शर्मा,रेनू सराफ,प्रीति बांका,रिखिया पोद्दार,मैगी पोद्दार आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बीडीओ की बैठक आज

**चंदवा।** आगामी लोक सभा चुनाव के निमित शनिवार की दोपहर 11 बजे प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में प्रखण्ड के सभी राजनीतिक दलों के प्रखण्ड अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ श्री प्रसाद ने बताया कि बैठक आगामी चुनाव से संबंधित जरूरी बातों व निदेशी की जानकारी साझा की जाएगी। इन्होंने सभी दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### बाइक से गिरकर दो युवक हुआ घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ मुख्य पथ पर इचाक ग्राम के पास एक मवेशी को बचाने के क्रम मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो युवक बैजू उराव 30 वर्ष, सकेंद्र उराव 25 वर्ष पिता छठहु उराव दोनो ग्राम सिंगरहा मनातू थाना बारियातु निवासी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों युवक बीजूपाडा से मनातू अपना घर जा रहे थे। घटना के बाद दोनों घायलों को ग्रामीणों के सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया ।वहीं गंभीर रूप से घायल बैजू उरांव को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### पेड़ मे फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत खौरा ग्राम के धमधमवा पत्थर के पास महिला की शव बरामद किया गया। मृतक मनोज गंझु उर्फ भगत गंझु की पत्नी मिना देवी उम्र लगभग (32) टोला हिसरी के रूप मे पहचान की गई। मिली जानकारी के मुताबिक आसपास के लोगों ने महुआ चुनने के दौरान महिला को पेंड़ से लटकते देखकर गांव वालों को जानकारी दिया। ग्रामीणों ने जब घटना स्थल पर पहुंचे तो देखे की महिला पेंड़ मे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। उक्त घटना की जानकारी बारियातू थाना को दिया गया। पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। आत्म हत्या के कारणों को पुलिस हर पहलू पर जाँच कर रही है।

### लातेहार में पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को समर्थकों ने किया स्वागत


मौके पर मौजूद अतिथि।

**सरयू।** आगामी चतरा लोकसभा चुनाव को लेकर लातेहार पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि, जहां समर्थकों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को भव्य स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने बताया कि लातेहार जिला अति पिछड़ा है। आज भी कुछ ऐसा गांव हैं जहां मूलभूत सुविधाओं से लोग कोषों दूर है, वैसे गांव के लोगों तक सारी सुविधा पहुंचाना पहला प्रथमिकता होगा। इसी कड़ी में पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने लातेहार और चतरा लोकसभा क्षेत्रवासियों को ईद एवं सरहुल पर्व का शुभकामनाएं दिए। मौके पर समर्थक शौकत अली, विरेन्द्र प्रसाद, खादिम रसुल, ग्यास खान, रकीम अंसारी, महबुल्ला अंसारी, असगर अली, मुस्लिम अंसारी, मुबारक अंसारी, मो इरशाद, जुम्मन अंसारी, समेत काफी लोग मौजूद थे।

### खबर का असर: एसबीआई ब्रांच मैनेजर के ऊपर जांच के जारी हुए निर्देश


एसबीआइ बरवाडीह।

**बरवाडीह।** गुरुवार को खबर मंत्र में एसबीआई बरवाडीह के शाखा प्रबंधक की मनमानी से संबंधित खबर प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा जांच के निर्देश जारी किए गए है। जांच ऑफिसर लातेहार एलडीएम ने दूरभाष पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मामले की गहराई से जांच होगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि संबंधित मामले में जांचोपरांत क्या कारवाई होती है। इधर जांच की खबर मिलते ही उपभोक्ताओं में हर्ष व्याप्त है कि उन्हें आए दिन एसबीआई में होने वाली समस्या से निजात मिल सकती है।

### आदिशक्ति महावीर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कल से होगी शुरू


महावीर मंदिर।

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के बस स्टेड अंतर्गत महावीर चौक के समीप नवनिर्मित आदिशक्ति महावीर मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने के साथ मंदिर में भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत कल 14 अप्रैल से होने जा रही हैं। जहां कल रविवार की सुबह मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमे सैकड़ो की सख्या में श्रद्धालू शामिल होंगे। कलश यात्रा नगर भर्मण करते हुए आदर्श नगर से जल लेकर मंदिर परिसर में आकर संपन्न होंगी। वहीं 15 अप्रैल की सुबह से माता दुर्गा और हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा का नगर भर्मण करवाने के बाद प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा। आखिरी दिन 16 अप्रैल को हवन पुजन कार्यक्रम के बाद दोपहर में भव्य भंडारा भी आयोजित मंदिर समिति के द्वारा की जाएगी। मंदिर समिति के लोगों ने तमाम बरवाडीह वासियों से मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आहूत कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील है।

### महिला ने कीटनाशक दवा खाकर किया आत्महत्या का प्रयास


घायल महिला।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मासियातु ग्राम की एक महिला ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सबिता देवी पति राजेश परहिया 28 वर्ष ग्राम मासियातु (धनी टोला) थाना बालूमाथ निवासी अपने पति से फोन पर बात कर रही थी। जिसको लेकर पति और पत्नी के बीच विवाद हो गया। जिससे गुस्से में आकर महिला ने किटनाशक दवा खा लिया। जिससे वो अचेत हो गयी। आनन फानन में परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक सुरेन्द्र कुमार द्वारा उसे प्राथमिक उपचार किया गया।

## मनिका प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया प्राकृतिक पर्व सरहुल निकाला गया भव्य जुलूस

# अतिथियों को पगड़ी पहनाकर समिति के लोगों ने किया सम्मानित

➲ प्रकृति हमारी रक्षा करती है प्रकृति को बचाएं उन्हें नष्ट न करें : के.एन.त्रिपाठी



शोभायात्रा में शामिल अतिथि व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल के मैदान में पड़हा सरना समिति के द्वारा प्राकृतिक पर्व सरहुल महोत्सव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया। वहीं पूजा में पाहनों व आदिवासी समुदाय के गणमान्य लोगों के द्वारा आदिवासी पारंपरिक तरीके से सखुआ वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की गई। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मंत्री के.एन.त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव,जिप सदस्य बलवंत सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, वृंदबिहारी प्रसाद यादव, अरुण सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह,रामनंदन उरांव, गुड्डू सिंह, विश्वनाथ राय, सुरेन्द्र भारती, समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए जहां पड़हा सरना समिति के द्वारा सभी अतिथियों को पगड़ी बांध व बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पड़हा सरना समिति के अध्यक्ष नागेंद्र उरांव ने किया और संचालन रामसेवक उरांव के द्वारा किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व मंत्री के.एन.त्रिपाठी ने कहा कि प्राकृतिक सरहुल पर्व झारखंड वासियों का एक बड़ा पर्व है यह पर्व हमें प्रकृति की सुरक्षा देने के लिए प्रेरित करती है हर मानव को कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए वृक्ष हमारे जीवन का अनमोल रतन है प्रकृति हमारी रक्षा करती है इसलिए प्रकृति को बचाएं उन्हें नष्ट न करें।

आज पूरा विश्व प्रकृति को लेकर चिंतित है महुआ के कारण जंगल में आग लगा दी जाती है जिससे प्रकृति को काफी नुकसान होता है और जानवरों को भी नुकसान हो रहा है। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने मंच के माध्यम से प्राकृतिक के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए झारखंडी संस्कृति परंपरागत गीत गाए और लोगों को खूब झुमाया।

जिसके बाद सरहुल पर्व की शोभा यात्रा हाई स्कूल के मैदान से निकाला गया इस शोभायात्रा में महिलाएं एवं पुरुषों ने अपनी पारंपरिक नृत्य करते हुए ढोल,नगाड़े व मांदर के साथ पचफेड़ी चौक तक पहुंचे जिसके बाद पुनः शोभा यात्रा वापस हाई स्कूल के मैदान पहुंची जहां पर शोभायात्रा में शामिल विभिन्न गांव से पहुंचे हुए टीमों को समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह से रही मुस्तैद

वहीं प्राकृतिक पर्व सरहुल को लेकर थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही कार्यक्रम स्थल व शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न जगहों पर पुलिस के जवान तैनात रहे। कहीं-कहीं पर सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा खुद से कमान संभालते हुए देखे गए। पुलिस के द्वारा कार्यक्रम में दूर-दराज से आए लोगों के लिए जलपान की भी व्यवस्था कराई गई थी।

# उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या जल्द निदान कराने का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों की समस्या सुनते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेयजल संबंधित, जमीन विवाद, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त महोदया ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त महोदया ने लोगो को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## एक नजर में

### श्री संकट मोचन भवानी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम आज से


श्री संकट मोचन भवानी मंदिर।

**लातेहार।** जुबली रोड पर अवस्थित श्री संकट मोचन भवानी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शनिवार 13 अप्रैल से शुरू होगा। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनाने व इसे भव्य रूप देने के लिए मंदिर समिति के सदस्य जुटे हुए हैं। सदस्य सीतेश कुमार ने बताया कि श्री संकट मोचन भवानी मंदिर का तीन दिवसीय कार्यक्रम 13 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। कलश यात्रा सुबह साढ़े छह बजे मंदिर परिसर से निकलेगी और नगर भ्रमण करते हुए चाणक्य नगरी के औरंगा नदी छठ घाट पहुंचेगी। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में जल भरा जायेगा। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंचेगी और वेदी पूजन व जलाधिवास कार्यक्रम होगा। 14 अप्रैल को वेदी पूजन, मूर्ति संस्कार और मूर्ति नगर भ्रमण कराया जायेगा जबकि 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, हवन और नौ कन्या पूजन कर भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद जीतेंद्र पाठक, लवकुश प्रसाद, रामानुज उपाध्याय, विजय प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, अनिल प्रसाद, विनोद अग्रवाल, सुनील कुमार शौंडिक, रितेश कुमार, सितेष कुमार, आनंद कुमार, गुड्डू कुमार, नीतेश कुमार, शिवम कुमार व मंटू प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### गायब सहायक पुलिस कर्मी नही मिला कोई सुराग

➲ परिजनों ने पुलिस को 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम नही तो करेंगे सड़क जाम

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना में पदास्थापित सहायक पुलिसकर्मी जयराम साव पिता आदित्य साव ग्राम राजगुरु थाना बारियातु निवासी रहस्यमयी तरीके से बीते सोमवार करीब पांच दिनों से गायब है। जिसको लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद इसके सफलता नहीं मिल रही है। जिससे युवक के परिजन किसी अनहोनी की घटना को लेकर शशंकित है। जयराम के भाई श्रीराम साव ने बताया की मेरा भाई का लापता हुए लगभग 5 दिन हो गया। लेकिन पुलिस अभी तक उसका कोई सुराग नही ढूंढ पाई। हमलोग ने लातेहार पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में मुलाकात कर युवक की सकुशल बरामदगी कराने की बात कही है। आगे उन्होंने बताया कि अगर पुलिस 24 घंटे के भीतर जयराम को ढूंढ कर नहीं लाती है तो हम लोग सड़क जाम करने का काम करेंगे। वहीं इसको लेकर तैलिक साहू समाज के प्रबुद्धजनो की एक बैठक बालूमाथ में हुई। जिसमें कई लोग शामिल हुए और सहायक पुलिस की शकुशल बरामद करने की मांग लातेहार जिला प्रशासन से किया। ज्ञात हो की बीते सोमवार को जयराम अपने घर से ड्यूटी बोलकर बालूमाथ थाना आया हुआ था। जहां वह अपने एक मित्र के घर दिवाकर नगर गया था ।उसके बाद से उसका कोई अता-पता नही है।

## चंदवा: बुध बाजार में अन्नपूर्णा ट्रेडिंग का हुआ उद्घाटन

# किसानो के हितार्थ हर जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने का होगा प्रयासः अंकित


अन्नपूर्णा ट्रेडिंग का उद्घाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा शहर स्थित बुध बाजार में शुक्रवार को अन्नपूर्णा ट्रेडिंग प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन समाजसेवी महेंद्र प्रसाद साहू, प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, अमित कुमार गुप्ता, मोनी गुप्ता व अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व पंडित श्याम नंदन मिश्र के सानिध्य में विधिवत पूजन सम्पन्न हुआ। उद्घाटन के मौके पर अतिथियों ने कहा कि चंदवा शहर में किसानों के हितार्थ उक्त प्रतिष्ठान के खुलने से किसानों को काफी राहत मिलेगा व कृषि कार्य के जरूरी सामानों व संयंत्रों की खरीदारी को लेकर बड़े शहरों का रुख नही करना पड़ेगा। वहीं दुकान के संचालक अंकित कुमार ने बताया कि किसानों के बीच उचित दर पर कृषि कार्य के हर जरूरी उपकरण उनके प्रतिष्ठान में मिलेगा। प्रतिष्ठान में मोटर, समरसेबल, कृषि व पटवन के पाइप, तार, फैन्सीग जाली, स्प्रे मशीन समेत कृषि कार्य के सामग्री उपलब्ध है। उद्घाटन के मौके पर राजकुमार साहू, अनिल प्रसाद, किरण साहू, दीपक निषाद, विनोद कुमार गुड्डू, अरुण प्रसाद, संजय प्रजापति, राहुल कुमार, सागर कुमार, राजकुमार अग्रवाल, अमित कुमार (मोनू) समेत दर्जनों किसान व अन्य लोग मौजूद थे।

## धूम-धाम से मनाया गया, प्रकृति पर्व सरहुल


जुलूस में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड में प्राकृति से जुड़े सरहुल पर्व धूम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ आदिवासी समाज के लोगो ने मनाया। साथ ही सरहुल पर्व के जुलूस सरयू के तेतर टोला से नृत्य मंडली मांदर के थाप पर थिरकते हुए सरयू के मेमोरियल स्कूल के प्रांगण स्थल तक सभी लोग पहुंचे। वहीं पूजा स्थल पर बैगा पाहन के द्वारा पारम्परिक तरीके से पूजा अर्चना किया गया। साथ ही प्रकृति के प्रति आभार जताते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। समिति के सदस्यों ने प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर के सभी जनप्रतिनिधि को आमंत्रण किया जहां कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति बुद्धेश्वर उरांव ने सम्बोधित करते हुए समस्त प्रखंड वासियों को प्रकृति के इस महापर्व पर शुभकामनाएं दिया। अंत मे नृत्य मंडली को सरहुल पूजा समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने मे समिति के अध्यक्ष नारेन्द्र उरांव, कार्तिक उरांव, मंटु उरांव, प्रमुख अमिता देवी, उप प्रमुख सुनिल उरांव, असगर हुसैन, बीस सुत्री सदस्य उमेश प्रसाद, अनिल उरांव, सुले बैगा, किनशु उरांव, कृपाल बैगा, उप मुखिया संजय उरांव, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, मुखिया अंकिता देवी, राजेश सिंह, प्रमिला देवी समेत प्रखंड क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नहाए खाय के साथ शुरू हुआ चैती छठ महापर्व, खरना आज



**चंदवा।** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व शुक्रवार को नहाय खाए के साथ शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने स्नान ध्यान के उपरांत भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया व अरवा चावल का भात, चना दाल, कद्दू की सब्जी को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। बता दें कि चार दिवसीय महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को संध्या बेला में छठ व्रती \खरना व्रत करेंगी व खीर का प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत लगभग 36 घंटे के निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। वही तीसरे दिन रविवार की संध्या बेला में अस्चलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। जबकि चौथे दिन सोमवार की सुबह उदयीमान भगवान भुवन भास्कर को अर्ध्य अर्पित करने पश्चात महापर्व का समापन होगा।

**व्रतियों के लिए देवनद तट पर ईख उपलब्ध कराएगी अन्नपूर्णा बीज भंडार**

इधर चैती छठ महापर्व के मौके पर भी अन्नपूर्णा बीज भंडार की ओर से देवनद तट छठ घाट पर व्रतियों के लिए ईंख (गन्ना) उपलब्ध कराया जाएगा। जिसका वितरण घाट पर ही पहली अर्घ्य के दिन सुबह 8 बजे से किया जाएगा। उक्त जानकारी अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रोपराइटर अंकित कुमार ने दी है।

### मनिका प्रखंड में भव्य तरीके से निकाली जाएगी रामनवमी शोभायात्रा, तैयारी में जुटी पूजा समिति


तैयारी में जुटे लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम नवमी पर्व का शोभा यात्रा भव्य तरीके से निकाली जाएगी जिसे लेकर रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा जोर-जोर से तैयारी की जा रही है। वहीं रामनवमी पूजा को लेकर श्रद्धालुओं के द्वारा चौक-चौराहों व मुख्य पथ के किनारे भगवान श्री राम का छायाचित्र व धर्मध्वजा लगाया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा अपने-अपने घरों की साज-सजावट भी की जा रही है। वहीं समिति के अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा समिति बड़ी धूमधाम से मनाने की तैयारी कर रही है। हालांकि इस बार रामनवमी पर्व के दौरान आचार संहिता को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से जारी किए गए गाइडलाइन के तहत ही पूजा का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आपसी भाईचारगी के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाएं। उन्होंने पूजा के कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं एवं किशोरियों को भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।

# चंदवा में चैती छठ की तैयारी जोरों पर देवनद तट की करायी गयी साफ-सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता


साफ सफाई करते लोग।

**चंदवा।** लोकआस्था के महान पर्व चैती छठ को लेकर चंदवा में तैयारी जोरों से चल रही है। शुक्रवार विवकानंद किशोर संस्थान द्वारा देवनद-दामोदर नदी तट की सफाई की गई। संस्थान अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद साहू के साथ प्रेमशंकर भगत, अशोक सिंह जाडेजा, निर्मल शर्मा, राजेश चंद्र पांडेय, नरेश प्रसाद गुप्ता, संतोष साहू, मनोज सिंह पप्पू, महेंद्र प्रसाद साहू, मनोज सिंह,रवींद्र प्रसाद, रमेश प्रसाद, सुबोध कुमार, जयेश वरू, मोहिनीश कुमार, सौरभ कुमार, नीतिश कुमार तिवारी, रमन महतो, नवीन सिंह समेत अन्य लोग देवनद-दामोदर तट पहुंचे और नदी तट की साफ-सफाई की। साथ ही व्रतियों के सहायतार्थ नदी में पानी के ठहराव के लिए हिंडाल्को टोरी के सहयोग से आये टेरेक्स मशीन से बांध का निर्माण कराया गया। वीकेएस के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बताया कि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा देने के लिए संस्थान प्रयासरत है। संस्थान की ओर से व्रतियों सेवार्थ नदी तट को सजाया और संवारा जा रहा है, नदी तट समेत मुख्य पथ के किनारे प्रकाश की व्यवस्था, नदी तट पर लज्जा गृह का निर्माण कराया जा रहा है। संध्या में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अध्य के बाद नदी तट पर आम श्रद्धालुओं के लिए संस्थान की ओर से लस्सी की व्यवस्था की गई है साथ ही उदीयमान भगवान भास्कर को अध्य के बाद आम श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था बनाई गई है। वहीं संस्थान की ओर से मुख्य पथ के किनारे पर लगवाए गए ध्वनी विस्तारक यंत्रों पर बज रहे छठ के गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया है।

### बीडीओ व थानेदार ने पूजा समिति को दी बधाई


बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, थानेदार राजा दिलावर।

**बारियातू।** प्रखंड के राजी सरना पड़हा भवन नचना मे प्रखंड स्तरीय प्राकृतिक के महापर्व सरहुल शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने पर पूजा समिति को बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम व बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने धन्यवाद दिया। पूजा समिति के सभी कार्यकत्ताओं को बीडीओ सह सीओ नंद कुमार व थाना प्रभारी राजा दिलावर ने सराहते हुए कहा की क्षेत्र से भारी आबादी मे लोग प्रखंड मे पहुंचे और अपने पुराने परम्परा के साथ ढोल मांदर के साथ ब्लॉक परिसर तक पुरे अनुशासनबद्ध तरीके से पहुंचे। किसी तरह का कोई परेशानी नहीं हुई बल्कि लोगों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग किया और विधिवत कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। इस तरह के भारी आबादी मे पहुंचे लोगों को पुलिस को नियंत्रण करने या किसी प्रकार कोई परेशानी नहीं हुई। पूजा समिति पुरे सजग के साथ अपने कार्य को निर्वहन किया। इसी तरह शांतिपूर्ण तरीके से कोई भी त्यौहार का मनाने के लिए अन्य लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

# विद्यालय के विकास एवं खेल सामग्री में लाख रुपये का घपला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सरकार विद्यालय के विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये पानी की तरह खर्च कर रही है। किंतु विद्यालय प्रधान की मनमानी के कारण सरकार के मंसूबे पर पानी फिर जा रहा है। विद्यालय के विकास के बजाय विद्यालय के प्रधान सरकारी राशि का घपला कर अपना विकास करने में जुटे हुये हैं। ऐसा ही मामला गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल गरबांध से सामने आया है। यहां शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय विकास एवं खेल सामग्री के लिये मिले एक लाख रुपये का घपला किये जाने का मामला उजागर हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि विभाग की ओर से प्राप्त राशि का फर्जी तरीके से उपयोगिता प्रमाण पत्र भी बीआरसी केंद्र में जमा कर दिया गया है। जबकि विद्यालय में न तो बिजली है और न ही पानी है। विद्यालय का रूप सज्जा भी नहीं हुआ है। साइंस लैब भी अव्यवस्थित है। बच्चे अपने घर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे भारी अव्यवस्था के बीच पढ़ाई करने को विवश हैं। बताते चले की शिक्षा विभाग की ओर से उत्क्रमित हाई स्कूल गरबांध को विद्यालय विकास के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये दिसंबर माह में 75 हजार एवं खेल के विकास के लिये 25000 कुल 1 लाख रुपये प्राप्त हुआ था।

राशि मिलने के बाद विद्यालय प्रधान के द्वारा विद्यालय में कोई भी विकास का कार्य नहीं किया गया और न ही तो विद्यालय में कोई बेहतर कार्य किया गया। जिससे की विद्यालय का नाम रौशन हो सके। उल्टे फर्जी तरीके से वाउचर बनाकर पूरी राशि को ठिकाने लगा दिया गया। यही हाल खेल मद में प्राप्त राशि का भी है। विद्यालय में बच्चों के खेलने के लिये कोई भी कोई भी नये खेल सामग्री का क्रय नहीं किया गया, बच्चे आज भी स्कूल में पुराने टूटे फूटे खेल सामग्री से खेलते हैं।



उत्क्रमित हाई स्कूल गरबांध।

## विद्यालय में क्या करना था विकास

शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय में विद्यालय विकास के लिये प्राप्त राशि से विद्यालय का विकास यथा शिक्षा सामग्री, विद्यालय का रंग रोगन, विद्यालय में बिजली, पानी एवं शौचालय की सुदृढ़ व्यवस्था आदि को व्यवस्थित तरीके से करना था। जिससे कि शिक्षा का मंदिर कहा जाने वाले विद्यालय चमचमाता रहे। किंतु विद्यालय प्रधान की लापरवाही के कारण विद्यालय के विकास में फूटी कौड़ी भी खर्च नहीं किया गया। लिहाजा विद्यालय आज भी रंग रोगन के भाव में उपेक्षित है। विद्यालय में अध्यनरत बच्चे बिजली के अभाव में इस उमश भरी गर्मी में पढ़ाई करने को विवश हैं। विद्यालय में शिक्षकों एवं बच्चों को पानी पीने के लिये कोई व्यवस्था नहीं है। शिक्षक एवं बच्चे अपने घर से पानी लाकर विद्यालय में अपनी प्यास को बुझा रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर उत्क्रमित हाई स्कूल गरबांध की प्रधान अर्चना कुमारी ने कहा की विद्यालय विकास मद में प्राप्त राशि से विद्यालय का विकास किया गया है। खेल मद में मिले राशि से खेल सामग्री के लिये ऑर्डर दिया गया है, जल्द ही विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध हो जायेगा। इस संबंध में पूछने पर बीईईओ विजय पांडेय ने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# सत्संग में जब तक महिलाएं विराजमान रहेंगी, तब तक धर्म ध्वजा का विनाश नहीं हो सकता: प्रपन्नाचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर मनाये जाने वाले चैत्र रामनवमी के अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर के बाल पुजारी श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में मंदिर परिसर में प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बिहार के बक्सर से आए कथावाचक प्रवचनकर्ता प्रपन्नाचार्य ने कहा कि सत्संग में जब तक देवी स्वरूप महिलाएं विराजमान रहेंगी,तब तक धर्मध्वजा का विनाश नहीं हो सकता। सत्संग में आने से चरित्र का निर्माण होता है। कहा कि धर्म सर्वोपरि होता है। धर्मो रक्षति रक्षितः, जब तक आप धर्म की रक्षा नहीं करेंगे तब तक आपका धर्म रक्षा नहीं करेगा। कहा की घर के माता जब तक प्रसन्न नहीं होंगी तब तक मंदिर के भगवान प्रसन्न नहीं हो सकते। कहा की धन संपत्ति बांटना हो तो बांट लो,लेकिन माता-पिता को कभी मत बांटना। भगवान समीक्षा से नहीं प्रतिक्षा से मिलते हैं। इसको जीवन में उतारें, आत्मसात करने कि जरूरत है। दुनिया में सबसे बड़ा ज्ञाता भगवान भोलेनाथ है,18 बार डमरू की धुन से निकलने वाले धुन इसका गवाह है। कहा की बाबा विश्वनाथ की कथा सुनने के लिए लोग पर्वतों पर चले जाते थे। लेकिन आज के समय में नजदीक में हो रहे सत्संग में भी लोग कथा श्रवण करने नहीं जा पाते हैं। एक प्रसंग के दौरान उन्होंने कहा कि पहाड़ अहंकार का प्रतीक होता है। भगवान भोलेनाथ ऊपर से उतरकर नीचे कथा सुनाने आते हैं, लेकिन मां भगवती गर्वाणवित होकर कथा सुनते नहीं गई। उसके बाद भगवान शिव ने उनका उनकी सारी डिग्रियां छीन ली। भगवान शिव और भगवान श्री रामचंद्र में अन्योनाश्रय संबंध है,वे एक दूसरे की पूजा करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है कि कथा सज्जनों के लिए होती है दूर्जनों के लिए नहीं। कहा कुसंगति वाले लोगों के संपर्क में नहीं रहना चाहिए, वर्ना आपकी संगति भी खराब हो जाएगी। शास्त्र कहता है कि बेटी के घर एवं भगवान के पास कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। जिसके जीवन में संतोष रूपी धन नहीं हो तो उसके सारे धन धूल के समान होते है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर रहे थे।



## स्पीड न्यूज

### मेराल में बाइक से तीन लाख रुपए बरामद


जांच करती पुलिस।

**मेराल।** आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एफएसटी टीम के द्वारा गुरुवार की देर शाम में चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान एक बाइक से तीन लाख रुपये जप्त किए हैं। उक्त राषि सीओ यशवंत नायक तथा थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में मेराल थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से बरामद किया गया है। इस संबंध मे सीओ ने बताया कि बरामद किया गया पैसा मेराल के सीएसपी संचालक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता का है। प्रशासन द्वारा बताया गया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान पचास हजार से अधिक नगद राशि लेकर चलना मनाही है। उक्त बरामद राशि को प्रशासन द्वारा गढ़वा ट्रेजरी में जमा कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र अपने सीएसपी में लेनदेन करने के बाद बचा हुआ पैसा मेराल बस स्टैंड स्थित अपने सीएसपी से पूवार्रा टोला अपने घर जा रहा था, इसी दौरान प्रशासन द्वारा जांच में उक्त राशि को जप्त किया गया।

### मारपीट में दो लोग घायल



**रमना।** प्रखंड के मड़वनिया पंचायत के कोरगा गांव में शुक्रवार सुबह पटीदारों में हुई मारपीट में एक ही परिवार के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल साइकिल से रमना थाना पहुंचे, घायल की गंभीर स्थिति देखते हुए थाना के एएसआई कमलेश कुमार सिंह तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करचा ले गये। जहां चिकित्सक अभिषेक कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अति पिछड़ा कोरगा ग्राम में महुआ फल चुनने और सुखी लकड़ी काटने को लेकर एक ही परिवार के लोगों में झगड़ा इतना बढ़ गया की वह खुनी संघर्ष का रूप ले लिया और एक पक्ष के लोगो द्वारा दूसरे पक्ष को घातक हथियार से मार कर दो लोगो को घायल कर दिया। धर्मेन्द्र कुमार पिता वशिष्ठ भूइयां को धारदार हथियार से गर्दन पर वार किया गया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया और वशिष्ठ भूइयां को सर पर मारा गया, जिससे वह घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे पुलिस अवर निरीक्षक कमलेश कुमार सिंह पीड़ितों से पूछताछ की और उपचार के बाद थाना आकर लिखित आवेदन देने को कहा। घटना के सम्बन्ध में प्रभारी थाना पुलिस निरीक्षक ऋषिकेश कुमार बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन दिया गया हैं, जांचोपरान्त कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में अनियंत्रित वाहन से कुचल कर एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के बीर कुंवर सिंह सेतु पर पड़ोसी जिला भोजपुर के सिनहा थाना क्षेत्र के कुदरिया गांव निवासी रामगोविन्द सिंह के पुत्र हरेंद्र कुमार सिंह (48) यातायात पुलिस के रूप में अपनी ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान किसी अनियंत्रित वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### तीसरी बार मोदी बनेगें पीएम : चिराग



**गया।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने नरेन्द्र मोदी के दस साल के कार्यकाल को उपलब्धियों भरा बताते हुए आज दावा किया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रचंड जीत दर्ज करेगा और श्री मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेगें। श्री पासवान ने शुक्रवार को गया संसदीय क्षेत्र के राजग उम्मीदवार और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजद नेता मीसा भारती द्वारा जेल भेजने वाले दिए गए बयान को लेकर कहा कि आखिर यह कैसी भाषा है। प्रधानमंत्री देश के गौरव हैं। इस तरह की भाषा से देश दुनिया में क्या संदेश जाता है। जिनके परिवार के कई लोगों के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप है, वे इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।

### नहाय-खाय के साथ बिहार में लोकआस्था का महापर्व चैती छठ शुरू

**पटना।** बिहार में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ आज नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। आस्था के महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान आज चैत्र शुक्ल चतुर्थी शुक्रवार को नहाय-खाय से शुरू हो गया।चैती छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने नहाय-खाय के संकल्प के तहत स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। महापर्व के दूसरे दिन श्रद्धालु पूरे दिन बिना जलग्रहण किये उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और उसके बाद एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आये तब तक पानी पीते हैं। इसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है।

# मझिआंव निवर्तमान अध्यक्षा ने डीसी को आवेदन देकर की नियमित रूप से बिजली देने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत निवर्तमान अध्यक्षा सुमित्रा देवी ने जिला उपायुक्त शेखर जमुआर एवं अधीक्षण अभियंता से मिलकर नगर पंचायत क्षेत्र में नियमित रूप से बिजली उपल्बध कराने के लिए आवेदन दिया। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिन पूर्व 30 मार्च को आंधी तूफान आने के कारण लहलहे-भगोडीह 220 केवीए संचारण लाइन के सात टावर ध्वस्त हो जाने के कारण विगत 13 दिनों से नगर पंचायत मझिआंव क्षेत्रांतर्गत विद्युत की आपूर्ति 24 घंटे में कुल मिलाकर 1-2 घंटे ही मिल रही है। जिससे इस भीषण गर्मी में आमलोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। साथ ही पेयजल की भी समस्या उत्तपन हो गई है, जबकि निकटवर्ती के निकायो यानी गढ़वा मुख्य शहर सहित अन्य प्रखंडों में बिजली काफी बेहतर है। तत्पश्चात बिजली विभाग के पदाधिकारी वरीय प्रबंधक ई. महेश्वर कुमार ने आश्वासन दिया कि कल से बिजली को बढ़ाया जाएगा और टावर निर्माण कार्य पूरा होने पर नियमित बिजली आपूर्ति पूरी की जायेगी। इस दौरान पवन कुमार गुप्ता, अमित वर्मा, चिंटू, परीखा, पिंटू खान उपस्थित थे। बताते चले कि कुछ दिनों से प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों ने चर्चा का विषय बनाया है कि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री के क्षेत्र में नियमित रूप से बिजली दी जा रही है और मझिआंव, विशुनपुरा, कांडी, बरडीहा सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में बिजली 1 से 2 घंटा ही दी जा रही है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि अन्य क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अगर हटिया क्षेत्र से आ रही बिजली के टावर गिर गया है तो फिलहाल रेहंडम से जोड़कर कम से कम 12 से 15 घंटा भी मझिआंव कांडी, बरडीहा क्षेत्र को मिल जाता तो किसानों, दुकानदारों सहित ग्रामीणों को भी लाभ होता। बिजली विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार रेहंडम से आ रही बिजली गढ़वा के क्षेत्रों में दिया जा रहा है इसलिए वहां नियमित रूप से लगभग 22 घंटे तक मिल रही है। और और सोन नगर से आ रही बिजली रेलवे को मिल रहा है उससे अधिक होने के बाद ही मझिआंव, कांडी, भवनाथपुर, विशुनपुरा, बरडीहा सहित अन्य प्रखंड को मिल रहा है। अभी क्षतिग्रस्त टावर को बनाने में महिनों का वक्त लग सकता है।


डीसी को आवेदन देती निवर्तमान अध्यक्षा सुमित्रा देवी।

### अररिया में तीसरे चरण में 7 मई को होगा वोटिंग

**अररिया।** तीसरे चरण में बिहार की 5 संसदीय सीटों के लिए चुनाव होगा। इसमें झंझारपुर, सुपौल,मधेपुरा, खगड़िया के साथ अररिया की सीट भी शामिल है। तीसरे चरण में होने वाले मतदान को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है,जो 19 अप्रैल तक चलेगी। जबकि नामांकन पत्रों की संविक्षा का काम 20 अप्रैल को होगा। वहीं नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। चुनाव लड़ने वाले वाले उम्मीदवारों के लिए प्रचार प्रसार की अंतिम तिथि 05 मई और मतदान 07 मई को होगा। जबकि 04जून को मतगणना होगा। अररिया के डीएम सह जिला निवार्ची पदाधिकारी इनायत खान ने प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं से निर्भीक और निष्पक्ष होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

### आइटी बिल्डिंग में काम कर रहे दो मजदूरों की मौत

**पटना।** राजधानी पटना के अटल पथ में निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों की शुक्रवार को मौत हो गयी। कार्य करने के दौरान मजदूर दब गए है। दोनों को आनन फानन में निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है, जहां चिकित्सकों ने दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया है। अटल पथ के निमार्णाधीन आईटी बिल्डिंग काम चल रहा है। निर्माण कार्य के लिए ट्रक से ग्रेनाइट पत्थर आया था जिसको उतारने के दौरान दोनों मजदूर दब गये। घटना की सूचना पर पाटलिपुत्र थाना की पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। घटना में मृतक मजदूरों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### जंगल राज खत्म कर बिहार में किया न्याय के साथ विकास : सीएम नीतीश कुमार

**नवादा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि हमने बिहार में जंगल राज को खत्म कर न्याय के साथ विकास किया है,जिसका कारण आज बिहारवासी चैन से खुलेआम सड़को पर घूम कर अपना कारोबार कर रहे हैं। नहीं तो शाम होते ही घरों से भी निकलना मुश्किल था। वे शुक्रवार को नवादा जिले के वारसलीगंज में लोकसभा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में चार लाख शिक्षकों को बहाल कर एक बड़ा काम किया है। हमारी सरकार कम से कम 10 लाख लोगों को नौकरी तथा रोजगार देने की व्यवस्था की है। इसलिए आप सबों से आग्रह है कि आप एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर को जिताकर नरेंद्र मोदी को 400 सांसदों से भी ज्यादा बहुमत दिलाकर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनवाएं। उन्होंने कहा कि हम लोग 2005 में सरकार में आए थे और 2006 से सारा काम शुरू हुआ। खाली याद रखिएगा, जो कम उम्र के लोग हैं, वो भूल गए हैं। अपने बाल-बच्चों को भी बताइए। 2005 से पहले बिहार में क्या हाल था। सीएम नीतीश ने लालू-राबड़ी राज के दिनों को याद दिलाया और उसे नहीं भूलने की सलाह दी।

### दो देशी राईफल, 2 कारतूस एवं 10 खोखा के साथ बलराम मंडल गिरफ्तार

**सहरसा।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरे क्षेत्र में पुलिस द्वारा अपराधियों की हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।वही अभियान चला कर अवैध हथियार कारोबाारियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है जिसके अंतर्गत दो देशी राइफल एवं जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार ने अपने कार्यालय वेश्म में प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया कर्मियों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ पतरघट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-जम्हरा चिनाही निवासी बलराम मंडल अवैध देशी राइफल एवं गोली रखता है।इस सुचना के सत्यापन एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर आलोक कुमार के नेतृत्व में ग्राम-जम्हरा चिनाही निवासी बलराम मंडल पिता किशुन मंडल के घर पर छापेमारी किया गया। छापामारी के दौरान उनके घर से 02 देशी राईफल एवं 02 जिन्दा कारतुस सहित 10 खोखा बरामद किया गया एवं बलराम मंडल को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पतरघट थाना में धारा-25 (1-बी) ए / 26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अपग्रेड राकृत महंत श्री रामचंद्रपुरी उवि में होगा 11वीं में नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र स्थित गरदाहा विद्यालय को हाल ही में जमा दो उच्च विद्यालय में अपग्रेड राजकीय कृत महंत श्री रामचंद्रपुरी उच्च विद्यालय गरदाहा में प्रारंभ होने वाले नए सत्र से 11वीं कक्षा में विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाएगा। राज्य सरकार के द्वारा इस आशय का निर्देश दिया गया है। सरकार के प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संकल्प संख्या 822 दिनांक 12 मार्च 2024 के तहत गढ़वा जिला के 11 माध्यमिक विद्यालयों के साथ राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्रपुरी उच्च विद्यालय गरदाहा को भी जमा दो उच्च विद्यालय (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) में उत्क्रमण की स्वीकृति दी गई है। इसके आलोक में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आगामी सत्र से विधिवत 11वीं कक्षा में नामांकन कर पठन पाठन कार्य का विधिवत संचालन कराना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया गया है। विद्यालय संचालन में किसी प्रकार की समस्या होने पर अगल-बगल के जमा दो उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क स्थापित कर नामांकन एवं शुल्क इत्यादि की जानकारी प्राप्त कर विद्यालय संचालन करना सुनिश्चित किए जाने की बात कही गई है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है। सरकार के निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने के ज्ञापांक 538 दिनांक 9 अप्रैल 2024 के माध्यम से प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है। प्लस टू हाई स्कूल गरदाहा के प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में अवस्थित अपग्रेड हाई स्कूल लमारी कला, अपग्रेड हाई स्कूल मोरबे, चंद्रशेखर दुबे उच्च विद्यालय राणाडीह तथा अपग्रेड हाई स्कूल सोहगाड़ा से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों से जमा दो उवि गरदाहा की ही 11वीं कक्षा में नामांकन कराने की अपील की है। कहा कि इस स्कूल में सभी सुविधाओं के साथ उत्तम अध्यापन की सुविधा उपलब्ध है। मालूम हो कि 60 वर्षों पूर्व काफी पिछड़े क्षेत्र में स्थापित महंत श्री रामचंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा में पिछले 18 वर्षों से जमा दो की कक्षाएं शुरू किए जाने को लेकर अथक प्रयास किया जा रहा था। सभी अहताओं को प्रारंभ से ही पूरा करने के बावजूद इस विद्यालय को जमा दो उच्च विद्यालय में उत्क्रमित नहीं किया जा सका था। इस वर्ष इस मांग को पूरी होने पर इलाके के लोगों में काफी खुशी है। नामांकन का निर्देश आने के बाद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।


राजकीय कृत महंत श्री रामचंद्रपुरी उच्च विद्यालय।

### एसएसबी ने नेपाली लड़की को मानव तस्कर से कराया मुक्त

**पूर्वी चंपारण।** जिले रक्सौल स्थित नेपाल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी मानव तस्कर रोधी इकाई नें एक नेपाली लड़की को मानव तस्कर से मुक्त कराते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि मिशन निर्भया के तहत मानव तस्करी रोधी इकाई द्वारा बरती जा रही विशेष सतर्कता के तहत सूचना मिली कि नेपाल से मैत्री पुल के रास्ते मानव तस्कर कुछ नाबालिग लड़कियों को भारत में ले जाने की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि सूचना के आलोक में मैत्री पुल पर विशेष नजर रखी जा रही थी।इसी दौरान हवलदार अरविंद द्विवेदी ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति जो एक नेपाली लड़की को साथ ले जा रहा था उसको रोक कर पूछताछ शुरू की तो उक्त व्यक्ति ने बताया कि वह लड़की उसकी पत्नी है। लड़की की मांग में सिंदूर देख कर व्यक्ति की बात सही लगी लेकिन संदेह होने पर जब लड़की की काउंसलिंग हुई तो दोनों के बयान में काफी भिन्नता पाई गई।

### बच्ची के साथ हैवानियत, दुष्कर्म के बाद हत्या

**अररिया।** जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना घटित हुई। शादी समारोह देखने के लिए गई छह साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उनकी हत्या कर दी गई और फिर शव को छिपाने के लिए उन्हें घने मकई के खेत में फेंक दिया गया। बच्ची रात में शादी समारोह में गई हुई थी। रातभर जब बच्ची घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। लेकिन कहीं पता नहीं चला।बाद में खेत के पास कुत्तों के भुंकने के बाद जब ग्रामीण वहां पहुंचे तो मकई के खेत में उनका शव मिला। जिसके बाद ग्रामीणों ने रानी गण थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। सूचना के बाद रानीगंज थानाध्यक्ष सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए।

# राजद ने छह महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा

**एजेंसी**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इस बार के लोकसभा चुनाव में छह महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा है, जिनमें से पांच पहली बार लोकसभा का चुनाव में अपनी तकदीर आजमायेंगी। राजद के टिकट पर इस बार के चुनाव में 23 प्रत्याशी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमायेंगे। राजद ने इस बार छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है। इनमें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की दो पुत्री मीसा भारती, रोहिनी आचार्य, बीमा भारती, रितु जायसवाल, अनिता देवी और अर्चना रविदास शामिल है। इनमें मीसा भारती को छोड़ अन्य पांच महिला शक्ति पहली बार लोकसभा के रण मे अपनी तकदीर आजमा रही हैं। लालू-राबड़ी की पुत्री राज्यसभा सांसद मीसा भारती तीसरी बार पाटलिपुत्रा संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने जा रही है। इससे पूर्व मीसा भारती ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में पाटलिपुत्रा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों बार उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार राम कृपाल यादव से हार का सामना करना पड़ा। इस बार के चुनाव में भी मीसा भारती का मुकाबला पूर्व केन्द्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल यादव से होगा। लालू-राबड़ी की दूसरी पुत्री रोहिणी आचार्य सारण संसदीय सीट, रूपौली की विधायक बीमा भारती पूर्णिया से, पूर्व मुखिया रितु जायसवाल शिवहर से, अनिता देवी मुंगेर और अर्चना रविदास जमुई (सु) सीट से पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी किस्मत आजमायेंगी। वर्ष 2019 के चुनाव मे महागठबंधन में शामिल राजद के टिकट पर तीन महिला शक्ति पाटलिपुत्र संसदीय सीट से मीसा भारती, पूर्व सांसद मोहम्मद शाहबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब, और नवादा से राजबल्लभ यादव की पत्नी विभा देवी ने चुनाव लड़ा लेकिन तीनों को कामयाबी नहीं मिली। इस बार के चुनाव में राजद ने पिछले चुनाव की तुलना में दुगनी छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है, देखना दिलचस्प होगा कि इनमें कितनी महिला शक्ति जोर दिखाकर बाजी अपने नाम करने में सफल होती हैं।



### विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**भागलपुर।** मिशन सुरक्षा के तहत जिले की सजौर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को 01 पिस्टल, 01 कट्टा, 07 कारतूस एवं विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को भागलपुर पुलिस को सूचना मिली की सजौर थाना के ग्राम फुलवरिया में एक व्यक्ति अवैध शराब का कारोबार करता है तथा हथियार भी रखता है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एंव पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यस्था के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। टीम ने छापेमारी करते हुए देशी पिस्टल, देशी कट्टा, कारतूस एवं विदेशी शराब के साथ भवेश कुमार सिंह को विधिवत गिरफ्तार किया। भवेश का आपराधिक इतिहास रहा है।

## पेज एक का शेष

### सीमा पर पुख्ता पहरा ...

पूर्वी सिंहभूम के समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में कोल्हान के आयुक्त हरि कुमार केशरी, डीआइजी, चौथे मनोज रतन के साथ उच्चस्तरीय संयुक्त बैठक में ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद थे। चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था के बेहतर को लेकर आपसी समन्वय पर चर्चा हुई। बैठक में सुंदरगढ़, मयूरभंज, क्योंझर (ओड़िशा), पुरूलिया, पश्चिम मेदनीपुर, झारग्राम(प. बंगाल) तथा झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, रांची, खूंटी, सिमडेगा के डीसी, एसएसपी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधि बैठक में मौजूद थे।

### तानाशाही, चंदा चोरों...

महारैली को लेकर सहयोगी दलों ने भी तैयारी शुरू कर दी हैं। कल्पना सोरेन ने इंडी गठबंधन की तमाम पार्टियों को महारैली में शामिल होने का न्यौता दिया है। रैली में आयी भीड़ को पाटने की रणनीति बनायी जा रही है। पांच लाख लोगों को भाग लेने की व्यवस्था मैदान में की जायेगी, ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

**चुनावी अभियान का आगाज होगा :** जानकारी के अनुसार महारैली में इंडिया गठबंधन के संयुक्त चुनावी अभियान का भी आगाज होगा। इंडी गठबंधन के नेताओं के निशाने पर मोदी सरकार और भाजपा होगी। महारैली और चुनावी तैयारियों को ले कर झामुमो प्रमुख गुरुजी के छोटे पुत्र व मंत्री बसंत सोरेन अपने बड़े भाई हेमंत सोरेन से मिलने होटवार जेल पहुंचे। पार्टी महासचिव विनोद पांडेय भी साथ थे। हेमंत और बसंत के बीच झामुमो के प्रत्याशी घोषित होने के बाद उभरी नाराजगी, चुनावी रणनीति, 21 अप्रैल को आयोजित न्याय उलगुलान महारैली, इंडिया गठबंधन के बीच चुनावी रणनीति और सीटों के बंटवारे को लेकर उपज रही विवाद पर चर्चा हुई।

**ऐतिहासिक होगी महारैली :** वहीं कांग्रेस ने कहा है कि महारैली झारखंड में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि मोदी- शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। विरोधियों को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजा जा रहा है। झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय न्याय उलगुलान महारैली के जरिये लिखा जायेगा। हेमंत सोरेन को फंसाये जाने झारखंड का आदिवासी समाज उद्धेलित है।

स्पीड न्यूज

## ईरान को हमले का जवाब देने के लिए अमेरिका तैयार

**वाशिंगटन।** ईरान के हमले का जवाब देने के लिए अमेरिका तैयार है। ईरानी हमले की बढ़ती आशंका के बीच कल अचानक एक अमेरिकी शीर्ष सैन्य कमांडर को बाइडेन प्रशासन ने इजराइल भेजा। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि इजराइल भेजे गए इस सैन्य कमांडर ने वहां के शीर्ष अधिकारियों के साथ ईरान को माकूल जवाब देने के लिए साझा रणनीति पर चर्चा की। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान बार-बार सीरिया में एक अप्रैल को हुए हमले के लिए इजराइल को दंडित करने की कसम खा रहा है। इस हमले में कई वरिष्ठ ईरानी कमांडर मारे गए थे। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि वह ईरान के किसी भी तरह के हमले को जवाब देने के लिए तैयार है। इजराइल ने भी अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है।

## गाजा पर इजरायल का हमला, 29 मरे

**गाजा।** इजरायली सैनिकों ने शुक्रवार को गाजा में एक आवासीय इमारत पर भीषण हवाई हमले किये जिसमें कम से कम 29 लोगों की मौत हो गयी और 12 से अधिक लोग घायल हो गये। आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एयरफोर्स ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। गाजा के दक्षिणी हिस्से खान यूनिस में अल-बलाद और अल-अमल से 13 के शव बरामद किए गए हैं।

## के. कविता 15 तक सीबीआइ हिरासत में

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को 15 अप्रैल तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की हिरासत में शुक्रवार को भेज दिया। राजधानी के राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआइ की ओर से पांच दिनों की हिरासत के अनुरोध पर विचार के बाद यह आदेश पारित किया। र्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल भाजपा में शामिल

## पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह भाजपा में हुये शामिल

**बाड़मेर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के भाजपा में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी हैं और शुक्रवार को पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल फिर भाजपा में शामिल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा से पहले इसी मंच पर श्री जसोल ने फिर से भाजपा का दामन थाम लिया। इस अवसर पर पूर्व आईएएस अधिकारी ललित के पंवार व महंत निर्मलदास भाजपा में शामिल हुए।

## आतंकी प्रभप्रीत सिंह दिल्ली में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** आतंकवाद के विरुद्ध चल रही मुहिम के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने आतंकवादी भर्ती करने, फंडिंग और सहायता करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। एसएसओसी अमृतसर ने जर्मनी आधारित संचालक प्रभप्रीत सिंह सिद्धू को दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में बताया कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में कुछ नामवर शख्सियतों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और इस काम को पूरा करने के लिए उसने अपने भारत आधारित साथियों को हथियार और वित्तीय सहायता की थी। पंजाब पुलिस ने इस मॉड्यूल के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किये।

# कांग्रेस गारंटी की नकल कर रही है भाजपा : खड़गे

▸▸ कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में सरकारों ने लागू किया है कई योजनाएं

**एजेंसी**

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कथित रूप से कई राज्यों में लागू की गई कांग्रेस की गारंटी की नकल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की तीखी आलोचना की। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोदी की गारंटी के नारे का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए भाजपा के आश्वासनों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आपकी (भाजपा की) गारंटी क्या है? अब वह (मोदी) मोदी की गारंटी कहते घूम रहे हैं। वह हमारी नकल कर रहे हैं। हमारे पास गारंटी योजनाएं हैं जिन्हें कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकारों ने लागू किया है। आपकी (भाजपा की) गारंटी कहां है? हमें बताएं। श्री खड़गे कलबुर्गी लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार राधाकृष्ण डोड़ामणि के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने मोदी को चुनौती दिया कि वह अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की शपथ लें और बताएं कि क्या उनकी पार्टी ने अपने घोषणापत्र में किए गए वायदों को पूरा किया है, जैसे कि रोजगार सृजन, किसानों की आय दोगुनी करना और नागरिकों के बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करना आदि।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कर्नाटक के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में विफल रही है और उस पर महंगाई और भ्रष्टाचारी-दागी लोगों को भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने और केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का हवाला देते हुए गरीबों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। श्री खड़गे ने इंडी गठबंधन के लिए समर्थन की एक अंतर्निहित अंतधार्रा का उल्लेख किया, बावजूद इसके कि यह स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने मोदी के व्यापक दौरों को इस अंतधार्रा का मुकाबला करने की कोशिश के रूप में व्याख्या की। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा नेतृत्व, विशेष रूप से मोदी और अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे भ्रष्ट लोगों को सफेदपोश बनाने के लिए अपनी शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं, भ्रष्टों को नहीं माफ करने के वादे के बावजूद जिन्हें उन्होंने अपनी पार्टी में शामिल किया है।



## आठ करोड़ घरों तक पहुंचा रही है पांच न्याय 25 गारंटी : रमेश

**एक करोड़ को यह दस्तावेज डिजीटली वितरित किया जायेगा**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव में अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज चुनावी घोषणापत्र पांच न्याय 25 गारंटी की आठ करोड़ प्रतियां घर-घर तक पहुंचा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि पांच न्याय 25 गारंटी घोषणा पत्र का वितरण आठ करोड़ घरों तक किया जा रहा है। इसके अलावा एक करोड़ नागरिकों को यह दस्तावेज डिजीटली वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घर-घर वितरित की जा रही आठ करोड़ प्रतियों के अलावा कांग्रेस पार्टी ने देश भर में कम से कम एक करोड़ लोगों को डिजिटल रूप से भी अपनी पांच न्याय 25 गारंटी को भेजा है। रमेश ने कहा कि देश में कांग्रेस की पांच न्याय 25 गारंटी का जबरदस्त स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अभी तक चुनावी घोषणा पत्र के लिए मात्र एक समिति का गठन कर पायी जबकि कांग्रेस अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें जो रिस्पांस मिला है वह अभूतपूर्व है। ऐसे समय में जब भाजपा ने अभी तक सिर्फ. एक घोषणापत्र समिति का गठन किया है, हम अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रहे हैं।

## रूस ने यूक्रेन के पावर प्लांट को किया नष्ट

**कीव।** रूसी मिसाइल हमले में यूक्रेन की राजधानी के बाहर ट्रिपिल्स्का थर्मल पावर प्लांट (टीपीपी) पूरी तरह से नष्ट हो गया है। रूस के मिसाइल और ड्रोन हमले में यूक्रेन के सबसे बड़े ऊर्जा संयंत्रों में से एक तबाह हो गया और अन्य इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि कीव, चकार्सी और जाइटॉमिर क्षेत्रों को बिजली की आपूर्ति करने वाले सबसे बड़े ऊर्जा संयंत्र ट्राइपिल्स्का पर कई बार हमला किया गया जिससे ट्रांसफार्मर और जनरेटर नष्ट हो गए और संयंत्र में आग लग गई।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मॉस्को मेंकहा कि यूक्रेन ने रूस के तेलशोधन प्रतिष्ठानों पर हमला किया था, जिसके जवाब में उसके ऊर्जा संयंत्र को तबाह किया गया है। ट्राइपिल्स्का संयंत्र से तीस लाख लोगों को बिजली की आपूर्ति की जाती थी।

# भारत के परमाणु हथियार खत्म करना चाहता है इंडी गठबंधन

### कांग्रेस ने घोषणा पत्र में लिखा है, देश के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे : मोदी

**कांग्रेस के शहजादे कहते हैं, हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे**

**एजेंसी**

**बाड़मेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडी गठबंधन के दल देश से परमाणु हथियार खत्म करना चाहते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर किसके दबाव में आपका गठबंधन हमारी परमाणु ताकत को खत्म करना चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी के पक्ष में बाड़मेर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ इंडी गठबंधन वाले कितनी नफरत से भरे हुए हैं, ये इनके घोषणा पत्र में नजर आता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में बंटवारे की गुनहगार मुस्लिम लीग की छाप नजर आती है। अब इस गठबंधन में शामिल एक और दल ने देश के खिलाफ बहुत खतरनाक ऐलान किया है। उन्होंने अपने घोषणा पत्र में लिखा है कि हम भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत जैसा देश, जिसके दोनों तरफ के देश के पास परमाणु हथियार हो, उस देश के पास से परमाणु हथियार समाप्त करने की घोषणा इनकी नीयत उजागर करता है। एक तरफ मोदी भारत को शक्तिशाली बना रहा है, दूसरी तरफ इंडी गठबंधन भारत को कमजोर करना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करने का चुनाव है। मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस हर उस काम का विरोध करती है जो देशहित में होता है। हम शक्ति की उपासना करते हैं लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि वो हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। मेरी माताओं-बहनों की ताकत तुम नहीं जानते। इस शक्ति को नष्ट करने वालों से मेरी माता-बहनें ही निपट लेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत को सिर्फ जमीन का टुकड़ा मानती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस आजकल एक पुराना रिकॉर्ड बजा रही है। चुनाव आते ही संविधान के नाम पर झूठ बोलना उनका फैशन है। कांग्रेस ने अंबेडकर को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, उन्हें चुनाव हरवाया, वो कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। ये मोदी है, जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया है। कांग्रेस ने संसद में संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था। ये बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान है।



## दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की हो रही साजिश : आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए एक बड़ी राजनीतिक साजिश रच रही है। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनकी सरकार को गिराने के लिए एक राजनीतिक साजिश है। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा। लेकिन दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और जनादेश के खिलाफ होगा।

आप की नेता के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राष्ट्रपति शासन का डर आम आदमी पार्टी को सता रहा है, जिसके पास विधानसभा में 62 विधायक हैं। सचदेवा ने केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की भी मांग की। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जो इस आशंका की ओर इशारा करती हैं।

# माफिया की गर्मी पूरी तरह शांत कर दिया गया : योगी

▸▸ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बोले-कुछ जेल में हैं तो कुछ जहन्नुम चले गये

▸▸ पहले चिल्लाकर उपद्रव करते थे, माइक ही हमने उतार दिये

**एजेंसी**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है। इनके सामने कांग्रेस नतमस्तक थी और सपा दुम दबाकर चलती थी, मगर आज इनमें से कुछ जेल में हैं तो कुछ जहन्नुम चले गये हैं। इनकी गर्मी को पूरी तरह से शांत कर दिया गया है। देवबंद में सहारनपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बंट चुका है। एक तरफ जातिवादी लोग हैं, दूसरी तरफ राष्ट्रवाद को समर्पित लोग हैं। एक तरफ सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाले हैं तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत माता का स्वाभिमान ऊंचा रहे, तेरा वैभव अमर रहे के भाव वाले लोग हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां से चिल्लाकर उपद्रव करते थे वो माइक ही हमने उतार दिये हैं। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। हमारा देश और हमारा धर्म ही हमारा राष्ट्रधर्म है। यह सुरक्षित है तो हम सुरक्षित रहेंगे। ये लोग जो जाति के नाम पर लड़ाने भिड़ाने का काम करते हैं और कालनेमी बनकर गुमराह कर रहे हैं उन्हें बजरंगी बनकर पहचानें। जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद का क्लेश हर डालिए और जनार्दन स्वरूप धारण कीजिए। आपका यही मंत्र होना चाहिए कि जो राम को लाए हैं, जो कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किये हैं।



# लोकतंत्र बचाने के लिए लड़ा जा रहा चुनाव : राहुल गांधी

**तिरुनेलवेली।** तमिलनाडु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए लड़ा जा रहा है। श्री गांधी ने शुक्रवार शाम पलायमकोट्टई में इंडिया समूह के उम्मीदवारों के समर्थन में एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि हम यह लड़ाई जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत में वैचारिक लड़ाई चल रही है। एक तरफ पेरियार के सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और समानता के विचार और दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के विचार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक देश, एक नेता और एक भाषा के हक में हैं। तमिल भाषा किसी भी अन्य भारतीय भाषा से कम नहीं है। देश में कई अलग-अलग भाषाएं, कई अलग-अलग परंपराएं, इतिहास और संस्कृतियां हैं और वे सभी हमारे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। तमिल और बंगाली के बिना, हमारे लोगों द्वारा बोली जाने वाली बड़ी संख्या में भाषाओं के बिना कोई भारत नहीं हो सकता।



## चुनाव बाद कांग्रेस हो जायेगी लुप्त : राजनाथ

**उधमसिंहनगर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के बाद लुप्त हो जायेगी। रक्षा मंत्री काशीपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का सैनिकों के प्रति विशेष लगाव है। हमारी सरकार ने वन रैंक वन पेंशन की व्यवस्था लागू की। जिसके तहत अब तक 1 लाख करोड़ पूर्व सैनिकों को हस्तांतरित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सीमा पर बसे गांवों को अंतिम गांव बता कर उनका विकास नहीं किया पर प्रधानमंत्री मोदी ने सीमांत गांव को पहला गांव बताकर उनमें बुनियादी ढांचों का विकास किया। राजग सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का कद ऊंचा हुआ है। भारत के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। भाजपा जो कहती है वह करती है।




## ज्ञानवापी में महिलाओं ने की मां श्रृंगार गौरी की पूजा

**वाराणसी। चैत्र नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार को ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद और ज्ञानवापी मां श्रृंगार गौरी केस से जुड़ी वादिनी महिलाओं, पक्षकार और अधिवक्ताओं ने श्रद्धालुओं के साथ मां श्रृंगार गौरी का दर्शन पूजन किया। इस दौरान हर-हर महादेव, जय माता दी के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा।**

## फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने पहले दिन कमाए 36 करोड़



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म ह्वबड़े मियां छोटे मियां ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 36.33 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हुयी है।

# 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान खरीदे जायेंगे

▸▸ रक्षा मंत्रालय से एचएएल को 65 हजार करोड़ का टेंडर जारी

▸▸ स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के लिए 97 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने टेंडर जारी कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए जारी टेंडर की कीमत 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है।

यह स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए सबसे बड़ा ऑर्डर होगा, क्योंकि 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए पिछला ऑर्डर 48 हजार करोड़ रुपये का था।

भारतीय वायु सेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे पर 03 फरवरी, 2021 को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षर हुए थे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति इसी साल से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायु सेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। वायु सेना को इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था।

वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दी थी। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है।

रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में एचएएल को निविदा जारी की गई थी और उन्हें इसका जवाब देने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 के अपने बेड़े को बदलने में मदद करेगा। वायु सेना की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये जा रहे एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं। एचएएल के मुताबिक अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी उत्तम राडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के राडार सिग्नल को बाधित करेगा। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से यह सुधार काफी महत्वपूर्ण है। तेजस एमके-1ए में युद्ध के लिए नजदीकी, बीवीआर और लंबी दूरी की बीवीआर बेहतर मिसाइलें होंगी। इसमें हवा से जमीन पर हमला करने के लिए 500 किलोग्राम एलजीबी और बिना गाइड वाले बम भी होंगे।



VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!